सुप्रभात
रांची, गुरुवार
28.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 136



12 अदिति हैदरी और सिद्धार्थ ने की दूसरी बार शादी

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# अबुआ सरकार
## का
# शपथ ग्रहण समारोह

**दिनांक: 28 नवंबर, 2024 | समय: अपराह्न 04 बजे**
**स्थान: मोरहाबादी मैदान, रांची**

**इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं**

## जोहार

विधानसभा चुनाव में झारखण्ड की जनता ने सोना झारखण्ड के निर्माण के लिए अनेकता में एकता का जो संदेश दिया है, वह ऐतिहासिक है, अद्भुत है, अविस्मरणीय है।

वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अबुआ सरकार पूरी संवेदनशीलता और नई ऊर्जा के साथ काम करेगी।

**आप सभी का बहुत-बहुत आभार, जोहार!**



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 340590 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

**खबर एक नजर में**

## कारोबारी विष्णु अग्रवाल मामले में हुई सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त कारोबारी विष्णु अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। जो पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 29 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 19 जुलाई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है।

## राहुल गांधी के मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मुकदमे में कोर्ट में पेशी से व्यक्तिगत छूट वाली याचिका पर एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए 7 दिसंबर की तारीख निर्धारित की गई है। मामले में शिकायतकर्ता की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता ने बीते 14 अगस्त को सीआरपीसी की धारा 205 के तहत याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। दरअसल 2018 में कांग्रेस अधिवेशन में राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी की थीए जिसको लेकर रांची में नवीन झा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी।।

## पहली-दूसरी जेपीएससी परीक्षा की जांच के लिए दाखिल पीआईएल पर 15 जनवरी को सुनवाई

**रांची।** पहली और दूसरी जेपीएससी समेत अन्य परीक्षाओं की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में हाईकोर्ट 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। दरअसल, इन तमाम परीक्षाओं में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बुद्धदेव उरांव ने 2008 में जनहित याचिका दाखिल की थी। इस मामले में जांच पूरी की जा चुकी है।

## सेवा नियमित करें, अनियमित नियुक्ति की हानिकारक प्रथा जारी नहीं रखी जा सकती : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक फैसले में राज्य सरकार को एक अपीलकर्ता की सेवा को नियमित करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि अनिश्चितकालीन अनियमित नियुक्ति की हानिकारक प्रथा को जारी नहीं रखा जा सकती। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने 10 साल बाद उस क्लर्क को नियमित करने का आदेश दिया है, जिसे 2008 से दैनिक वेतन के आधार पर और बाद में संविदा के आधार पर कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में नियुक्त किया गया था। राजेश कुमार वर्मा ने सिंगल बेंच के फैसले को डबल बेंच में चुनौती दी थी।

## रिश्वतखोर एएसआई को कोर्ट ने दोषी करार दिया, फैसला आज

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने रिश्वत मामले में ट्रायल फेस कर रहा लोहरदगा के कुडू थाना के तत्कालीन एएसआई सेवेयान सुरीन को दोषी करार दिया है। उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 28 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। दोषी पाये जाने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद 19 सितंबर को फैसले की तारीख निर्धारित की थी। उस दिन अभियुक्त कोर्ट पहुंचा, लेकिन, फैसला सुनाने के पूर्व वहां से फरार हो गया था। गिरफ्तार होने के बाद मामले में फैसला आया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने एक हजार रुपये रिश्वत लेते 22 फरवरी 2017 को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत मो. अब्दुल रशीद नामक व्यक्ति से बाइक को छोड़ने के एवज में ले रहा था। थाने में जब्त बाइक को कोर्ट ने छोड़ने का आदेश दिया था। बावजूद छोड़ने के एवज में अभियुक्त एक हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। सूचक ने इसकी शिकायत एसीबी एसपी से की थी। इसके बाद धावा टीम गठित कर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार सेवेयान सुरीन को गिरफ्तार किया गया था।

### निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी पर दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची राज्य सरकार

# राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवघर हवाई अड्डे पर कथित रूप से सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर उड़ान भरने के मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को झारखंड हाईकोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने के आदेश को झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।







हाईकोर्ट ने इस आधार पर एफआईआर रद्द कर दी थी कि विमान (संशोधन) अधिनियम, 2020 के अनुसार इस मामले में जांच के लिए कोई पूर्व मंजूरी नहीं ली गई थी। झारखंड सरकार की ओर से बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दलील दी गई कि इस मामले में जांच जारी रखने के लिए संबंधित अथॉरिटी से सैंक्शन लेने की आवश्यकता नहीं है। इस पर बेंच ने झारखंड सरकार को उन आदेशों की कॉपी दाखिल करने को कहा, जिसमें जांच जारी रखने के लिए संबंधित अथॉरिटी से सैंक्शन लेने की जरूरत नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी की तरफ से पेश वकील ने कहा कि इस तरह के मामले में जांच जारी रखने के लिए संबंधित अथॉरिटी से सैंक्शन लेना पड़ता है और इसी आधार पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला दिया था। सुप्रीम कोर्ट में अब इस मामले में 18 दिसंबर को अगली सुनवाई होनी है।

देवघर एयरपोर्ट से निजी विमान के उड़ान पर विवाद की यह घटना 31 अगस्त 2022 को हुई थी. इस मामले में देवघर एयरपोर्ट की सिक्योरिटी में तैनात डीएसपी सुमन अमन की शिकायत पर देवघर के कुंडा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने देवघर हवाई अड्डे पर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने एटीएस पर शाम में निजी विमान को उड़ान भरने के लिए दबाव बनाया था।

वहीं सांसद निशिकांत दुबे ने इस एफआईआर के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई के बाद 13 मार्च 2023 को हाईकोर्ट ने निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी, कपिल मिश्रा सहित नौ लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया था।

### मंत्री बनने की रेस में हैं पलामू के दो विधायक

# हेमंत पार्ट-2 की आज से शुरूआत पलामू के विधायकों की बढ़ी आस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की नयी सरकार गुरुवार को शपथ लेगी। नयी सरकार में पलामू को भी काफी उम्मीदें हैं। पलामू की निगाहें हेमंत सोरेन की नई कैबिनेट पर टिकी हैं। 2014 के बाद से पलामू से कोई भी विधायक झारखंड सरकार की कैबिनेट में शामिल नहीं हुआ है। वहीं इस बार भी सबकी निगाहें इसी बात पर टिकी हैं कि पलामू से किसी विधायक को नई सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिलती है या नहीं, एक-दो नाम रेस में भी हैं। मालूम हो कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार और एनसीपी के विधायक ने एक सीट जीती थी। 2024 में स्थिति बदल गई, दो सीटों पर राजद और एक सीट पर कांग्रेस विधायक चुने गए हैं। छतरपुर विधानसभा सीट से राधाकृष्ण किशोर छठी बार विधायक चुने गए हैं। लंबे समय के बाद पलामू के इलाके में राष्ट्रीय जनता दल फिर से मजबूती से उभरी है। हुसैनाबाद से संजय कुमार सिंह यादव और विश्रामपुर से नरेश प्रसाद सिंह चुनाव जीते हैं।

### मंत्री पद की दौड़ में पलामू से दो विधायक





राष्ट्रीय जनता दल के संजय कुमार सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष हैं और हुसैनाबाद से विधायक चुने गए हैं। पलामू इलाका राष्ट्रीय जनता दल का गढ़ रहा है। पलामू के लोगों को उम्मीद है कि पलामू इलाके से संजय कुमार सिंह यादव को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। वहीं इस बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर राधाकृष्ण किशोर छठी बार विधायक बने हैं। पलामू दलित और ओबीसी राजनीति का बड़ा केंद्र है। राधाकृष्ण किशोर दलित वोट बैंक को मजबूत कर सकते हैं जबकि संजय कुमार सिंह यादव ओबीसी के वोट बैंक को मजबूत कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी 2014 से लगातार पलामू इलाके में ओबीसी कार्ड खेल रही है।

### पलामू से आखिरी मंत्री थे चंद्रवंशी

2014 में बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पलामू से आखिरी मंत्री थे। उसके बाद से पलामू के किसी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया। इस बारे में राष्ट्रीय जनता दल के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान ने कहा कि पलामू को मंत्रिमंडल में जगह मिलनी चाहिए। पलामू ओबीसी और दलित राजनीति का बड़ा केंद्र है। 2019 में यहां से कोई विधायक नहीं था, लेकिन 2024 में महागठबंधन के तीन विधायक हैं। 2009 की सरकार में केएन त्रिपाठी और ददई दुबे पलामू से मंत्री रह चुके हैं।

### पिछली सरकार में गढ़वा और लातेहार से दो विधायक बने थे मंत्री





2019 में पलामू जिले से कोई विधायक मंत्री नहीं बना था, लेकिन पलामू प्रमंडल के अन्य दो जिलों से हेमंत सोरेन की सरकार में दो मंत्री चुने गए थे। गढ़वा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक मिथिलेश ठाकुर मंत्री बने थे, जबकि लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम सरकार के आखिरी दिनों में मंत्री बने थे। बैद्यनाथ राम और मिथिलेश ठाकुर 2024 में चुनाव हार गए हैं। जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि मिथिलेश ठाकुर की जगह भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ले सकते हैं, जबकि बैद्यनाथ राम की जगह राधाकृष्ण किशोर या संजय कुमार सिंह यादव को मंत्री बनाया जा सकता है।

## कार्यवाहक सीएम ने शहीद सोबरन सोरेन को दी विनम्र श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को शहीद सोबरन सोरेन के 67वें शहादत दिवस पर लुकैयाटांड, नेमरा, गोला में शहीद स्थल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज के दिन प्रत्येक वर्ष हम सभी लोग एकत्र होकर शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस पर उन्हें याद कर नमन करते हैं। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आगामी 28 नवम्बर 2024 को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा। आप सभी को शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित करता हूं। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, ममता देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कार्यवाहक सीएम ने विधायक योगेन्द्र प्रसाद के पिता को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को नवनिर्वाचित गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के चितरपुर स्थित आवास पहुंचकर उनके पिता स्व विश्वनाथ महतो के ब्रम्हभोज संस्कार में सम्मिलित हुये। मुख्यमंत्री ने दिवंगत स्व विश्वनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने योगेंद्र प्रसाद एवं उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि विगत 16 नवंबर 2024 को विधायक योगेंद्र प्रसाद के पिता विश्वनाथ महतो का निधन हो गया था।

## तत्कालीन मंत्री बेबी देवी ने सुरक्षा गार्ड किया वापस, जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की तत्कालीन उत्पाद मंत्री बेबी देवी ने बुधवार को अपनी सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों की सेवा सरकार को वापस कर दी है। सेवा वापस करने से पूर्व उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। बेबी देवी ने कहा कि उनकी सुरक्षा में समर्पित होकर चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले बेटों को विदा करने का यह भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि आप सभी की आवश्यकता अब कहीं और है। परंतु आप सभी सदा के लिए हमारे परिवार के सदस्य बने रहेंगे। मंत्री ने सभी जवानों को भविष्य के लिए असीम शुभकामनाएं भी दीं।

मालूम हो कि डुमरी विधायक और मंत्री जगरनाथ महतो का कोरोना काल के बाद असामयिक निधन हो गया था। इसके बाद उपचुनाव में उनकी पत्नी बेबी देवी ने जीत हासिल की थी और सरकार में मंत्री बनायी गयी थीं। बीते दिनों विधानसभा चुनाव में वे जेकेएलएम के जयराम महतो से चुनाव हार गयी हैं। ऐसे में अब उन्हें प्रावधान के मुताबिक सुरक्षा गार्ड की सेवाएं सरकार को वापस करनी पड़ीं। अब उन्हें पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक के तौर पर ही जरूरी सुविधाएं मिलेंगी।

**AFFIDAVIT**

I, Kiran Lakra wife of No 4266856-N, Ex Naik Name Kamil Kujur, resident of VILL- Aigu, PO- Barahi, PS-Netarhat, Dist-Latehar, Jharkhand have Change my name from kiran kujur to kiran Lakra & Date of Birth is 20/02/1966 vide affidavit No.38698 deted 8-10-2024 before the court of Ranchi.

## बर्खास्त जेई राम बिनोद सिन्हा से जुड़े मामले में फैसला 30 को

**रांची।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर स्वीकृति 248 योजनाओं के लिए आवंटित करोड़ों रुपये की राशि गबन मामले के मास्टर माइंड खूंटी जिले के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के बर्खास्त कनीय अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा से जुड़े एक मामले में 30 नवंबर को फैसला आयेगा। अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात फैसले की तारीख 30 नवंबर निर्धारित की है। मामले में बहस करने के लिये जेल में बंद आरोपी राम बिनोद प्रसाद सिन्हा भी कोर्ट आया था। यह फैसला 14 साल बाद आ रहा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मनरेगा घोटाले को लेकर अक्तूबर 2010 में खूंटी थाने में दर्ज कई केसों को टेक ओवर किया है।

**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, राँची**

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 81/24-25

1. विभाग का नाम :- उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :- विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- दिनांक 10/12/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :- दिनांक 11/12/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 11/12/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष, राँची./विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :- विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सूचना भवन, रॉची मे अधिष्ठापित 02 अदद 10 person capacity लिफ्ट (Make-Kone) के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,44,047-00 | 750-00 | 9,000-00 | एक वर्ष |
| 2. | प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा रॉची के कैंटीन भवन में अधिष्ठापित 2 अदद लिफ्ट (OTIS) के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। (तीन वर्षों हेतु) | 7,80,777-00 | 1250-00 | 16,000-00 | तीन वर्ष |
| 3. | राजभवन, रॉची में अधिष्ठापित 1 अदद लिफ्ट (Make- OTIS, Machine No.-B003317) के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 5,70,761-00 | 1250-00 | 12,000-00 | तीन वर्ष |
| 4. | मदरा मुण्डा राजकीय अतिथिशाला, रॉची में अधिष्ठापित 01 अदद लिफ्ट (Make- Schindler) के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 3,89,719-00 | 750-00 | 8,000-00 | तीन वर्ष |
| 5. | व्यवहार न्यायाल, जमशेदपुर स्थित 01 अदद 20 पैसेनजर लिफ्ट (Make- Thyseen Krupp) का मरम्मति का कार्य। | 6,36,858-00 | 1250-00 | 13,000-00 | 21 दिन |
| 6. | सेक्टर-2, धुर्वा, रॉची स्थित कैबिनेट (निर्वाचन) विभाग में स्थित 1 अदद लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य।(तीन वर्षों के लिए) | 4,21,363-00 | 750-00 | 9,000-00 | तीन वर्ष |
| 7. | रातू रोड, रॉची स्थित स्टेट इलेक्शन कमिशन कार्यालय में अधिष्ठापित 01 अदद लिफ्ट (Make- OTIS, Machine No.-Q003000) के तीन वर्षों के लिए वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 4,92,334-00 | 750-00 | 10,000-00 | तीन वर्ष |
| 8. | माननीय मुख्यमंत्री आवास, रॉची स्थित 01 अदद 8 पैसेन्जर लिफ्ट का तीन वर्षो के लिए (Make- OTIS, Machine No.-R007998) वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 6,42,777-00 | 1250-00 | 13,000-00 | तीन वर्ष |
| 9. | इंदिरा पैलेस हिनू पिछे स्थित आवास सं0 D4 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं सचिवालय कॉलोनी हिनू रॉची स्थित आवास सं0 C13/24-C18/24, ब्लॉक A एवं ब्लॉक C25-30 में मेन स्वीच, बसबार, सर्विस केबल, आउटर लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 6,34,360-00 | 1250-00 | 13,000-00 | 28 दिन |
| 10. | हजारीबाग स्थित रजिट्री कार्यालय में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 8,59,080-00 | 1250-00 | 18,000-00 | 28 दिन |
| 11. | आड्रे हाउस, रॉची स्थित C टाईप क्वार्टर संख्या ब्लॉक 1/C3, ब्लॉक-2/C4 एवं ब्लॉक-5/C3 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,23,090-00 | 750-00 | 9,000-00 | 21 दिन |
| 12. | लातेहार स्थित पुराना सर्किट हाउस, में पाथ, गार्डेन एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,41,566-00 | 1250-00 | 17,000-00 | 28 दिन |
| 13. | होटवार, रॉची स्थित फॉरेन्सिक लैब के विभिन्न रूम मे कम्प्युटर वायरिंग एवं डायरेक्टर कक्ष रूम एवं लैब में अर्थिंग अधिष्ठापन का कार्य। | 5,60,336-00 | 1250-00 | 12,000-00 | 28 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 340589 Energy (24-25)_D


## झारखंड में चक्रवाती तूफान का दिखेगा असर, आज छाये रहेंगे आंशिक बादल

■ तीन दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। अब राज्य में चक्रवाती तूफान का असर दिखेगा। तीन दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। गुरुवार के मौसम के मिजाज की बात करें तो सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रह सकता है या धुंध रह सकती है। इसके बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। रांची के आस-पास के इलाकों का मौसम भी इसी तरह रहने का अनुमान है।

### पश्चिम बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन



वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन है। अगले दो दिन बाद ये तमिलनाडु के तट के आस-पास पहुंचेगा। इसका असर झारखंड में भी दिखेगा। दो से तीन दिन बाद न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दिखेगी और अधिकतम तापमान में एक-दो डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है। चक्रवाती तूफान का असर 1-2 दिसंबर तक झारखंड में दिखेगा। इसके बाद फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

### न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं

झारखंड में पारा गिरने से कनकनी बढ़ी है। पश्चिम बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन बनने से चक्रवाती तूफान का असर झारखंड में दिखेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी है कि आनेवाले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखेगा। उसके बाद उसमें दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी दिखेगी। अधिकतम तापमान की बात करें तो दो से तीन दिनों में इसमें भी कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखेगा। इसके बाद उसमें दो डिग्री तक गिरावट दिख सकती है।

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी आदिवासी वोटरों को रिझाने में रहे असफल

# भाजपा के खैरख्वाहों ने डुबोयी उसकी चुनावी नैया

■ झारखंड में ऊर्जावान चेहरे पर दांव लगाने की तैयारी में भाजपा

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की पेशकश की है। हालांकि, श्री मरांडी के इस्तीफे पर अभी फैसला होना बाकी है। बावजूद इसके भाजपा ने झारखंड इकाई के लिये किसी उर्जावान चेहरे की तलाश शुरू कर दी है।

सूत्रों के अनुसार आगामी तीन दिसंबर को नयी दिल्ली में प्रदेश के दिग्गजों की शीर्ष नेतृत्व के साथ अहम बैठक है। इस बैठक में हार की समीक्षा की जायेगी। सूत्रों के अनुसार नये साल के जनवरी माह में पार्टी में व्यापक फेरबदल की संभावना है। साथ ही, पार्टी के झारखंड इकाई का नेतृत्व परिवर्त्तन संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने अपने स्तर में हार की समीक्षा शुरू कर दी है।

जानकार बताते हैं कि विधानसभा चुनाव में भाजपा के खैरख्वाहों ने भी चुनावी नैया डुबो दी है। आयातित नेताओं की युगलबंदी को आम जनता ने पूरी तरह नकार दिया। बाबूलाल मरांडी भी आदिवासी वोटरों को रिझाने में पूरी तरह असफल रहे। जानकार बताते हैं कि कुल 28 एसटी आरक्षित सीटों में से सिर्फ एक सीट पर ही भाजपा अपना झंडा लहरा सकी है। सरायकेला से भाजपा के चंपई सोरेन ही सीट बचा सके। बाबूलाल मरांडी के अलावा पूर्व सीएम चंपई सोरेन, लोबिन हेम्ब्रम, गीता कोड़ा, सीता सोरेन भी चुनाव में कुछ असर नहीं डाल सके। इसलिये, पार्टी अब हर पंचायत एवं गांव से फीडबैक लेकर नया प्लान तैयार करने में जुटी है।

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा को झारखंड में झटका लगा तो आनन-फानन में नये चेहरे की तलाश आलाकमान ने आरंभ की थी। काफी प्रयास कर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का भाजपा में विलय कराया गया। श्री मरांडी ने पूरे प्रदेश में पदयात्रा कर भाजपा में नयी जान फूंकने की कोशिशें की थी। भाजपा आलाकमान ने श्री मरांडी को फ्री हैंड दिया था। बावजूद इसके विधानसभा चुनाव का परिणाम भाजपा के लिये काफी निराशाजनक है। जाहिर है कि चुनाव परिणाम पक्ष में नहीं आने के बाद अब हार का ठीकरा बाबूलाल मरांडी पर फोड़ा जा रहा है लेकिन, जानकारों का दावा है कि भाजपा के खैरख्वाहों ने भी पार्टी की लुटिया डूबोयी है। इसमें तमाम हवा-हवाई नेताओं को दोषी माना जा सकता है। राज्य में आदिवासी सुरक्षित 28 में से 27 सीटें हारने के बाद पार्टी के लिए सामान्य और ओबीसी राजनीति पर अधिकाधिक फोकस करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। ऐसे में फिर से कई विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। भाजपा के झारखंडीकरण की मांग नये सिरे से उठने लगी है। इसके लिए तमाम उपाय किये जाने पर जोर दिया जा रहा है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
28.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 136



## न्यूज डायरी

### विपक्ष का भारी हंगामा जारी, नहीं चली संसद

**नयी दिल्ली।** कई मुद्दों पर लगातार हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवारी कई बार स्थगित करनी पड़ी। यूपी के संभल में हुई हिंसा को लेकर लोक सभा की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा में यही स्थिति रही। दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति, यूपी के संभल, मणिपुर में हिंसा तथा अडानी मामले पर हंगामा जारी रहा। सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी।

### नक्सली मंशा नाकाम पांच केन बम निष्क्रिय

**गुमला।** पुलिस ने पांच केन बम बरामद कर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों द्वारा पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की मंशा को नाकाम कर दिया। मंगलवार को पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला थाना क्षेत्रके आंजन हिरनाखांड़ जंगल में नक्सलियों द्वारा पुलिस को क्षति पहुंचाने की नीयत से केन बम बिछाया गया है। इस सूचना पर गुमला पुलिस तथा एसएसबीके संयुक्त टीम का गठन कर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पाये गये दो-दो किलो के 05 जिन्दा केन बम मिले। उसे बुधवार को नष्ट कर दिया गया।

### बाबूलाल ने अध्यक्ष पद छोड़ने की पेशकश की

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं होने की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए बाबूलाल मरांडी ने अध्यक्ष पद छोड़ने की केंद्रीय नेतृत्व से पेशकश की है। चर्चा है कि अपनी इच्छा से उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अवगत करा दिया है। पार्टी का टार्गेट यहां बहुमत हासिल करते हुए सरकार बनाने का था जबकि वह लक्ष्य से बहुत दूर रह गया।

### सोशल मीडिया बेलगाम: वैष्णव

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करने वाले मौजूदा कानूनों को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता है। वह लोकसभा में प्रश्नकाल में इस विषय पर भाजपा के अरुण गोविल के एक प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के युग में रह रहे हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रेस के पारंपरिक रूप जो कभी जवाबदेही और सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संपादकीय जांच एवं नियंत्रण पर निर्भर थे, समय के साथ अब इसमें कमी आयी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 92000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# हेमंत की आज चौथी ताजपोशी

## राहुल, पवार, ममता सहित कई नेता बनेंगे गवाह, मंत्रिमंडल का विस्तार शीघ्र



### जोहार!

करोड़ों झारखण्डवासियों के स्नेह और आशीर्वाद के साथ फिर से झारखण्ड में अबुआ सरकार का गठन हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

अबुआ सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम दिनांक 28 नवंबर 2024 को अपराह्न 4:00 बजे रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। आप सभी का इस कार्यक्रम में हार्दिक स्वागत है।

**धन्यवाद, जोहार ।**
**हेमंत सोरेन**

### आज अकेले ले सकते हैं शपथ

अभी तक आधिकारिक रूप से कैबिनेट का आकार तय नहीं हो पाया है। इसलिए इस बात की पूरी संभावना है कि हेमंत सोरेन अकेले ही मुख्यमंत्री पद की शपथ लें, क्योंकि गठबंधन के सहयोगियों को संतुष्ट रखना उनकी जिम्मेदारी है। एक और बड़ी वजह यह है कि अभी तक सीट शेयरिंग के फामूर्ले को सार्वजनिक नहीं किया गया है। 2019 में झामुमो, कांग्रेस और राजद ने मिलकर चुनाव लड़ा था। तब झामुमो को सीएम समेत सात, कांग्रेस को चार और राजद को एक मंत्री पद मिला था। हालांकि इस बात की भी पूरी संभावना है कि सांकेतिक तौर पर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस और राजद कोटे से एक-एक मंत्री शपथ ले सकते हैं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडिया गठबंधन की शानदार जीत के बाद विधायक दल के नेता बने हेमंत सोरेन 28 नवंबर को शाम चार बजे रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। हेमंत की इस चौथी ताजपोशी के गवाह बनेंगे राहुल गांधी, शरद पवार, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव समेत कई दिग्गज नेता। अभी तक मंत्रियों के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लगने के कारण स्त्री सोरेन अकेले शपथ ले सकते हैं। नयी सरकार के मंत्रिमंडल का गठन भी शीघ्र होगा तब अन्य सदस्यों को शपथ दिलायी जायेगी।

**मोरहाबादी मैदान सजधज कर तैयार :** भव्य शपथ ग्रहण समारोह को ले कर मोरहाबादी मैदान सजधज कर तैयार है। कार्यवाकह सीएम हेमंत ने बुधवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग समारोहस्थल पर जा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवस्यक निर्देश भी दिये। मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव अमिताभ कौशल, रांची के उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। हेमंत सोरेन ने नयी दिल्ली जाकर पीएम मोदी समेत कई दिग्गजों को आमंत्रित किया है।

### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे दिग्गज

मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए और आने वाले वीआईपी गेस्ट के लिए विशेष तैयारी की गयी है। सभी वीआईपी गेस्ट के लिए स्पेशल कारकेड तैयार है। जिन अति विशिष्ट अतिथियों के आने की सूचना मिली है उसमें बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार, तेलंगाना के सीएम और मेघालय के सीएम शामिल हैं। वहीं गेस्ट लिस्ट में मनीष सिसोदिया, तेजस्वी यादव, डीके शिवाकुमार, उदय स्टालिन, महबूबा मुफ्ती, उद्धव ठाकरे, कपिल सिब्बल, दीपांकर भप्ताचार्य, नवीन पटनायक के नाम भी शामिल हैं।

**सभी मेहमान राजकीय अतिथि :** शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होनेवाले सभी अतिथियों को राजकीय अतिथि घोषित किया गया है। मंत्रिमंडल समन्वय विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस, राजद और माले के वरीय नेता पहुंचेंगे। हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली जाकर पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता दिया है।

### समारोह में दिखेगी सोहराई पेंटिंग

मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड की पारंपरिक पेंटिंग भी देखने मिलेगी।



दरअसल, मुख्य स्टेज के सामने सोहराई पेंटिंग बनायी गयी है। यह सांसदों और विधायकों सहित आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। यें पेंटिग तीन स्थानों पर बनीं हैं। पहला वीआईपी लोगों के प्रवेश द्वार के सामने है, जिसमें आदिवासियों के पर्व त्यौहार में खोड़हा नृत्य करते दिखाया गया है। दूसरी पेंटिग मुख्य स्टेज के सामने चित्रित है, जिसमें प्रकृति सौंदर्य की तस्वीर दिखेगी। इसके साथ जनजातियों के संग हरा-भरा पेड़ भी पेंटिग में बने हैं। हाथी, हिरण, पशु, मछली, गाय, सांपऔर पक्षी आदि बनाई गई है। सोहराई पर्व पर आधारित सभी दीवारों पर चित्रित किया गया है। हजारीबाग की रुकमनी देवी की टीम ने इसे पूरा किया है। टीम में सुषमा देवी, अंजली देवी, पूजा कुमारी, दीपा कुमारी और माही कुमारी ने बारीकी से दीवार पर पेंटिंग को ऊकेरा है।

# मारा गया 15 लाख का इनामी नक्सली

## लातेहार : आपसी रंजिश में छोटू खरवार को साथियों ने मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/बरवाडीह।** 15 लाख का इनामी टाप नक्सली कमांडर छोटू खरवार उर्फ सुजीत वर्चस्व की लड़ाई में मारा गया। उसका नाम एनआइए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआइए ने भी उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था। यह घटना लातेहार जिले के नवाडीह में मंगलवार की देर रात हुई है। खरवार 100 से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त था।

**14 जवानों की हत्या में था शामिल :** वर्ष 2013 में आइइडी ब्लास्ट कर 14 जांबाज जवानों को मौत के घाट उतारने में छोटू भी शामिल था। जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादियों के बीच किसी मामले को लेकर पिछले कुछ समय से आपसी रंजिश चल रही थी। मंगलवार की रात इसी रंजिश को सुलझाने के लिए बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत के भीमपांव नामक जंगल में माओवादी एकत्रित हुए थे। विवाद सुलझने की बजाय और बढ़ता ही चला गया। इसी क्रम में माओवादी साथी ने ही छोटू खरवार पर गोली चला दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हत्या के बाद सभी माओवादी उसका शव जंगल में ही छोड़कर फरार हो गये।

**पेट में बम होने की आशंका, जांच जारी :** मारे गये छोटू खरवार के पेट में बम ट्रांसप्लांट की आशंका है। कुछ ऐसे निशान मिले हैं, जिसके बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम हाई अलर्ट पर है।



### आतंक का दूसरा नाम था छोटू

लाल आतंक का दूसरा नाम छोटू खरवार माओवादियों का शीर्ष नेतृत्वकर्ताओं में में से एक था। कोयल- शंख जोन का इंचार्ज था। इसके नाम से ही लोगों में दहशत का माहौल बन जाता था। सुरक्षाबलों द्वारा बूढ़ा पहाड़ पर अभियान ऑक्टोपस के बाद माओवादी संगठन की कमान मुख्य रूप से छोटू खरवार ने ही संभाला था। उस पर सौ से इधक मामले दर्ज थे। पलामू के डीआइजी वाइएस रमेश ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद में छोटू खरवार की हत्या की गयी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद हत्या की स्पष्ट जानकारी हो पायेगी।

## महायुति की आज बैठक, महाराष्ट्र के नये सीएम का होगा फैसला

# भाजपा का हर फैसला मंजूर : शिंदे

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर महायुति में रस्साकस्सी के तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा है कि वह भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ हैं और सीएम के बारे में वह जो भी फैसला करेंगे उन्हें मंजूर है। बुधवार को ठाणे में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि उनकी तरफ से सरकार के गठन में कोई बाधा नहीं है। श्री शिंदे ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को टेलीफोन करअपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। इससे अब राज्य में मुख्यमंत्री के चयन को लेकर सभी अटकलबाजियों पर विराम लग गया है। उम्मीद है भाजपा से ही कोई अगला सीएम बने।

**महायुति की आज बैठक :** गुरुवार को दिल्ली में महायुति नेताओं की बैठक है, जिसमें भाजपा आलाकमान के भी शामिल होने की उम्मीद है। बैठक में महाराष्ट्र के नये सीएम के नाम पर मुहर लग सकती है। कयास है कि प्रदेश में अगला सीएम भाजपा का होगा। बैठक में देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार शामिल हो रहे हैं।

### कब क्या-क्या कहा था एकनाथ ने



रिजल्ट आने के फौरन बाद श्री शिंदे ने पहली प्रतिक्रिया में कहा था कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। शिंदे के बयान से साफ हो गया था कि उन्हें सीएम पद से नीचे कोई भी बात स्वीकार्य नहीं होगी। शिवेसना ने साफ कर दिया था कि शिंदे डिप्टी सीएम का पद स्वीकार नहीं करेंगे। विधानसभा चुनाव शिंदे के नेतृत्व में लड़ा गया था। उनकी वजह से ही महाराष्ट्र में महायुति की बड़ी जीत हुई है। एकनाथ शिंदे मंगलवार तक सीएम पद पर अड़े हुए थे।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मेला | साज-सज्जा व बेहतर प्रदर्शनी, सीइओ ने दी बधाई

# रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को मिला सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक चले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में रांची स्मार्ट सिटी को फिर से सम्मानित किया गया है। झारखंड पवेलियन नें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी अपनी परियोजनाओं से जुड़े स्टॉल लगाए गए थे। इसमें रांची स्मार्ट सिटी को बेहतर साज - सज्जा और बेहतरीन प्रदर्शनी के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। बुधवार को उद्योग निदेशालय, झारखंड की ओर से रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया गया।



### सचिव और सीइओ ने दी बधाई

नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के प्रधान सचिव सुनील कुमार और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने इस सम्मान के लिए रांची स्मार्ट सिटी की टीम को बधाई दिया है।

**स्टॉल पर पहुंचे देश के महत्पूर्ण संस्थानों के अधिकारी :** रांची स्मार्ट सिटी के स्टॉल पर भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश जस्टिस आनंद सेन, राज्य सरकार के उद्योग, भवन निर्माण, राजस्व, पर्यटन व कई बड़े अधकारियों नें स्टॉल का विजिट किया।

### स्टॉल में क्या रहा खास

- रांची स्मार्ट सिटी का स्टॉल कुल 16 वर्ग मीटर में बनाया गया था जिसमें बेहतरी लाइटिंग के साथ साथ स्टॉल को खूबसूरत नीले और सफेद रंग का ज्यादा इस्तेमाल किया गया था।
- **स्टॉल पर 20 वर्गफीट का एक थ्री डी मॉडल लगाया गया था। यह थ्री डी मॉडल रांची स्मार्ट सिटी के मास्टर प्लान और और प्रस्तावित भवनों तथा वर्तमान में पूर्ण हो चुके आधारभूत संरचना को प्रदर्शित कर रहा था।**
- एक बड़े एलइडी स्क्रीन के जरिए स्मार्ट सिटी पर आधारित ऑडियो विजुअल और फोटोग्राफ्स को प्रदर्शित किया गया। स्टॉल पर स्वच्छता और साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा गया था।

# रिम्स जाकर हेमंत सोरेन ने मंगल मुंडा का लिया हाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा के सिर में लगी गंभीर चोट का इलाज रिम्स में जारी है। रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग की टीम द्वारा उनका सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। उनकी स्थिति अभी संवेदनशील है। डॉक्टर्स की टीम उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए है। वहीं बुधवार को कार्यवाहक सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी रिम्स पहुंचीं । दोनों ने डाक्टरों से बात कर मंगल मुंडा का हालचाल लिया। मंगल मुंडा 25 नवंबर को खूंटी के पास एक दुर्घटना का शिकार हो गये थे। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी।

## स्पीड न्यूज

### बीपीएससी परीक्षा में सफल भइसना की खुशबू को जिप सदस्य ने दी बधाई



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के भइसना के स्व रामसुंदर मेहता की छोटी पुत्रवधू खुशबू बीपीएससी अध्यापिका चयन परीक्षा में सफल हुई हैं। उनकी सफलता पर हुसैनाबाद उतरी जिप सदस्य राजू मेहता ने उनके घर जा कर बधाई दी। कहा कि ऐसे किसान परिवार से जब कोई बहु प्रतियोगी परीक्षा में सफल होती है तो उससे समाज के अन्य महिलाओं व लोगों जागरूकता फैलता है। खुशबू ने बताया कि मेरे सफलता में मेरे पति धीरेंद्र कुमार मेहता व अन्य परिवार में सभी लोगो का भरपूर सहयोग मिलता था।

### आगजनी पीड़ित से युवा यादव समाज की टीम मिली, किया आर्थिक सहयोग

**छतरपुर (पलामू)।** प्रखंड के दिनादाग पंचायत के दिनादाग गांव में मंगलवार शाम करीब 5 बजे युवा यादव समाज के लोगों ने आगजनी पीड़िता से मुलाकात की। 24 को खलिहान में आगजनी से इंदु कुंवर, दीपू यादव और सरयू यादव का लगभग 500 बोझा धान जल गया था। इंदु की स्थिति देख युवा यादव समाज की टीम के लोगों ने आर्थिक मदद की। साथ ही युवा यादव समाज के लोगों ने उन्हें सरकार की ओर से सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया है। बाल विद्या आवासीय विद्यालय के निदेशक सीके यादव ने बताया कि इंदु के दो बच्चे हैं जिसे हम अपने स्कूल में नि :शुल्क पढ़ायेंगे। मौके पर सिलदाग मुखिया उमेश यादव, मनोहर यादव, बसंत यादव, मंटू यादव, सीके यादव, अविनाश यादव, यमुना यादव, अर्जुन यादव, राजेंद्र यादव, गुरुदेव यादव भी उपस्थित थे।

### अशोक पासवान ने जताया आभार



**पाटन पलामू।** दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान ने छतरपुर विस के गांवों का दौरा कर जनता के प्रति आभार जताया है। कहा कि 20 सालों के बाद छतरपुर में कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से आग्रह किया है कि इस बार छतरपुर से जीते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को मंत्री बनाया जाये ताकि पलामू प्रमंडल मजबूत हो सके। मौके पर पाटन प्रखंड दलित कांग्रेस अध्यक्ष संजय पासवान, विनय पासवान, अंजू देवी, सुधीर कुमार आदि उपस्थित थे।

### बिजली चोरी में चार पर केस दर्ज

**हरिहरगंज पलामू।** थाना में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने चार बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया है। साथ ही उनपर 58 हजार चार सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में गुणवंत ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापामारी दल का गठन किया गया। इस दौरान अवैध बिजली जलाने के खिलाफ सतगांवा के लालमनी देवी पर 12,200, अररुआ खुर्द के मो आसिफ रजा पर 25,000, हरिहरगंज की ममता कुमारी पर 12,200 तथा ढाब के मोहन साव पर 10 हजार का जुर्माना कर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। छापामारी में जेई के अलावा मानव दिवसकर्मी विरेन्द्र पासवान, जावेद आलम, रियाजुद्दीन व अन्य कर्मी मौजूद थे।

### विधायक बनने पर निरंजन ने दी बधाई

**पाटन पलामू।** राधा कृष्ण किशोर के छठी बार छतरपुर से विधायक चुने जाने पर हिसरा बरवाडीह के नान्ही झरिया के निरंजन पासवान ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अब छतरपुर विस का सदन में आवाज बुलंदी से उठेगा। बधाई देने वालों में गोपाल राम, आनंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, बृजबिहारी सिंह समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

### कोयल पुल के पास हुई वाहनों की जांच



**मेदिनीनगर।** सादिक चौक टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने चार पहिया एवं दोपहिया वाहन, टेंपो एवं ई-रिक्शा की जांच की, जिसमें कुछ बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस गाड़ी चला रहे थे। उनके वाहन जब्त किये गये। 16 बाइक चालान हेतु व्यवहार न्यायालय पलामू भेजा गया है। सभी टेंपो चालकों को समझाया गया और हिदायत दी गयी कि आप सभी अपने टेंपो पर पूर्व में जो निर्धारित रूट बनाया गया है उसके हिसाब से अपने टेंपो पर जगह का नाम अवश्य लिखें और इस रूट में चलें। इस बात की सूचना टेंपो स्टैंड के अध्यक्ष एवं उनके सदस्यों को दो माह से दी जा रही है।

### बजरंग दल का शौर्य संचलन व त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम दिसंबर में : विहिप



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पलामू के जिला कार्यालय में एक टोली बैठक की गयी, जिसमें जिला समिति के सदस्य और विभिन्न आयामों के प्रमुख शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। प्रांत से प्राप्त निर्देश के अनुसार 23 से 30 नवंबर 2024 तक बजरंग दल का संस्कार सप्ताह आयोजित होना है। इस दौरान नशा मुक्ति अभियान चलेगा। इसके लिए रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम कर युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया जायेगा। 11 से 18 दिसंबर तक गीता जयंती के उपलक्ष्य में शौर्य दिवस समारोह आयोजित करने की योजना बनी है। 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम की भी योजना है।

### टाउन हॉल में मनी जरासंध जयंती

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू जिला शाखा ने भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5227वीं जयंती दीनदयाल स्मृति टाऊन हॉल में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली गयी। सबसे पहले महाराज जरासंध के चित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा अर्चना का आयोजन हुआ। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और शॉल ओढ़ाकर किया गया।

## युवाओं के लिए आकर्षण होगा पीएम से सीधी बात: कंचन कुमारी

- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर प्रारंभ हो गया है। देश भर से चुने गये युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। नेहरु युवा केंद्र पलामू के प्रभारी जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत के भविष्य की योजना को पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जायेगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा।

## सांसद बिष्णुदयाल राम ने लोकसभा में रेलवे संबंधित मांगों को उठाया

# पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों की रेलवे यात्रा होगी सुगम : सांसद

- कोरोना के दौरान बंद की गयी ट्रेनों को फिर से चालू करने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केंद्रीय रेलमंत्री से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के रेलवे संबंधित समस्याओं से कराया अवगत**





**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित मांगों को उठाया। साथ ही उक्त संबंध में रेल मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने रेलवे की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का आग्रह किया। श्री राम ने कहा कि रेल मंत्री इन मागों को पूरा कराने की कृपा करेंगे, ताकि यात्रियों की रेलवे की यात्रा सुगम हो सके। कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक रेलवे सुविधा दिलायी जायेगी, इसे लेकर वह प्रयासरत्त हैं। सांसद ने रेलमंत्री से कहा कि डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

**इन ट्रेनों को चलाने की मांग**

उन्होंने रेलमंत्री से 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, वन्दे भारत ट्रेन को रांची से डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन सं. 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन सं. 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव, गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज पर ठहराव, रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन सं. 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन चलती है उसे चार दिन चलाने, रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे 6 दिन चलाने, रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सं. 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक चलाने की मांग की। इसके अलावे झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन सं. 12873/12874 का ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षो से परिचालन रद्द कर दिया जाता है। इस बार भी 2 दिसंबर से 10 जनवरी तक बंद करने का रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है। उक्त निर्णय को रद्द कर ट्रेन का परिचालन जारी रखा जाये। इसके अलावे रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सं. 18635/18636 के जेनरल कोच की संख्या बढ़ाने, शक्तिपुंज ट्रेन सं. 11447/ 11448 जो हावड़ा से जबलपुर वाया डालटनगंज होकर चलती है उसे मुंबई तक विस्तारित करने व रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलायी जाय, जो कोरोना काल में चली थी। उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू करने की मांग की गयी।

## डीडीसी ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण, दिया कई दिशा निर्देश

# विकास योजनाओं की समीक्षा की आंगनबाड़ी की भी जानी हकीकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल डीडीसी व अन्य पदाधिकारी।

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू के उप विकास आयुक्त मो साबिर अहमद ने बुधवार को बिश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। श्री अहमद ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक भी की। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबुआ आवास सहित कई विकास योजनाओं की समीक्षा किया गया। इसके बाद डीडीसी मो साबिर अहमद ने नप क्षेत्र के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों के बीच वितरित किए गए स्वेटरों के गुणवत्ता का जांच किया। उन्होंने कहा कि स्वेटर के गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आलोक में उसका जांच किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी, सेविका शारदा मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

# जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे: आलोक चौरसिया

- मां काली मंदिर मेलाटांड़, मां दुर्गे मंदिर महावीर चौक तथा ब्रह्म देवता स्थल पर मत्था टेका तथा पूजा अर्चना की

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज से हैट्रिक लगाने वाले भाजपा विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं के आशीर्वाद और प्यार के कारण लगातार तीसरी बार जीत हुई है। विधायक श्री चौरसिया मंगलवार को रांची जाने के क्रम में सतबरवा में बोल रहे थे। इस दौरान मां काली मंदिर मेलाटांड़, मां दुर्गे मंदिर महावीर चौक तथा ब्रह्म देवता स्थल पर मत्था टेका तथा पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि व शांति की कामना की। इस क्रम में कार्यकर्ताओं ने विधायक आलोक चौरसिया का फूल माला के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने डालटनगंज विस क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता ने मुझपर तीसरी बार भरोसा जताया है उस पर खरा उतरूंगा। विपक्षी पर हमला बोलते हुए कहा कि सामंती ताकत मुझे हराने तथा डराने का प्रयास कर रहे थे। मगर, क्षेत्र की जनता मेरे साथ हमेशा खड़ी रही। गरीबों की आवाज कभी दबने नहीं दिया जायेगा। श्री चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्या अधूरी पड़ी हुई है, उसे प्रथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा। मौके विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मोहन जोशी, बलदेव चौरसिया, डॉ अशोक राम, अजय उरांव, मुखिया रिंकी यादव, महेश्वर सिंह, रवि प्रसाद, अरुण प्रसाद, सिकंदर भुइयां मौजूद थे।

# घटिया फाउंडेशन, सूखी बोरिंग-कैसे मिलेगा पानी!

- नल-जल योजना से जलमीनार निर्माण में भारी अनियमितता, विभाग मौन

**अवध किशोर**

**विभागीय अधिकारियों की चुप्पी बड़ा सवाल :** इस पूरे मामले में जब कार्यपालक अभियंता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि बिना योजना का निरीक्षण किये वे इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। उनका कहना था कि योजना की जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। ग्रामीणों का मानना है कि यदि विभागीय अधिकारी समय रहते इस पर ध्यान देते, तो यह योजना गांव के लिए वरदान साबित हो सकती थी।



**सरकार से बेहतर निर्माण की अपेक्षा :** नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए पानी की समस्या का समाधान के लिए शुरू की गयी है। यदि इसे ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ लागू किया जाये तो यह ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है, लेकिन लापरवाही और भ्रष्टाचार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धराशाई कर दिया है। अब सरकार को ठोस कदम उठाते हुए योजना को सही रूप से लागू करने के प्रयास करना चाहिए, ताकि इसका वास्तविक लाभ ग्रामीणों को मिल सके।

**लेस्लीगंज पलामू।** जिले के जामुनडीह पंचायत क्षेत्र के अमवा खुर्द में नल-जल योजना से जलमीनार निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। फाउंडेशन से लेकर बोरिंग में गड़बड़ी है। फाउंडेशन निर्माण में जहां घटिया कार्य हो रहा है, वहीं सूखी बोरिंग में जलमीनार खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। नतीजा योजना का उद्देश्य धूमिल नजर आ रहा है। बता दें कि केवल जामुनडीह पंचायत क्षेत्र में नल से शुद्ध जल देने के लिए 69 जलमीनार निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अबतक 30 पूरा कर लिया गया है। केवल ठीकेदारी के लिए कार्य हो रहा है। बता दें कि इस योजना को फरवरी 2024 तक ही पूरा कर लेना था, लेकिन अबतक अधूरा है। फाउंडेशन का निर्माण नियम विरूद्ध होने के कारण जलमीनार के गिरने की संभावना बनी रहेगी, वहीं सूखी बोरिंग पर जलमीनार खड़ा करने पर लोगों को पानी नसीब नहीं हो पाएगा। ग्रामीण अशोक राम, सीता राम, बंधु राम, राजू राम, सुदामा राम और ईश्वरी राम सहित अन्य ने कहा कि योजना में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। 7 फीट गहराई में नींव रखना, लेकिन मात्र 3 फीट में ही काम निपटा दिया जा रहा है। निर्माण कार्य में मानकों को नजरअंदाज करके चारों पिलर खड़े कर दिए गए हैं और उसके बीच में मिट्टी भर दी गई, जबकि एस्टीमेट के अनुसार गड्ढे की सतह को लेवल कर ढलाई करनी है और फिर पिलर लगाकर दो स्तर पर बांध तैयार करना है।

### वोट के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े, एक गंभीर



**हैदरनगर पलामू।** थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में आपस में हुए विवाद में बीती रात्रि एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति पर हमला कर दिया, जिसमें एक व्यक्ति का सिर बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति ने आरोप लगाया कि चुनाव में वोट अन्य पार्टी को देने को लेकर विवाद में गांव के ही व्यक्ति ने पीछे से हमला कर दिया। घायल का नाम आलोक कुमार सिंह (40 वर्ष) है। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुटी है।

### उंटारी रोड के जवान की दिल्ली एम्स में हुई मौत



**मेदिनीनगर।** धनबाद जिला बल के आरक्षी सुशील गुप्ता (उंटरी रोड थाना के पांडे पूरा गांव के रहने वाले) का एम्स दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली से शव गांव पहुंचने के बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन पलामू के सभी सदस्य उनके गांव पहुंच उंटारी रोड थाना से सलामी दिलवायी। उनके परिजन से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, मंत्री लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, केंद्रीय सदस्य मो इसराइल, अंकेक्षक सुनील कुमार एवं प्रदेश सहायक महामंत्री लालेश्वर राम, उंटारी रोड थाना के एएसआई जेवियर मिंज समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

### पलामू : सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला पथरा मुख्य सड़क पर बेनी गांव के समीप दो टेम्पू मे टक्कर हो गयी, जिसमें एक ही टेम्पू पर सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का ईलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में करने के बाद एक को छोड़ पांच घायलों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सभी गजना धाम में रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होकर वापस हुसैनाबाद के किशुनपुर गांव लौट रहे थे, उसी क्रम में बेनी गांव के समीप जपला की ओर से आ रही टेम्पू से टक्कर हो गयी। घायलों में प्रीति कुमारी 14 वर्ष, चनकु मेहता 40 वर्ष, शोभा देवी 30 वर्ष, संजना कुमारी 6 वर्ष, सूचित कुमार 14 वर्ष , विनोद मेहता 55 वर्ष घायल हो गये।

## दो मोबाइल चोर को देवरी ओपी पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

- 23 एंड्राइड फोन भी किया गया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के देवरी ओपी पुलिस को सूचना मिली कि देवरी खुर्द के उपेंद्र मेहता सस्ते दाम पर मोबाइल बेच रहा है जो आस पास व ट्रेनों से मोबाइल चोरी करता है। जिसके पास अभी भी कई फोन है। सत्यापन हेतु देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार पुलिस बल के साथ छापेमारी की, जिसमें 23 फोन बरामद किये गये। उपेंद्र के पास से 18 मोबाइल और उसकी निशानदेही पर दोस्त अशोक पासवान के पास से 5 फोन बरामद हुए। पुलिस निरीक्षक हुसैनाबाद अंचल सुरेश मंडल ने बताया कि अभियुक्त अपने आस पास के क्षेत्रों व ट्रेनों से मोबाइल फोन चोरी करता था, इसके विरुद्ध रेल थाना कोडरमा व रेल थाना धनबाद में कांड संख्या दर्ज है।

### नवजीवन अस्पताल मोड़ के पास अज्ञात महिला का शव बरामद

**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल मोड़ के समीप रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह अज्ञात अवस्था में सड़क किनारे से पुलिस ने महिला का शव बरामद किया है। सूचना मिलने पर सहायक निरीक्षक विश्वनाथ कुमार राणा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम के लिए राजा मेदनी राय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल मेदिनीनगर भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी।

## झारखंड राज्य स्तरीय महिला पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का हुआ वजन

- बीडीओ ने कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन की तैयारी का जायजा लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ व जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में पिपरा प्रखंड के खेल मैदान पर 28 से 29 नवंबर तक होने वाले 25 वीं राज्य स्तरीय महिला पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में है। बीडीओ विनय कुमार ने बुधवार को प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन होने से प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के प्रखंडों में भी खेल के प्रति बच्चों मे आकर्षण बढ़ता है। वहीं पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रतियोगिता संपन्न कराने के लिए पुलिस तत्पर है। उधर बुधवार को विभिन्न जिलों के खिलाड़ी स्थल पर पहुंच चुके हैं।

# आरसीआइटी सभागार में राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के आर.सी.आई.टी सभागार में राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की महत्ता व उद्देश्य समझाया। छात्र छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें असगर अली, सिद्धार्थ कुमार सिंह व शिखा कुमारी पाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कृत हुए। कार्यक्रम में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह, डिप्टी डॉरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी, प्रशासनिक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, डीन इंजीनियरिंग डॉ अविनाश कुमार व रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के शिक्षण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार सिंह व मंच संचालन डॉ ममता कुमारी ने किया।

# जिप सदस्य खुशबू और दांगी संघ की पहल पर भैंसाखुर मंदिर में हुई शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी पलामू।** बंशी खुर्द, मनातू, पलामू निवासी सुदामा सिंह के पुत्र रितेश की शादी चुरादोहर, नावा जयपुर निवासी स्व सूर्यदेव सिंह की पुत्री रानी से होनी थी। रानी के माता पिता नहीं हैं जिस कारण लड़की के मामा भगवती सिंह अपने निवास स्थान मेदिनीनगर से शादी तय कर रखे थे। रात्रि में बरात बंशी खुर्द से मेदिनीनगर पहुंची। परंतु जयमाला के समय स्प्रे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया फिर जनमासा में विवाद और गहरा गया। फिर शहर थाना, मेदिनीनगर को सूचना दी गयी। थाना से पुलिस पहुंची और सब इंस्पेक्टर 4 बजे भोर में इसकी सूचना पांकी जिप सदस्या खुशबू कुमारी को दी गयी और मामले को सामाजिक स्तर पर सुलझाने का सुझाव दिया। ताकि केश में दोनों पक्ष न उलझें। फिर खुशबू मझिगावां से 5 बजे सुबह मेदिनीनगर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने का प्रयास करने लगी। फिर इस विवाद की सूचना दांगी संघ के पदाधिकारियों को दी गयी। मौके पर दांगी संघ के पदाधिकारी भी पहुंचे और सभी की पहल से दोनों पक्षों में समझौता करवाया गया और भैंसाखुर्द मंदिर में शादी करवायी गयी। जिप सदस्या खुशबू कुमारी और दांगी संघ के पदाधिकारी दयानंद सिंह/ त्रिवेणी सिंह के प्रयास सराहनीय रहा तथा दो परिवार को केश में उलझने से बचाया गया।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



गुमला। भाजपा गुमला के नगर अध्यक्ष बबलू वर्मा ने जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल को पत्र प्रेषित कर नगर अध्यक्ष पद से विमुक्त करने की अपील करते हुए इस्तीफा दे दिया है। बबलू वर्मा ने कहा कि विधान सभा चुनाव में काफी लगने से मेहनत किया लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। जिसकी वे जिम्मेवारी लेते हैं और अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पार्टी का कार्यकर्ता हमेशा बने रहेंगे।

### राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में डीएवी के छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की तीन छात्राओं का चयन डीएवी द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया था। डीएवी की नोडल ऑफिसर डॉ संध्या दास ने जानकारी दी कि झारखंड भर के 176 विद्यालयों के 16,000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सो विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की तीन छात्राओं क्रमश: ग्रुप ए में अद्वेता आहना, मैती और रितु श्रेया और ग्रुप बी में जाह्नवी लाल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था। यह प्रतियोगिता ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2024 को पलाश ऑडिटोरियम डोरंडा, रांची में आयोजित की गई। सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 2000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला है। वंदना सभा में डॉ रमाकान्त साहु ने तीनों को मैमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनके मेंटर पार्थ प्रतिम मैती भी उपस्थित थे।

### अज्ञात अपराधियों ने दो स्कूल वैन में लगाई आग, दोनों वाहन जलकर राख



गुमला। गुमला शहरी क्षेत्र से सटे करमटोली सरहुल नगर में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने दो स्कूल वैन को आग के हवाले कर दिया। दोनों वैन पूरी तरह जलकर राख हो गई। वाहन मालिक समीर केरकेट्टा ने बताया कि रात्रि करीब 2:30 बजे पड़ोसियों के द्वारा सूचना मिली कि वाहन में आग लग गई है। जब तक हम नीचे उतरे तब तक वाहन पूरी तरह जल चुकी थी। यह अज्ञात अपराधियों का काम है। ये हमारे जीने का साधन था। पीड़ित ने गुमला थाना पहुंचकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रात्रि में आग लगने के बाद टायर जब फटने लगा तब बगल के लोग उठे तो आग बूझाने का प्रयास किया। इधर घटना की जानकारी के बाद 4:00 बजे घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और घटना की तफतिश में जुटी गई। वहीं पीड़ित ने बताया कि हर दिन की तरह गाड़ी खड़ा रहता था और जब बगल के लोग फोन कर बताया कि वाहन जल रहा है तब जाकर देखा तो गाड़ी पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुका था।

### घाघरा थाना के गेट के समीप पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

घाघरा। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर घाघरा थाना के गेट के समीप एसआई गणेश कुमार दास के नेतृत्व में एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी दो पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस इंसुरेंस एवं हेलमेट की जांच की गई। सभी तरह के वाहन से संबंधित कागजात की जांच की गई। वहीं गणेश दास ने बताया की बढ़ते सड़क दुर्घटना एवं गुमला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चालकों की चेकिंग की जा रही है जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट पहने हुए एवं शराब पीकर वाहन चला रहे हैं। वैसे वाहन चालक पकड़े गए तो उसपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### लोहरदगा : पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



कैरो। प्रखंड स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में बुधवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार द्वारा उद्यान विकास योजना के तहत पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व से चयनित किसानों को प्रशिक्षण के दूसरे दिन उद्यानिकी खेती करने, रख रखाव, जीवामृत निर्माण, बीजोपचार, सूक्ष्म सिंचाई सहित अन्य बिंदु पर प्रशिक्षक के रूप में आये उषा कुमारी व निधि स्वर्णा द्वारा जानकारी देते हुए किसानों को एस्टबेरी, परवल, मशरूम, सहजन की खेती करने से लेकर पैकिंग करने व उसमें अपनी मार्का के साथ बाजार में बेचने तक कि जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड उद्यान मित्र मृत्युंजय तिवारी द्वारा टपक सिंचाई से लेकर घर मे बागवानी लगाने व उसके आर्थिक व शारीरिक लाभ को लेकर जानकारी दिया गया। मौके पर उद्यान विभाग के सत्य प्रकाश, राकेश कुमार, सुनिल कुमार किसान बंधईन उरांव, मानकी भगत, धनसो भगत, गीता भगतईन, फुलवा उरांव, रुकसाना खातून, बलराम केवट, परवेज अंसारी, रविन्द्र कुमार, चंदन तिवारी, गीता लोहरा, जबिना खातून गणेश कुमार सिंह सहित किसान मौजूद थे।

### किशोर-किशोरी कल्याण दिवस पर घाघरा में कार्यक्रम का आयोजन

घाघरा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घाघरा मिडिल स्कूल प्रांगण में किशोर किशोरी कल्याण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के निमित किशोर और किशोरी के उम्र के दरमियान होने वाले बदलाव संबंधित कई जानकारी दिया गया। साथ ही कम उम्र में होने वाले विवाह के नुकसान की जानकारी दी गई। वहीं किशोरी के बीच स्वास्थ्य से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए सही उत्तर देने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# हरिनाखांड जंगल के रास्ते में मिला पांच आईईडी बम

पुलिस को क्षति पहुंचाने के लिए माओवादी संगठन ने लगाया था बम

## बम निरोधक दस्ता ने किया निष्क्रिय





खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर हरिनाखाड़ जंगल में मंगलवार की देर शाम 5 आईईडी बम पुलिस ने बरामद किया था। जिसे बुधवार की सुबह निष्क्रिय कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हरिनाखाड़ जंगल के रास्ते में बम लगाया हुआ है। जिसके बाद मामले के सत्यापन हेतु गुमला पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम बनायी गयी। जांच में पुलिस ने पांच आईईडी बम बरामद किया। बुधवार को बमों को निष्क्रिय करने के लिए अहले सुबह रांची से बम निरोधक दस्ता आयी थी। पांचों आईडी बम को बारी-बारी से सुरक्षित निष्क्रिय कर दिया गया। चार माह पहले पुलिस ने इसी स्थान से 35 केन बम बरामद किया गया था। जिसे रांची से आई बम निरोधक दस्ता के द्वारा सुरक्षित निष्क्रिय किया गया था। बताते चलें कि यह इलाका पूर्व में माओवादियों का गढ़ हुआ करता था। 15 लाख के इनामी माओवादी जोनल कमांडर बुद्धेश्वर उरांव, एरिया कमांडर लाजिम अंसारी जो पुलिस मुठभेड़ में मारे गये वे क्षेत्र में काफी सक्रिये रहते थे।

पुलिस से बचने के लिए और पुलिस टीम को क्षति पहुंचाने के लिए मरवा व हरिनाखाड़ के जंगल वाले रास्ते को माओवादी संगठन ने आईडी बम से पाट दिया था। लेकिन पुलिस लगातार सर्च अभियान चलाकर और ग्रामीणों की मदद से माओवादियों द्वारा बिछाये गये मौत के जाल को लगभग खत्म कर चुकी है। माओवादियों द्वारा लगाये गये आईडी बम का शिकार कई बार क्षेत्र के पशु व ग्रामीण भी हो चुके थे। इधर पुलिस ने माओवादी कमांडर रंथु उरांव को दो माह पूर्व गिरफ्तार किया था।

उसके गिरफ्तारी के साथ ही क्षेत्र से माओवादियों का चहलकदमी लगभग समाप्त हो गया। जिसे उनके बिछाये गये केन बम करी लगातार जानकारी पुलिस को मिल रही है।

## ग्रामीणों की सहमति से सड़क बनायी जायेगी : कनीय अभियंता



खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। भंडरा प्रखंड अंतर्गत अकाशी पंचायत की कुम्हारिया अंबा टोली से कसपुर तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण अभियंताओं के द्वारा किया गया। इस क्रम में ग्रामीणों के द्वारा सड़क की उपयोगिता के बारे में अभियंताओं को बताई गई। निरीक्षण के पश्चात कनीय अभियंता जितेंद्र पंडित ने बताया कि ग्रामीणों की सहमति के बाद ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीणों की सुविधा के लिए ही सड़क का निर्माण होता है। ग्रामीण जैसा चाह रहे हैं वैसा ही सड़क बनाने का निर्देश संबंधित संवेदक दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि सहमति के अनुसार विभाग सड़क बनवाने का आश्वासन उन्हें दिए हैं और सड़क निर्माण का कार्य हो रहा है।

## सास-बहु और पति सम्मेलन का किया गया आयोजन



सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम के नेतृत्व में सास बहु पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएनएम प्रमिला एक्का ने मौजूद ग्रामीणों को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशानुसार लड़कों का शादी का सही उम्र 21 वर्ष व लड़कियों का 20 वर्ष होना चाहिये शादी के दो वर्ष पश्चात पहला बच्चा हो और दूसरे बच्चे के लिये तीन वर्ष का अंतराल हो। निर्देश दिया गया की गर्भवती महिलाएं प्रथम माह से आंगनबाड़ी केंद्र या नजदीकी स्वास्थ्य उप केंद्र में नियमित जांच करायें जिसे प्रसव के क्रम में जच्चा बच्चा को परेशानी न हो। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को कटोरी दे कर सम्मानित किया गया।

## गुमला में मिले इंडी गठबंधन की जीत का जश्न कांग्रेसियों ने मनाया



गुमला। असंगठित कामगार कांग्रेस की टीम और सेवादल की टीम ने अपने टीम के सभी साथियों के साथ इंडी गठबंधन की जीत का जश्न मनाया। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम ने कहा कि झारखंड में फिर एक बार गठबंधन की सरकार बनी है। गठबंधन की सरकार को जनता ने अपार बहुमत के साथ विजय दिलाया है। सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष कलाम आलम ने कहा कि या सरकार गरीबों की सरकार है। सदैव अपनी जिम्मेवारी को निभाते आई है। जैस्मिन लुगुन ने कहा कि या सरकार अपने सराहनीय कार्यों से एक अच्छा पहचान बनाई है। मौके पर मो इनायत, मो राजा, अनिता कुमारी, रेनू लकड़ा, मो सोनू, मो आरजू, राजन आलम, राजेंद्र मिंज, साजिद, पुष्पा, बल्का भगत आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गुमला में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गुमला में बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12 वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत उत्तीर्णता सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करना था। संगोष्ठी में स्कूल मैनेजर पी पी गुप्ता, प्रधानाध्यापक सुनील टोप्पो, एडीपीओ ज्योति खलखो और बीपीओ दिलदार सिंह ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराने और छात्रों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों को घर पर स्वाध्याय करने के टिप्स साझा किए और अभिभावकों को इसमें सहयोग करने की अपील की। स्कूल मैनेजर ने बोर्ड परीक्षा की अंक प्रणाली और उत्तीर्णता के लिए आवश्यक रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। विद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य, और कला संकाय के शिक्षकों ने छात्रों की प्रगति और विषयगत प्रदर्शन की जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान अभिभावकों से छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने और नियमित दिनचर्या बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

## कचरा शहर का, दंश झेल रहे है ग्रामीण



धुआं से फैलता प्रदूषण।



सड़क किनारे कचरा का ढेर।

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। सदर प्रखंड के बगल में स्थित जोरी पंचायत में ओयना टोंगरी के बगल में नगरपरिषद के द्वारा प्रतिदिन कचरा फेंका जा रहा है। जिससे उस क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठनी पड़ रही है। वर्त्तमान समय मे वहां कचरे का एक पहाड़ खड़ा कर दिया गया है। कचरे के निस्तारण की उचित व्यवस्था भी नही की गई है। कचरे को खुले स्थानों में फेंक दिया जाता है कचरा इधर उधर ना फैले उसके लिए ना ही बाउंड्री वॉल की गई है और ना ही उसके निस्तारण की कोई व्यवस्था की गई है। कचरा ज्यादा होने की स्थिति में कचरा के ढेर पर आग लगा कर खत्म कर देने की प्रक्रिया अपनाई जाती है जिस से आस पास रहने वाले ग्रामीणों को धुएं के कारण गंभीर बीमारियां से ग्रसित होना पड़ रहा है। खुले में उड़ने वाले प्लास्टिक के बैग और अन्य अवशिष्ट खेतों में जा रहे जिनसे किसानो के फसल की उर्वरा शक्ति भी घट रही।

## एसजीएफआई हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड ने हरियाणा को हराया



गुमला। हॉकी अंडर 17 बालिका एसजीएफआई राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने हरियाणा को 5–2 से शिकस्त देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उक्त टीम में गुमला आवासीय बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र उसुलाइन कान्वेंट गुमला कर पांच खिलाड़ी शामिल थी। जिनके बेहतर प्रदर्शन से झारखंड की टीम ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर खिताब पर कब्जा जमाया। टीम में फुलकुमारी होरो, सीमा टोप्पो, रीतु टोप्पो, रिंकिका तिर्की व अंजिता कुजूर शामिल थी। गुमला की बेटियों ने अपने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन किया और गुमला का परचम भी लहराया।

### गुमला उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा पर विशेष समीक्षात्मक बैठक

# जनवरी से अक्टूबर 2024 तक हुई 184 सड़क दुर्घटना में 176 की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा के संबंध में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक हुई सड़क दुर्घटनाओं और उनसे संबंधित आंकड़ों की गहन समीक्षा की गई। दुर्घटनाओं के आंकड़े और कारण इस अवधि में कुल 184 सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आयें। जिनमें 176 मृत्यु घातक दुर्घटनाओं के कारण हुईं। इसके अतिरिक्त 45 गंभीर और 2 मामूली चोट के मामले दर्ज किए गए। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 14.29% की वृद्धि हुई है। दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, रैश ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चालन, एवं यातायात नियमों का पालन न करना शामिल हैं। विशेष रूप से टू-व्हीलर चालकों से जुड़े 119 दुर्घटनाओं के मामले सामने आयें। जिनका मुख्य कारण तेज गति और यातायात नियमों का उल्लंघन था। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए जनवरी से अक्टूबर तक 459 नागरिकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किये। उपायुक्त ने दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लाइंड स्पॉट्स की पहचान करने और उन नए स्थानों को चिह्नित किया जाए जहां बार-बार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं वहां आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट

# कोडरमा ने जामताड़ा को हराया



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम मे चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गये मुकाबले में कोडरमा ने जामताड़ा को 117 रनों से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की पूरी टीम 36.2 ओवरों में 178 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रिंस कुमार ने पांच चौके के सहारे सर्वाधिक 38 रनो की पारी खेली। तन्मय 19, हमजा समीर 16, हार्दिक 14 व सुजल ने 18रनो का सहयोग किया। वहीं जामताड़ा की ओर से कमर अंसारी ने सात ओवर में 29 रन देकर चार विकेट हासिल किये। जबाबी पारी खेलने उतरी जामताड़ा की पूरी टीम 17.5 ओवरो में महज 61 रन पर ही सिमट गयी। टीम की ओर से अंकित कुमार ने 22 रन बनाये। कोडरमा की ओर से प्रिंस ने 4.5 ओवर में 24 रन खर्च कर चार विकेट हासिल किया।

## बढ़ती ठंड में जिप सदस्य ने चौक चौराहों पर किया अलाव की व्यवस्था

चैनपुर। बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने ठंड से बचाव के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था की है। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि इस सर्दी में गरीब और राहगीरों को ठंड से राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। अलाव जलाने से न सिर्फ लोगों को ठंड से राहत मिलेगी, बल्कि यह सामाजिक एकता का भी प्रतीक बनेगा। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने जिप सदस्य के इस प्रयास की सराहना की और आशा जताई कि इससे ठंड के मौसम में लोगों की मुश्किलें कम होंगी। सदस्य का उद्देश्य है कि सभी लोग इस ठंड में सुरक्षित और स्वस्थ रहें।

## किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

लोहरदगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय, लोहरदगा में एनपीएसएस प्रशिक्षण के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो द्वारा की गई। केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची की नियंत्रण अधिकारी प्रीति कुमारी द्वारा किसानों को विभिन्न फसलों के कीट व्याधि की समस्याओं पर चर्चा की एवं केंद्र प्रमुख पौध संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एच पी ने विभिन्न फसलों में कीट व्याधि और मित्र कीटों की पहचान, स्वीकृत लेवल कीटनाशक एवं खुराक, एनपीएसएस मोबाइल ऐप का महत्व पर चर्चा की।


### कार्यपालक अभियंता (यौंत्रिक) का कार्यालय सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, रौंची

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

**अति अल्पकालीन**

**ई– निविदा प्रसंग सं०–WRD/IMD/RANCHI / 06 / 2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लतरातु जलाशय योजना के बॉया Outlet Gate का Emergent कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 4,55,854.00 (चार लाख पचपन हजार आठ सौ चौवन रुपये) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू० 9,200.00 (नौ हजार दो सौ रूपये) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | रू० 750.00 (सात सौ पचास) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 02–12–2024 (11:00 बजे पूर्वाहन ) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 06–12–2024 (05:00 बजे अपराहन तक)। |
| 8. | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09–12–2024 (10:30 बजे पूर्वाहन ) |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, रौंची। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 11. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं० | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताएं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यौंत्रिक प्रमण्डल, रौंची ।

PR.NO.340567 Water Resource(24-25):D



### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (राज्य खाद्य निगम)

**सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 2132 दिनांक 04.09.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024–25 में धान अधिप्राप्ति का कार्य माह दिसम्बर 2024 से प्रारंभ किया जाना है। धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होने के पूर्व अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन एवं राईस मिलरों का निबंधन तथा अधिप्राप्ति केन्द्रों के साथ सम्बद्धता का कार्य आवश्यक है।

उपरोक्त पत्र के आलोक में राजस्व जिला लोहरदगा के अधिप्राप्त धान का मिलिंग कार्य करने हेतु जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, लोहरदगा के कार्यालय में विहित प्रपत्र में निबंधन फार्म पूर्णत् भरा हुआ दिनांक 30.11.2024 को अपराहन 03.00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**निबंधन हेतु विहित प्रपत्र**

- राईस मिल का नाम :–
- मिल मालिक का नाम :–
- मिल मालिक का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० :–
- मिलर की मिलिंग क्षमता (मे०टन / घंटा)
- मिलर का भण्डारण क्षमता (मे०टन में)
- भण्डारण क्षमता की भौतिक स्थिति (अच्छा / खराब)
- मिल चालू अवस्था में है। (हॉं / नहीं)
- मिल के मुख्य द्वार पर सी०सी०टी०वी० कैमरा लगा एवं चालू अवस्था में है। (हॉं / नहीं)
- सी०सी०टी०वी० कैमरा में एक माह का विडियो रिकॉर्डिंग का डी०वी०आर० लगा है। (हॉं / नहीं)
- मिल पर कोई बकाया नहीं है। (हॉं / नहीं)
- मिल सी०एम०आर० के रूप में फोर्टिफाईड चावल सुपुर्द करने में सक्षम है अथवा नहीं।
- मिल में ब्लेंडिंग मशीन अधिष्ठापित है अथवा नहीं।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
लोहरदगा

PR 340502 Lohardaga (24-25)_D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 30/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 03.12.2024 को 3.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 05.12.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.12.2024 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र गुड़ियो का उन्नयन कार्य। | 3002200.00 | 60100.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2. | बरही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कुण्डवा का उन्नयन कार्य। | 2751250.00 | 55100.00 | 5000.00 | 6 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का मान्य होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 340581 Rural Development(24-25)#D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI

**NOTICE INVITING QUOTATION NO-11/2024-25**

Sealed quotations are invited for the work

| Sl. No. | Work Name | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Supplying, Fixing & Fitting of Non-Revolving and Non-Tilting Chair (Chief Secretary Conference Hall) at First Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 15 Days |
| 2 | Supply, Fitting & Fixing of Furniture at Room No.-439 (Department of Urban Development) at 4th Floor of Project Building at HEC, Ranchi | Three Months |
| 3 | Supplying and Installation of LAN Point/Network Nodes in New High Court Building of Jharkhand at Dhurwa, Ranchi | Two Months |
| 4 | Providing anf Fixing of Curtains and their fittings in various Sections of the New High Court of Jharkhand at Dhurwa, Ranchi | Two Months |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 13-12-2024 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-14-12-2024 at 3.00 p.m and will be opened on 14-12-2024 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the pr'esence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work of Sl. No.-(1) Rs. 500.00 (2) Rs. 5000.00 (3) Rs. 5000.00 (4) Rs. 5000.00 in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Similar nature of work experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

*Executive Engineer*
*Building Construction Department*
*Building Division No-02, Ranch*

PR 340536 (Building) 24-25 (D)

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार. 28 नवंबर 2024



# नारी शक्ति की ताकत

झारखंड में भी हेमंत सोरेन सरकार की वापसी का श्रेय, उनकी स्त्री सम्बंधी योजनाओं को दिया जा रहा है। जिसमें प्रमुख थीं– स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिल मुफ्त देना, एकल मां को आर्थिक सहायता प्रदान करना, बेरोजगार स्त्रियों को मासिक भत्ता, मइया योजना के अंतर्गत गरीब स्त्रियों को साल में बारह हजार रुपये की मदद। इससे गरीब परिवारों और स्त्रियों के जीवन में कुछ खुशहाली आई। आदिवासी इलाकों में इसे विशेष रूप से महसूस किया गया। चूंकि स्त्रियों के खाते में पैसे सीधे भेजे जाते हैं, इसलिए उसका लाभ भी सीधे उन्हें ही मिलता है। इससे उनका परिवार भी लाभान्वित होता है। ऐसी योजनाएं अकेली बेसहारा माताओं, विधवाओं, स्कूल जाती लड़कियों को विशेष लाभ पहुंचाती हैं। याद होगा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने यहां की स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिलें दी थीं। सिर्फ एक साइकिल की सहायता से स्कूल जाने वाली लड़कियों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। और परिणामस्वरूप इन लड़कियों के माता-पिता ने अगली बार नीतीश कुमार को बहुमत से विजयी बनाया था। हेमंत की जीत में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की भी बड़ी भूमिका है। हेमंत सोरेन को जब जेल भेजा गया, तो उनकी पत्नी कल्पना ने मोर्चा संभाला। उन्हें स्त्रियों की खूब सहानुभूति भी मिली। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी स्त्रियों के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं। जैसे कि नमो ड्रोन दीदी स्कीम-इसमें ग्रामीण महिलाओं को कृषि कार्यों के लिए ड्रोन पायलट्स की ट्रेनिंग दी जाती है। झारखंड में नौकरियों में भी महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण देकर राज्य को मजबूत किया जा सकता है। हेमंत सरकार ने बहुत ही सोच समझकर उदारता से इस प्रकार की नीतियों को लागू किया है जिसका सकरात्मक असर राज्य पर होगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृष : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**मिथुन : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5**

**कन्या : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7**

**तुला : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8**

**वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8**

**धनु : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6**

**मकर : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7**

**कुंभ : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6**

**मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9**

# आखिर अडानी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं

**ऐसे** में यह स्वाभाविक सवाल है कि जब भारत में रिश्वत देने के आरोप लगाए गए हैं तो फिर केस यूएस यानी अमेरिका में क्यों? इसका जवाब यही है कि अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है।

जिस तरह से दुनिया के थानेदार अमेरिका में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन उद्योगपति गौतम अदाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं, उसके दृष्टिगत यह सवाल मौजूं है कि जब रिश्वत का आरोप भारत में लगाया गया है तो फिर अमेरिका में जांच कैसे शुरू हो गई? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आखिर अमेरिका और उसके लोग, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हुए हैं? क्या किसी भारतीय उद्योगपति या राजनीतिक दल के शह पर ऐसा किया जा रहा है या फिर कोई अन्य कूटनीतिक वजह है?

क्योंकि यह महज इत्तेफाक नहीं समझा जा सकता है कि पिछले साल 2023 में अमेरिकी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से शुरू हुए विवाद के बाद अब वर्ष 2024 में अदाणी समूह पर सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का उछला ताजा मामला एक अदद मामला भर है? वजह यह कि इससे अडानी समूह के शेयरों के भाव गिरते हैं और कम्पनी को काफी क्षति उठानी पड़ती है! इसलिए हमें यह जानना चाहिए कि आखिर में यह मामला क्या है, क्यों है, कैसे है, किसके लिए है? और अंत में, इसका समुचित हल क्या है? आइए इस पूरी बात को क्रमबद्ध तरीके से समझने की कोशिश करते हैं।

बता दें कि यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ने अदाणी पर भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (2200 करोड़ रुपए से ज्यादा) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है, जो एक गम्भीर बात है। क्योंकि यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने आरोप में कहा है कि अदाणी ने अपनी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी को सोलर एनर्जी से जुड़े प्रोजेक्ट्स और कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के लिए भारतीय अधिकायों को 2100 करोड़ रुपए से ज्यादा की रिश्वत दी है।

मसलन, अदाणी पर आरोप है कि उन्होंने 2021 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उसके बाद राज्य सरकार 7,000 मेगावाट बिजली खरीदने पर सहमत हुई थी। आंध्र के अधिकारियों को 25 लाख रुपये प्रति मेगावाट की दर से कथित रिश्वत दी गई। इसके अलावा, अमेरिकी सिक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने भी कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया। खास बात यह है कि उन्होंने इस बात को उन अमेरिकी बैंकों और इंवेस्टर्स से छिपाया है, जिनसे अदाणी ग्रुप ने इस प्रोजेक्ट के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे।





**- कमलेश पांडे**

> सवाल यह है कि आखिर यह हंगामा किन-किन प्रोजेक्ट्स को लेकर मचा है? तो जवाब यही होगा कि अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स के अनुसार, एनर्जी कंपनी के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अदाणी है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी है, जो उनके भतीजे हैं। इसके अलावा, एज्योर पावर के सीईओ रहे रंजीत गुप्ता, एज्योर पावर में सलाहकार रूपेश अग्रवाल अमेरिकी इश्यूअर हैं।

लिहाजा, अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स का दावा है कि कंपनी के दूसरे सीनियर अधिकारियों ने कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को पैसा देने पर सहमति जताई थी। बता दें कि अडानी समूह ने साल 2021 में एक बॉन्ड ऑफर कर अमेरिका के अलावा दूसरे इंटरनैशनल इंवेस्टर्स और अमेरिका के बैंकों से फंड जुटाया है। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने बयान में कहा है कि कथित साजिश के तहत अदाणी ग्रीन ने अमेरिकी निवेशकों से 17.5 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए और एज्यूर पावर का शेयर न्यूयॉर्क शेयर बाजार में लिस्टेड किया। साथ ही, न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने अदाणी, सागर अदाणी, सिरिल कैबनेस और अदाणी ग्रीन और एज्यूर पावर से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाए हैं।

वहीं, अदाणी ग्रुप ने रिश्वतखोरी के आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें बेबुनियाद बताया है। उसने कहा है कि ग्रुप सभी कानूनों का पालन करता रहा है। वह इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। ग्रुप के प्रवक्ता ने अमेरिकी न्याय विभाग के बयान का हवाला दिया, जिसमें कहा गया जिसका अडानी पर यह केवल आरोप है और जब तक दोष साबित न हो जाए तब तक प्रतिवादियों को निर्दोष माना जाएगा। लिहाजा, बयान में कहा गया कि हम आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाले संगठन है। अदाणी ग्रुप ने अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. के 60 करोड़ डॉलर के बॉण्ड को रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी को गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में ठेका मिला है।

ऐसे में यह स्वाभाविक सवाल है कि जब भारत में रिश्वत देने के आरोप लगाए गए हैं तो फिर केस यूएस यानी अमेरिका में क्यों? इसका जवाब यही है कि अमेरिकी कानून अपने निवेशकों या बाजारों से जुड़े विदेशों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। चूंकि, प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है, इसलिए अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ।

चूंकि अमेरिका भारत का मित्र देश भी है, इसलिए ये आरोप अहम हैं। हालांकि, जिस तरह से अमेरिकी चुनावों में परास्त राष्ट्रपति जो बाइडेन के मातहत प्रशासन ने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़काने और भारत के उद्योगपति को भ्रष्टाचार के मामले में उलझाने की पहल जाते-जाते की है, इसके अंतर्राष्ट्रीय सियासी मायने को भी समझने की जरूरत है। शायद वह भावी ट्रंप प्रशासन के लिए मुश्किलें पैदा करना चाहता हो।

सवाल यह है कि आखिर यह हंगामा किन-किन प्रोजेक्ट्स को लेकर मचा है? तो जवाब यही होगा कि अमेरिकी प्रोसिक्यूटर्स के अनुसार, एनर्जी कंपनी के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अदाणी है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी है, जो उनके भतीजे हैं। इसके अलावा, एज्योर पावर के सीईओ रहे रंजीत गुप्ता, एज्योर पावर में सलाहकार रूपेश अग्रवाल अमेरिकी इश्यूअर हैं।

हुआ यह है कि अदाणी ग्रीन एनर्जी और अमेरिकी इश्यूअर ने सरकारी स्वामित्व वाली सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) को 12 गीगावाट सोलर एनर्जी उपलब्ध कराने का कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था। हालांकि, एसईसीआई को सौर ऊर्जा खरीदने के लिए भारत में खरीदार नहीं मिल पाए।

## लेटर टू एडिटर

### तकनीक का खतरा

**लेबनान** में पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोटक रखकर किए गए धमाके दिल दहला देने वाले हैं। यह नई तकनीक का खतरनाक उपयोग दशार्ता है। पहले से ही लोग साइबर अटैक से चिंतित हैं, अब मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे गैजेट्स भी खतरा बन गए हैं। इस्राइल ने युद्ध में दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरीका अपनाया है, वह न केवल नया है, बल्कि खतरनाक भी। विशेषज्ञों को मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों से होने वाले संभावित खतरों के खिलाफ उपाय खोजने चाहिए।

**– रविन्द्र सिंह, रांची**

### संदेह के घेरे में

**प्राचीन** काल में विभिन्न शक्तियों का दुरुपयोग मानव जाति के लिए हानिकारक होता था। आज विज्ञान की सुविधाओं का भी दुरुपयोग हो रहा है। राष्ट्रविरोधी तत्व तकनीक का दुरुपयोग कर सकते हैं।यह स्थिति चिंता का विषय है।

**–प्रिया सिन्हा, हजारीबाग**

## ट्वीट

**बेहतर** स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में झारखण्ड आगे बढ़ रहा है। एक गरीब, पिछड़ा राज्य होते हुए भी झारखण्ड ने हमेशा विपरीत परिस्थितियों में परचम लहराया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसान** भाइयों से बहुत सार्थक चर्चा हुई है। मैंने किसान भाइयों के संवाद को अंतर्मन से सुना है। हमने गहराई से कई चीजों का अध्ययन किया है। किसान आगे बढ़ें और कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हम प्रयत्न करेंगे।

**–शिवराज सिंह चौहान
केन्द्रीय मंत्री**

# कथा है यह स्वार्थ की, स्वार्थ की... झारखंड में भाजपा की हार की

**एनके मुरलीधर**

**क्या** हो गया मरांडी जी को इस बार, वे हमारा टिकट काटने की जिद पर अड़े थे। एक भाजपा नेत्री ने भाजपा की हार के बाद अपनी व्यथा और वेदना को व्यक्त करते हुए कहा कि संथाल परगना से लुईस मरांडी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बताया कि वे भाजपा छोड़कर क्यों जा रही हैं?

आखिर झारखंड भाजपा की इस हार पर हार के बाद जो चर्चा हो रही है वह आम आदमी या आम भाजपा समर्थक के पल्ले नहीं पड़ती है। रातू रोड रांची के कब्रिस्तान से सटे सैलून के मालिक उदास हैं। वे कहते हैं कि केंद्र में बहुमत न आने पर भईया हम दो दिन सैलून बंद रखे थे। मन एकदम उदास हो जाता है।

गौरव वल्लभ कांग्रेस से भाजपा में आये हैं। उनके ट्विटर पर भाजपा की हालत पर ट्वीट बहुत कुछ कहता है।

**महाराष्ट्र के एक क्षेत्रीय दल के नेता ने दिल्ली में बैठे राष्ट्रीय पार्टी के नेता को फोन करके पूछा कि हम हार गये, अब क्या करना?**

**राष्ट्रीय पार्टी के नेता का जवाब कि, हमारा तो रोज का है, तुम देखो क्या करना...**

उदाहरण के लिए ऐसे दर्जनों वाक्या हैं, जो जीत के प्रति आश्वस्त होने के बाद झारखंड में भाजपा के झारखंडी शीर्ष नेतृत्व किस प्रकार का व्यवहार करता है उसकी बानगी प्रस्तुत करता है।

इसके पहले झारखंड भाजपा की जोड़ तोड़ कर बनी रघुवर सरकार की हार का कारण रघुवर को मिला फ्री हैंड था। जिसके कारण पूरा चुनाव एक अधिकारी के 65 सीटों की जीत के दावे के आधार पर लड़ा गया। अमित शाह और मोदी तक पहुंचा संवाद भी बेकार गया। सीएम रघुवर हारे। अब महामहिम हैं। इस चुनाव की चर्चा के इसलिए आवश्यक है क्योंकि इस चुनाव से भाजपा ने क्या सीखा?

जबाव होगा शायद कुछ भी नहीं। सिर्फ एक पंक्ति कि हमारा जनाधार बढ़ा है कहकर पल्ला झाड़ लिया।

**चर्चा में**

इस चुनाव में बुरी हार, सबसे बुरी हार नहीं (जब भाजपा को मात्र 18 सीट आयी थी) के बाद कारणों की समीक्षा 30 नवंबर को होगी। लेकिन यह हार उस 18 सीट के परिणाम से ज्यादा बड़ी थी। पिछली हार के बाद भाजपा ने रघुवर दास को किनारे किया और बाबूलाल मरांडी के विकास मोर्चा का भाजपा में विलय करा दिया। आजसू से सीट शेयर कर लिया। कुल मिलाकर पिछले चुनाव के हार के कारणों को समाप्त कर जीत को लेकर आश्वस्त हो गये।

लेकिन पार्टी में शीर्ष पर बैठे लोगों की राजनीति और आम कार्यकर्त्ता के बल पर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा ने अपने लोगों की उपेक्षा कर पार्टी में हायर लीडर्स की भीड़ जमा किया। भाजपा की अपनी कमियों का एहसास समाप्त हो चुका था, जीत निश्चित जान कर अपना पद पक्का करने के फेर में खेल आरंभ हो चुका था।

लोहरदगा से हटाकर गुमला से सुदर्शन भगत को टिकट मिलना, लुईस का टिकट कटना, पूर्व सीएम के रिश्तेदारों को टिकट, सीता सोरेन को जामा से जामताड़ा सीट पर भेज देना, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष शिवशंकर उरांव को टिकट न मिलना जैसे कई कारनामे भाजपा ने चुनाव पूर्व किया। जिससे साफ हो गया कि पार्टी जीत के प्रति आश्वस्त है। कुछ रिपोर्ट भी छपे कि भाजपा अब आयातीत नेताओं के बल पर चल रही है। दिल्ली भी बात पहुंचा दी गयी, लेकिन रघुवर सरकार की हार की तरह या उससे भी बुरी स्थिति में भाजपा आरामगाहों में सिमट गयी। अपने नेताओं के बीच भारी चिढ़, काटा-काटी अंदर चलता रहा। सिर्फ व्यक्ति बदल गया स्थितियां और खराब होती चली गयीं। अंततः परिणाम भी मिल ही गया।

चुनाव में माटी, बेटी और रोटी की समस्या शब्दों में खूब चलायी गयी, लेकिन वो सब बुझे मन से काम करते कार्यकर्त्ताओं को भी समझ में नहीं आया। इसका अर्थ और इस समस्या की व्याख्या तक भाजपा के शीर्ष नेता ठीक से नहीं करते रहे। उनका चुनाव प्रचार विगत हार के बाद इस बार और अधिक बिखरा हुआ रहा। भाजपा अब कौन सी भाजपा है? रघुवर दास वाली या मरांडी वाली।

महाभारत के एक प्रकरण में यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा कि सबसे बुरा क्या होता है युधिष्ठिर ने कहा था- राजा होना। फिर पूछा सबसे बुरा कौन है? युधिष्ठिर ने कहा था- जिसकी बुद्धि संशयात्मक हो।

हार से आहत सैलून वाला, आहत भाजपा नेत्री जिसको लुईस मरांडी ने अपनी पीड़ा बतायी या गौरव वल्लभ का यह ट्वीट क्या आम समर्थकों को समझ में आती है। हवा-हवाई बनती पार्टी के झारखंड यूनिट का ध्वस्त होना भारत की लोकतांत्रिक मूल्यों पर सवाल है। हार या जीत के कारणों में व्यक्तिगत पद की चाह और स्वार्थ बड़ा होगा तब राज्य का आम आदमी पलायन, गरीबी, बेरोजगारी से त्रस्त होगा। **(लेखक खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर हैं।)**

# बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना

**-योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, त्तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा।

एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था। राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार

**रक्षा**

लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है।

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं।

भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था रॉयल इंडियन एयरफोर्स। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्न की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे।

आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्सह्न का नाम बदलकर ह्यइंडियन एयरफोर्सह्न कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी वेस्टलैंड द्वारा निर्मित वापिती-2ए था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### ए ला एंग्लाइज में मना संविधान दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में मंगलवार को 75वीं संविधान दिवस मना। विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के महत्व को समझने और उसे आत्मसात करने का प्रण लिया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि हमारा संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला है। यह समानता, स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक भी है। छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। कई प्रतियोगिता हुईं, इसमें निबंध, पोस्टर मेकिंग और चित्रकला आदि शामिल थे। नाटक के माध्यम से भी संविधान के अधिकारों और कर्तव्यों को रेखांकित किया गया।

### 70 करोड़ की लागत से बनेगा रोड



रामगढ़। अचार संहिता की समाप्ति के बाद उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ निर्माण हेतु लगभग 70 करोड़ के राशि की स्वीकृति दी है। जिससे रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि रामगढ़ जिला के विकास एवं लोगो को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है।इसी क्रम में शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र तक आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद के 70 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह कार्य पहले ही किया जाता परंतु आदर्श आचार संहिता लग जाने से विलंब हुआ। किन्तु अब सभी कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि यही किन्ही को लगता है कि उनके क्षेत्र में पीसीसी पथ होना चाहिए तो वे अविलंब अपने जनप्रतिनिधि के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### रोटरी क्लब ने दिव्यांग को दिया व्हीलचेयर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने बुधवार को भी अपना सामाजिक धर्म निभाते हुए शास्त्री चौक के समीप सोनार पट्टी शास्त्री चौक निवासी दिव्यांग मो. इस्लाम को व्हील चेयर दिया। रोटरी के इस पहल की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। क्लब के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही जानकारी मिली थी कि शास्त्री चौक निवासी मो. इस्लाम दोनों पैरो से अपाहिज है, जिसके कारण उसे आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी मिलते ही रोटरी क्लब के तमाम लोगों ने निर्णय लिया कि दिव्यांग मो. इस्लाम के लिए तत्काल व्हील चेयर की व्यवस्था की जाये। इसी को लेकर मो. इस्लाम को व्हील चेयर दिया गया है ताकि उन्हें आवागमन में सुविधा मिल सके।

### अग्रगति ने चलाया जागरूकता अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ज्ञान ज्योति केंद्र स्कूल चिकोर में अग्रगति संस्था ने बुधवार को किशोरियो के बीच बाल मजदूरी, बाल विवाह और बाल तस्करी के रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान चलाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनुक धारी महतो के देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में पतरातु प्रखंड की कांउसलर इशरत जहां ने बच्चो को बाल मजदूरी, बाल विवाह और बाल तस्करी के रोकथाम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यह देश और समाज के लिये अभिशाप है। लड़कियों की शादी 18 साल से पहले करना कानुन अपराध हैं। बच्चियों का विवाह अभिभावक 18 साल के बाद करें। उन्होने कहा कि होटल और गैरेज में 14 आयु वर्ग से कम के बच्चो से काम नही कराए। उन्हें काम करने से रोकने का काम करें। अग्रगति और सीडब्लुसी मिलकर संयुक्त रूप से काम कर रहें है।

### इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा के निधन पर शोक



**रामगढ़।** धनबाद साइबर थाना में पदस्थापित इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 25 नवंबर को धनबाद से अपने घर जमशेदुपर गए थे। मंगलवार को उनकी तबीयत खराब हई। जिसके बाद उन्हें टीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे 1994 बैच के पुलिस पदाधिकारी थे और रामगढ़ थाना में भी उन्होंने योगदान दिया था। रामगढ़ थाना में उनके कार्यकाल के दौरान थाना क्षेत्र के लोगों से उनकी व्यवहार कुशलता के कारण लोग उन्हें आज भी याद करते हैं। उनके निधन की खबर सुनकर रामगढ़ के कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### सभी वादे पूरा करेंगे: तिवारी महतो



**कुजू।** आजसू पार्टी मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो का बुधवार को मरार में आभार यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा आजसू के कार्यकताओं समेत ग्रामीणों ने निर्मल महतो को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, ग्रामीणों ने तिलक लगाकर आशीर्वाद दी। वहीं, निर्मल महतो ने सभी का आभार प्रकट किया। कहा कि हमने जो वायदा किया है। उसे जल्द ही प्राथमिकता के तौर धरातल पर उतरने का प्रयास करूंगा। निश्चित ही पूरे मांडू विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी। मौके पर जयकिशोर महतो, गुड्डू सिंह समेत भाजपा आजसू के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राहुल दूबे गैंग के अपराधियों ने तोपा चेक पोस्ट पर की फायरिंग

## बिना मैनेज किये काम नहीं करने का पर्चा छोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सीसीएल तोपा परियोजना चेक पोस्ट में मंगलवार देर रात नकाबपोश अपराधी आ धमके। साथ ही चेक पोस्ट के दरवाजे पर फायरिंग कर दी। अपराधी जाते-जाते कोयला लोडिंग के लिए पहुंचे ट्रक के चार टायर पर फायरिंग कर दिया। साथ ही ट्रक पर आग भी लगाने का प्रयास किया। लेकिन ट्रक चालक जैसे-तैसे ट्रक को लेकर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय सदल बल जवानों के साथ पहुंच कर घटना का जायजा लिया। साथ ही अपराधियों द्वारा मैनेज करने को लेकर छोड़े गए पर्चा के साथ आधा दर्जन से अधिक खाली खोखा को बरामद किया। छोड़े गए पर्चा में घटना की जिम्मेवारी राहुल दुबे गैंग ने ली है। वहीं घटना के बाद से क्षेत्र के कोयला व्यापारी, सेल संचालन समिति, रैक लोडर, डीओ होल्डर आदि व्यापारी डरे सहमे है। सीसीएल सुरक्षा कर्मी धनराज जोशी ने बताया कि रात्रि करीब 9:30 बजे बाइक से अपराधी आये, और बाहर निकलने को कहा। जब मैं बाहर निकला तो अपराधी दरवाजे व दीवार पर फायरिंग किया। वहीं पास में खड़े ट्रक के टायरों में भी फायरिंग कर दिया। वहीं जाते-जाते धमकी भरा पर्चा को भी छोड़ा। छोड़े गये पर्चा में साफ-साफ लिखा है कि मैं राहुल दूबे इस घटना की जिम्मेवारी लेता हूं। हमारा अमन साहू गिरोह से कोई लेना-देना नहीं है। आज के बाद रामगढ़ जिला में हम खुदका गिरोह चलायेंगे। आप सभी कोयला व्यापारी, रैक लोडिंग, डीओ होल्डर, लिफ्टर, सेल ऑर्डर, कुजू साइडिंग, तोपा कोलियरी कमिटि को चेतावनी दे रहे है, बिना मैनेज के काम करेंगे तो अगली बार चेतावनी नहीं खोपड़ी खोल देंगे, उसके बाद कॉल करेंगे।



# बरही अनुमंडल अस्पताल में सहियाओं को दी गयी ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना और प्रमुख बीमारियों की रोकथाम के लिए सहियाओं को प्रशिक्षित करना था। इस सत्र का नेतृत्व जिला वीबीडी (वेक्टर बोर्न डिजीज) सलाहकार मैंमूर सुल्तान ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को स्लाइड संग्रह की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान, मैंमूर सुल्तान ने मलेरिया, फाइलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के लक्षण, कारण और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सहियाओं को बताया कि किस प्रकार इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता फैलाना और नियमित रूप से जांच करना आवश्यक है। स्लाइड संग्रह करने की तकनीक पर विशेष जोर दिया गया, ताकि बीमारी की शुरूआती पहचान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के प्रमोद कुमार और देविका कुमारी ने भी सहियाओं को समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका की महत्ता को समझाया। लैब टेक्नीशियन प्रहलाद कुमार और मलेरिया सुपरवाइजर मोहम्मद इरशाद आलम ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।प्रशिक्षण में शामिल सभी सहियाओं को न केवल तकनीकी जानकारी दी गई, बल्कि उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। सहियाओं ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान और रोकथाम के नए तरीके सीखने को मिले हैं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इस उद्देश्य के साथ आयोजित किया गया कि सहिया अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी तरीके से प्रदान कर सकें। आयोजनकताओं का मानना है कि इस प्रकार की पहल से मलेरिया, फाइलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के खिलाफ सामूहिक लड़ाई को मजबूती मिलेगी और स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार होगा।

### बाल विवाह पर जन जागरूकता अभियान

**हजारीबाग।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण सभागार में की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने दीप करके किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलायी गयी।

बीडीओ के अतिरिक्त निदेशक, समाज कल्याण, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी उपायुक्त, सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका तथा सभी पंचायत सचिव व अन्य उपस्थित थे।

### कुलपति ने किया विनोबा विवि परिसर का औचक निरीक्षण

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ किशोर कुमार गुप्ता, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता, रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार साहा, कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम, खेल निदेशक डॉ राखो हरी तथा कुछ कर्मचारी साथ-साथ चल रहे थे। उन्होंने सबसे पहले नवनिर्मित बॉयज हॉस्टल पहुंचकर भवन के आसपास तथा भवन के अंदर की स्थिति का जायजा लिया। विद्युत तथा जल की व्यवस्था का जायजा लिया व उसे ठीक-ठाक पाया। पानी की टंकी की सफाई की बात कही गई। परिसर के चारों तरफ झाड़ी और लंबे-लंबे घास पाए गए जिसे साफ करने के निर्देश दिए । कुलपति छात्राओं के लिए निर्मित दो छात्रावासों का निरीक्षण किया। वहां साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद कुलपति एवं उनके साथ चल रही टोली बड़े वाले खेल मैदान पहुंचे।

# जमीन विवाद में छोटे भाई की पीट-पीटकर हत्या

### परिजन और ग्रामीणों ने ग्रैंड ट्रंक रोड को किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द में जमीन विवाद को लेकर भाई ने अपने छोटे भाई आसीन अंसारी को पीटकर मार डाला। घटना बुधवार के दोपहर की है। हत्या के विरोध और हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीणों ने स्वर्ण चतुभुर्जी मार्ग ग्रैंड ट्रंक सड़क पर शव को रखकर रोड जाम कर दिया। रोड जाम करीब डेढ़ घंटे तक रहा। जाम में दर्जनों छोटी बड़ी गाड़ियां फसी रही।

घटनास्थल पर पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थानाप्रभारी राजेश भोक्ता, गोरहर थानाप्रभारी अजय कुमार सिंह सदल बल के साथ पहुंचे। पुलिस और प्रबुद्ध ग्रामीणों ने जाम करने वालों को बताया कि हत्या में शामिल माशूक अंसारी समेत तीन आरोपियों को पकड़ लेने की बात पर जाम हटाया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई। मृतक अपने हिस्से की जमीन में वर्षों पहले घर बनाया। उसके घर के सामने खाली जमीन है। हत्या के आरोपी माशूक अंसारी उस जमीन को अपना बताते हुए घर निर्माण के लिए बुनियाद काटने लगा। इसपर आसीन अंसारी ने विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसके बाद माशूक अंसारी ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर पीट पीटकर हत्या कर दी। पीड़ित परिजनों के मुताबिक घर के सामने आरोपियों के द्वारा घर बनाने से घर का रास्ता बंद हो जा रहा है। जबरन वह घर के सामने घर बनाने से रास्ता बंद कर बुनियाद काटने लगा। मना करने पर हत्या कर दी गई।



### हाइवा -ट्रक में टक्कर, चालक की मौत और खलासी घायल

**बड़कागांव।** बड़कागांव हजारीबाग रोड 13 माइल स्थित बुढ़ना घाटी के पास त्रिवेणी का कोयला लदा एक हाईवा एवं 12 चक्का ट्रक के बीच भिड़ंत हो गया। मौके पर ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई ,वहीं खलासी घायल हो गया। यह घटना बुधवार अहले सुबह लगभग 4 बजे की है। घटना की सूचना पाकर सीआईएसएफ एंव बड़कागांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। मृतक की पहचान कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया निवासी कुंदन कुमार के रूप में की गई है। जब कि घायल नारायण कुमार के रूप में पहचान की गई है। घायल नारायण कुमार एवं हाईवा के घायल चालक को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ट्रांसपोटिंग करने वाली हाईवा गाड़ी कोयला लेकर बाना दाग रेलवे साइडिंग की ओर जा रही थी।वही विपरीत दिशा हजारीबाग से बड़कागांव की ओर सरिया लदा हुआ ट्रक आ रहा था। इसी दौरान हाईवा एवं ट्रक में जोरदार टक्कर हो गया।चालक कुंदन कुमार की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई । मृतक का शव ट्रक के गेट में फंस गया था। जिसे निकालने में परेशानी हुई।सीआईएसएफ व पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक में फंसे मृतक का शव को ट्रक के गेट को रेती से कटकर निकाला गया।

# जेंडर हिंसा के खिलाफ जागरुकता कार्यशाला आयोजित

## पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर कई कार्यक्रम होंगे : शिप्रा सिन्हा

खबर मन्त्र संवादादाता

हजारीबाग। जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान रोजाना की जीवनशैली के आधार पर बहुत ही सरल भाषा में विस्तृत जानकारी दी गई कि कैसे हम सभी मिलकर जेंडर आधारित महिलाओं एवं बच्चों पर हिंसा पर जागरुकता लाते हुए अंकुश लगा सकते है। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली सरकारी योजनाओं को विस्तृत जानकारी दी गई एवं पलाश जेएसएलपीएस के सहयोग से शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए अपील की गई। कार्यक्रम मुख्य रूप से वन स्टॉप सेंटर, आंगनबाड़ी केन्द्र, पुलिस केन्द्र, विद्यालयों, बाल देखरेख गृह, गैर सरकारी संस्थाओं, जेंडर रिर्सोस सेंटर, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा संचालित युवा क्लबों आदि सेंटरों में किया जाना है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम के तहत तत्सम्बन्धी विषयों से संबंधित रैली, प्रभात फेरी, मानव श्रृखंला, साईकिल रैली, मैराथन दौड़, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, खेल-कूल प्रतियोगिता, कैंडल मार्च, सांप-सीढ़ी खेल, नुक्कड़ नाटक का आयोजन पूरे जिले में पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर किया जायेगा। मौके पर बताया गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएल को नामित किया गया है। साथ ही कार्यक्रम में जेंडर आधारित हिंसा एवं बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, दीप नारायण चैधरी, युनिसेफ राजनंदनी गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधिगण, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, जेएसएलपीएस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।




## एक नजर में

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मना संविधान दिवस



हजारीबाग। हजारीबाग स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर शिक्षकों और बच्चों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। फिर शिक्षकों ने बच्चों को संविधान के महत्व से अवगत कराया। प्रभारी प्रधानाध्यापक नागेश्वर कुमार अग्रवाल की देख रेख में सभी ने भारतीय संविधान को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली। इस मौके पर शिक्षकों और विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। मंच संचालन सहायक शिक्षक पवन कुमार ने किया। कार्यक्रम में बाल संसद की प्रधानमंत्री डोली कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर सहायक शिक्षक अन्नू कुमारी, काजल कुमारी, रूपेश कुमार दास, पंकज कुमार सिंह, चितरंजन कुमार, सहायक अध्यापकों में बाल गोविंद राम, मूलो राम, सरिता कुमारी, शीला कुमारी एव बच्चे उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सहायक शिक्षक शंकर लाल चौरसिया ने किया।

### पायोनियर ने लगाया फसल प्रदर्शनी



**बरकट्ठा ।** प्रखंड के जतघघरा गांव में पायोनियर बीज कंपनी ने फसल प्रदर्शनी लगाया, जिसमें पायोनियर उन्नत हायब्रिड बीज 27पी37 की खड़ी फसल पर किसानों को बीज की गुणवक्ता से रूबरू कराया गया । कम्पनी के मैनेजर समित कुमार ने कहा पायोनियर 27पी37 संकर धान 2 नंबर जमीन के लिए काफी उपयुक्त है ,इसकी बाली लंबी और वजनदार होती है जिससे ये किसी भी अन्य धान से 4 से 5 कुंटल अधिक पैदावार देने में सक्षम है,साथ ही ये विपरीत परिस्थितियों में भी किसानों को अच्छी पैदावार देता है। किसानों को बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए समित कुमार ने बताया कि तना छेदक बीमारी धान में लगने वाली एक आम बीमारी है इसे समय पर दावा प्रयोग कर रोका जा सकता है। मौके पर कंपनी के एम डी आर उमेश प्रसाद , किसान सुबास यादव मनोज यादव मौजूद थे ।

### झरपो स्वास्थ्य उपकेंद्र में जन आरोग्य समिति गठित

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में चिकित्सक, एएनएम,जीएनएम , झरपों भराजो पंचायत के 16 की संख्या में सहिया कर्मी , अस्पताल वार्ड इंचार्ज,सफाई कर्मी ,हॉस्पिटल सिक्यूरिटी गार्ड की मौजूदगी में जन आरोग्य समिति बैठक कर गठन किया गया । जिसका सदस्य झरपों भराजो पंचायत की सहिया कर्मी थी। बैठक की अध्यक्षता झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने किया ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री सोनी ने कहा कि यह बैठक का उद्देश्य झरपो भराजो पंचायत और आस पास के गांव के जनता के स्वास्थ्य हित की गई है। झरपो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के डॉक्टर एंजेल स्वाति ,चिकित्सा कर्मियों संग समिति के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि गठित समिति के सदस्य अपने नियमित समय में अस्पताल आए और रोगियों का इलाज करे जो दवा अस्पताल में मौजूद है उस दवा को रोगियों को देने में आना कानी नहीं करे , अस्पताल का प्रचार प्रसार करे ताकि सभी लोगों को स्वास्थ्य उपकेंद्र के बारे में जानकारी हो तथा किसी को भी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । सभी सहिया अपने अपने कार्य क्षेत्र में नियमित रूप से सरकारी नियमावली के साथ कार्य करें । किसी भी रोगीयो और उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करे ।वही बैठक में कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान एएनएम विनीता कुमारी,अनीता, पुष्पा देवी,सोनी,अंजनि, रीता देवी,सुमित्रा देवी,मंजू , राधा,उषा रानी,चंपा देवी,अनीता देवी, चमेली देवी, सुरक्षा प्रहरी अशोक कुमार,शामिल थे।

### जागरण क्लब अध्यक्ष के साथ मारपीट

**कटकमसांडी।** मामूली विवाद को लेकर कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांड़ गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जागरण पंचायत क्लब के अध्यक्ष दिनेश्वर साव के साथ मारपीट के घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट मे जख्मी दिनेश्वर साव का इलाज रात मे ही शेख भिखारी मेडिकल कालेज व अस्पताल मे कराया गया। दूसरे दिन बुधवार को कटकमसांडी थाने मे गांव के ही रामू साव, छोटन साव व सचिन कुमार के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। भुक्तभोगी दिनेश्वर साव ने बताया कि उक्त लोगो द्वारा मुख्य सड़क पर मवेशी बांध देते हैं, जिसका विरोध मुखिया प्रतिनिधि ने किया था। गत मंगलवार को सड़क मे बंधे मवेशियों के साथ लाने ले जाने के दौरान मेरा एक मवेशी लड़ बैठा। बस इस छोटी सी घटना को तूल देते हुए उक्त आरोपितों ने दिनेश्वर साव व उसकी पत्नी को घर मे घुसकर मारपीट कर दी। साथ ही उक्त आरोपितो मे एक छोटन साव ड्रग्स बिक्री मामले मे जेल जा चुका है। वह दो माह पूर्व हजारीबाग जेल से बाहर आया है, जो ड्रग्स मामले में पकड़ाए जाने का आरोप दिनेश्वर साव पर लगाते हुए इस घटना को अंजाम दिया है। कटकमसांडी पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। बताया कि दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई होगी।

### विधायक सुरेश पासवान का बरही में स्वागत

बरही। देवघर विधानसभा सीट से नव निर्वाचित राजद विधायक सुरेश पासवान का पटना से रांची जाते समय झारखंड के बरही चौक पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। फूल-मालाओं से सजे इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं ने झारखंड में इंडिया गठबंधन की सफलता पर बधाई दी और इसके प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक सुरेश पासवान ने कहा, झारखंड में हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में बनने वाली इंडिया गठबंधन की सरकार बहुत सशक्त होगी। यह सरकार सभी समाज को साथ लेकर विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का संकल्प भी दोहराया। स्वागत समारोह के दौरान कांग्रेस के बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, एससी मोर्चा अध्यक्ष कार्तिक पासवान, पंचायत अध्यक्ष रिजवान अली और अन्य स्थानीय नेताओं ने विधायक श्री पासवान को झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की। कार्यक्रम में ओबीसी जिला महासचिव सुनिल साहू, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, पंचायत सदस्य मो. तैयब, पंकज पासवान, भोली पासवान, सुधीर रजक, अमित पासवान उर्फ गोल्डी समेत कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार को लेकर कार्यकताओं और जनता में उत्साह साफ झलक रहा है। सभी ने इस नई सरकार के माध्यम से झारखंड के सर्वांगीण विकास की उम्मीद जताई।

### पत्रकारों ने दिग्वार आश्रम में दिया पूजा सामग्री

दारू। दारू प्रखंड के अंतर्गत कवालू कोनार नदी के आगे बीच जंगल में आश्रम बना हुआ है, जो तुरीवार दिग्वार में आता है, जब इसकी सूचना दारू प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार राजन सिन्हा ,रौशन सिन्हा,पप्पू कुमार के पास पहुंचा तो उन्होंने अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए पत्रकार साथियों से मिलकर एक बैठक रखें और उस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साधु संतों को हम लोग सहयोग करेंगे और जनता से भी सहयोग मांगेंगे और वरिष्ठ पत्रकारो ने दारू प्रखंड के हर एक व्हाट्सएप ग्रुप में साधु संतों को सहयोग करने के लिए एक अपील मैसेज भेजे जिसमें से कई लोगों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया और पत्रकार साथियों ने एक दिन निश्चित किया कि हम लोग साधु बाबा के पास जाकर आर्थिक रूप सहयोग करेंगे अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए पत्रकार साथियों ने साधु बाबा के पास पहुंचकर खाद सामग्री , पूजा सामग्री और भगवा वस्त्र दिया और पत्रकारों ने बाबा से कहा कि आपको जब भी जरूरत पड़े तो आप मुझे बेहिचक बोल सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## अवैध कोयला लदा ट्रक के साथ चालक गिरफ्तार

**सिमरिया।** डीएमओ मनोज टोप्पो बुधवार को बगरा जबड़ा पथ पर अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा और सिमरिया थाना को सुपुर्द कर दिया। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चालक हेरहंज थाना क्षेत्र के बिजरा गांव निवासी सद्दाम अंसारी हैं। थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि ट्रक संख्या (ओ आर 11 जे 5371) अवैध कोयला लेकर चतरा की ओर जा रहा था। गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रक में 25.50 टन अवैध कोयला लदा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना कांड संख्या 192/ 24 के तहत मामला दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया गया।

## इचाक जंगल में पुलिस ने की गांजा की खेती को नष्ट



**गिद्धौर।** बुधवार को थाना क्षेत्र के इचाक जंगल में लगी गांजा की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि इचाक जंगल में गांजा के पेड़ लगे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में छापेमारी की और 30 से 40 गांजा के पेड़ों को नष्ट कर दिया। पुलिस अब गांजे की खेती करने वाले लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## दो दिवसीय ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम सह कार्यशाला का आयोजन



**चतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साव के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास द्वारा चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विस फॉर चिल्ड्रेन स्कीम 2024 का दो दिवसीय ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम सह कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय चतरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला जज एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय कमल श्रीवास्तव और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, पैनल एडवोकेट और अधिकार मित्र उपस्थित थे। कार्यशाला में बच्चों से संबंधित कानून और उनके हितों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला दो दिनों तक चलेगी।

## निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन



**चतरा।** जिले के कुन्दा थाना परिसर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई मामलों में सुलह समझौता कराया गया और लोगों को विभिन्न कानूनी विषयों पर जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को डालसा द्वारा दी जाने वाली अन्य विधिक सेवाओं के बारे में भी बताया गया। अधिकार मित्र अजित कुमार ने लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के टोल-फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी, जिस पर कॉल करके वे कानूनी सलाह और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में कुन्दा पुलिस पदाधिकारी, पीएलवी अजीत कुमार और कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# जनाब ये है चतरा आम- आवाम बेहाल !

### कंपनी प्रबंधन, सरकार और सरकारी सिस्टम मालामाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** अतिक्रमित सार्वजनिक ग्रामीण सड़कों से भारी वाहनों के परिचालन से मौत, मातम और मुआवजा के दौरान समुचित प्रबंध व रोकथाम को लेकर नेताओं और प्रशासन के किये सैंकड़ों खोखले वादे रोज यहां चकनाचूर हो रहे हैं। नवनिर्वाचित सांसद द्वारा चट्टी- बारियातू परियोजना का कोयला टंडवा -सिमरिया मुख्य सड़क से ढुलाई पर पूर्ण विराम लगाने की पुरजोर वकालत कर सड़क पर गमछा बिछाकर आंदोलन करने की तब कही हुई बातें सब मानों हवा- हवाई हो गई है। चुनावी परिणाम घोषित होने से ठीक एक दिन पहले हीं 2 जून को मिश्रोल के अहमदनगर में कोल वाहन से मारे गये मजदूर के प्रति संवेदना व्यक्त के दौरान कही बातें



सब को बखूबी याद है। पूर्व विधायक के दम तोड़ चुके अल्टीमेटम के बाद आंदोलन को लेकर सांसद का उक्त बयान को संजीवनी की भांति शिरोधार्य करते हुए लोगों ने उम्मीदों के ऊंचे- ऊंचे मीनार बना लिये थे, जो अब धीरे-धीरे रेत की भांति ढहने लगा है। नित दिन सड़क दुर्घटनाओं, जहरीले धूल और राख के चपेट में आकर लोग मारे जा रहे है! नो एंट्री के जारी प्रशासकीय दिशा-निर्देशों की बेखौफ धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं अनियंत्रित और उच्चगति परिचालन पर रोक लगाने में प्रशासन की विफलता सबके सामने है। सड़क किनारे रहने वाले भय के साये में जीने को विवश लोग कोयले व राख के भारी प्रदूषण से बेहाल हैं। सरकारी तंत्र का इतना लाचार होने के कई कयास लगाए जाते हैं। जनहित और जनता सर्वोपरि के सिद्धांतों पर आधृत प्रजातांत्रिक व्यवस्था के कतई अनुकूल नहीं माना जा सकता है।

### एनसीसी कैडेट रितु सिंह इस बार

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए संभावित प्रतिभागियों में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जग्गनाथ जैन कॉलेज झुमरीतिलैया की छात्रा और एनसीसी कैडेट रितु सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से झारखंड और बिहार का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि रितु इस बार गणतंत्र दिवस परेड के लिए संभावित प्रतिभागियों में शामिल हैं और प्रधानमंत्री के समक्ष बिहार-झारखंड की सांस्कृतिक झलक पेश करने के लिए पूरी तैयारी कर रही है। रितु ने एनसीसी में 11वीं कक्षा से ही प्रवेश लिया था और डिफेंस में करियर बनाने का सपना देखा। बी सर्टिफिकेट एग्जाम पास करने के बाद रितु ने जेजे कॉलेज में दाखिला लिया, अब तक रितु 8 से अधिक एनसीसी कैंपों में हिस्सा ले चुकी है। उन्होंने विभिन्न एनसीसी बटालियन के तहत धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़ और ग्रिजली सैनिक स्कूल समेत झारखंड की विभिन्न बटालियनों में आयोजित प्रतियोगिताओं में 700-800 कैडेट्स के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया। चुनौतीपूर्ण है कि चयन प्रक्रिया गणतंत्र दिवस कैप (आरडीसी) के लिए चयन प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही। रितु ने रांची और हजारीबाग में आयोजित आईजीजीबीसी कैंप में शानदार प्रदर्शन किया। रितु को पूरा भरोसा है कि वह इस टीम का हिस्सा बनेंगी और देशभर के सामने बिहार-झारखंड की कला और संस्कृति को प्रस्तुत करने का मौका पायेंगी। रितु ने कहा कि एनसीसी ने उन्हें आत्मविश्वास दिया और उनके सपनों को साकार करने का मार्ग दिखाया, वह पूरी मेहनत कर रही है और उम्मीद है कि पटना में अंतिम चयन में जगह बनायेगी।

## आपसी समन्वय से पारदर्शी रूप मे योजनाओं को धरातल पर उतारे: बीडीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के सेरेनदाग पंचायत में बुधवार को ग्राम पंचायत के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्रखंड विकाश पदाधिकारी बीडीओ चन्द्र देव प्रसाद ने मुखिया, उपमुखिया, सभी ग्राम पंचायतों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचायत मे मनरेगा, आवास एवं 15वीं वित्त की योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ पारदर्शी रूप मे धरातल पर उतारें। सभी योजनाओं की जानकारी सभी को होनी चाहिए। मनरेगा मे सभी ऑन गोइंग योजना की जांच सम्बंधित कनीय अभियंता, सहायक अभियंता निश्चित रूप से एरिया ऑफिसर एप्प के माध्यम से ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। आवास योजनाओं से सम्बंधित प्रतीक्षा सूची, योग्य एवं अयोग्य लाभुकों की सूची को पूर्ण रूप से पारदर्शी करेंगे एवं सभी ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ पंचायत सचिव निश्चित रूप से साझा करेंगे। 15 वीं वित्त मे वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष राशि के खर्च हेतु कार्यकारिणी की बैठक अविलम्ब कराएंगे एवं सभी ग्राम पंचायतों को ग्राम स्वराज पोर्टल पर एंट्री किये गए सभी योजनाओं की जानकारी पंचायत सचिव उपलब्ध कराएंगे। साथ ही बीडीओ ने सभी ग्राम पंचायत सदस्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस बात निश्चित रूप से ख्याल रखेंगे कि आप भी निरंतर पंचायत भवन मे बैठे और सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर जनता तक भी पहुंचे। वहीं प्रखंड विकाश पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक हरेक सप्ताह एक पंचायत का विजिट कर लोगों के साथ बैठक करते हुए समन्वय स्थापित की जाएगी।

## वृद्धाश्रम में गर्म कपड़ा, टोपी, मौजा, दवाइयां एवं फल का वितरण

**कोडरमा।** आईएमए के द्वारा अड्डी बंगला स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा वहां पर रह रहे वृद्धजनों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वृद्धाश्रम में व्यवस्था किस प्रकार से सुदृढ़ हों उस पर भी गहन चर्चा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों से भी इस बारे में बात की गई। वहीं चिकित्सकों के द्वारा वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को गर्म कपड़ों, टोपी, मौजे, दवाइयों एवं फल का वितरण किया गया। मौके पर डॉ. रामसागर सिंह, डॉ. मनोज भदानी, आरती भदानी, डॉ.सुजीत राज, डॉ. आरक़े दीपक, डॉ. राजीव कान्त पाण्डेय, डॉ.नीरज साहा मौजूद थे।

## पैक्सों के माध्यम से शुरू हो धान की खरीदारी : सईद नसीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने झारखंड के नवनिर्वाचित सरकार के होने वाले मुखिया हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर जिले भर की किसानों की वर्तमान समस्या से अवगत व ध्यान आकृष्ट कराते हेतु बताया कि जिले भर में पैक्सों के माध्यम से अब तक धान की खरीदारी शुरू नहीं होने के कारण किसान मजबूरी वश बिचौलियों के हाथों सरकार द्वारा किए गए धान की कीमत के वादा 3100 से भी आधे से भी कम 1400 या 1500 रुपये प्रति किवंटल धान बेचने को



मज़बूर हैं।

कई किसान बुवाई के समय बैंक से या स्थानीय साहूकारों से कर्ज लेकर धान की बुवाई कि, ऐसे में निश्चित समय पर पैक्सों के माध्यम से धान की खरीदारी शुरू नहीं होने के कारण महाजनों के बढ़ते दबाव और कर्ज को बढ़ते देखकर जिले भर के किसान औने पौने दाम में अपने धान को बेचकर कर्ज चुकता करने में लगे हैं। इस संदर्भ में सईद नसीम ने हेमंत सोरेन से किसानों की हित को सुनिश्चित करने हेतु मांग किया की धान का क्रय मूल अपने वादे के मुताबिक 3100 प्रति क्विंटल निर्धारित करते हुए पैक्सों के माध्यम से खरीदारी शुरू करने का आदेश जिले के पदाधिकारी को दें, ताकि किसान अपने उपज के मुताबिक और सरकार के किए गए वादे से लाभान्वित हो सके। किसानों द्वारा किये गए हाड़तोड़ मेहनत का लाभ चंद बिचौलिए न ले सके।

## अवैध बालू खनन पर कार्रवाई

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न बालू घाटों पर हो रहे अवैध उत्खनन और बालू की कालाबाजारी को लेकर सीओ सारांश जैन व थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से करियावां बराकर नदी घाट पर छापामारी कर अवैध उत्खनन में लगे एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि इस दौरान कई लोग अपने ट्रैक्टर को लेकर भागने में सफल रहे। वहीं अंचल प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद विभिन्न घाटों पर इस कारोबार में लगे लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। वहीं सीओ श्री जैन ने बताया कि अवैध उत्खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जायेगी, बालू के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जायेगा।

## एसपी ने मरकच्चो थाना का किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदिप सिंह ने बुधवार को मरकच्चो थाना का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना अभिलेख, प्राथमिक पंजी के साथ साथ पुलिस पदाधिकारी व कर्मीयों की कार्य क्षमता का जायजा लिये। वहीं उन्होंने थाना के पदाधिकारियों व कमीयों से उनकी कार्यशैली की जानकारी लिए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं थाना प्रभारी एवं थाना में उपस्थित पदाधिकारी व कर्मियों के बीच थाना के अभिलेखों एवं अन्य कार्यों का बटवारा कर थाना के सभी अभिलेखों का सही तरीके से संचालित कर अपडेट करने का दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि आम जनता एवं पुलिस के बीच की दूरी को कम कर आम जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित कर थाना स्तर पर प्रभावी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## कार की चपेट में आकर साइकिल सवार छात्र घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित राधा फ्यूल जंक्शन के समीप बुधवार दोपहर एक हुंडई कार ने साइकिल सवार छात्र को अपनी चपेट में लेते हुए पेड़ से टकरा गयी। पेड़ में टकराने के कारण कार क्षतिग्रस्त हो गया तथा स्कूल से पढ़कर आ रहे 18 वर्षीय छात्र प्रिंस कुमार पिता कन्हैया पासवान साकिन अम्बाडीह पपलो निवासी बुरी तरह घायल हो गया। वहीं साथ में आ रहे छात्र रोशन कुमार पिता प्रदीप राणा साकिन अम्बाडीह पपलो निवासी को मामूली चोट लगी।

दोनों छात्र संत जेवियर्स स्कूल मरकच्चो के अष्टम वर्ग के छात्र है। मिली जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय सुभाष विश्वकर्मा पिता काशी विश्वकर्मा साकिन चौपारण निवासी अपनी कार एमएच 31एजी-7054 से अपने पत्नी व बच्चों के साथ बिरनी थाना राजधनवार जा रहा था। कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गया और ट्यूशन से घर जा रहे छात्र प्रिंस कुमार को अपने चपेट में लेते हुए पेड़ से टकरा गयी। वहीं कार में सवार पत्नी रूबी देवी, बेटा सुधांशु कुमार एवं सिद्धार्थ कुमार घायल हो गये। वहीं राहगीरों की मदद से घायल छात्र व घायल कार सवार लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लाया गया, जहां डॉ. आकांक्षा सिन्हा ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## खलिहान में लगी आग, हजारों रुपए के धान जलकर राख

### पीड़ित किसान ने सहयोग की लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता


**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरोन में 11 हजार वोल्ट के प्रवाहित तार गिरने से खलिहान में रखें हजारों रुपए के धान जलकर राख हो गया। घटना मंगलवार की रात लगभग 12 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार किसान तेतरोन निवासी जगदीश यादव अपने पास के खेतों से धान की कटाई कर इकट्ठा करते हुए खलिहान में रखा था। इसी बीच बीती रात 11000 वॉल्ट प्रवाहित तार खलिहान की समीप गिर गया। तार गिरते ही खलिहान में पूरी तरह आग लगकर धधकने लगा। तभी खलिहान के 200 मीटर दूरी अपने घर में सोए जगदीश यादव उठा तो देखा कि उसको खलिहान में आग धधक रहा है और धान पूरी तरह जल रहा है। घटना के बाद



जगदीश यादव और उनके परिजनों ने आनन-फानन में खलिहान पहुंचे और आग को बुझाने के प्रयास किया, परंतु आग इतनी तेजी से फैल गया कि खलिहान में रखे लगभग 200 से अधिक बोझा धान जलकर राख हो गया। जिसकी कीमत 70 से 80 हजार रुपया का बताया जा रहा है। वहीं जगदीश यादव बताया कि वे खेती पर भी आश्रित है, जो इस बार कर्ज लेकर धान की रोपाई किया था। इस बार धान की उपजाव भी अच्छा हुआ था। धान की कटाई करने के बाद अब मंजाई करता, उसके बाद धान बेचकर अपना कर्ज तोड़ते परंतु खलिहान में रखे धान पूरी तरह जल कर राख हो जाने से काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान जगदीश यादव ने जयनगर थाना एवं सीओ को आवेदन देकर सहयोग की गुहार लगाई है।

एक नजर में

## डीडीसी ने योजनाओं को लेकर किया पंचायत वार समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक एवं सभी पंचायत सचिव के साथ अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जनमन आवास योजना एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजनाओं की पंचायत वार समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान प्रखंड विकास पदाकािरी, प्रखंड समन्वयक एवं पंचायत सचिव को निदेश दिया गया कि अबुआ आवास योजना अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2023-24 में तृतीय किश्त भुगतान किए गए लाभुकों को अगले 15 दिनों के अंदर सभी आवास पूर्ण कराते हुए जियो टैग करना सुनिश्चित करें। अबुआ आवास योजना अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध एक सप्ताह के अन्दर शत प्रतिशत आवास स्वीकृति एवं प्रथम किश्त की राशि का भुगतान कराने हेतु सभी बीडीओ को निदेशित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध एक सप्ताह के अन्दर शत प्रतिशत आवास स्वीकृति कराने हेतु सभी पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। साथ ही पीएम जनमन एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना अंतगर्त लंबित आवास को ससमय राशि भुगतान तथा आवास पूर्ण कराने हेतु सभी पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया।

## श्री कोडरमा गौशाला समिति ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



खबर मन्त्र संवादाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री कोडरमा गौशाला समिति द्वारा बुधवार को शिव वाटिका में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सुबह 11 बजे चित्रकला प्रतियोगिता के साथ हुई। इस प्रतियोगिता में जिले के प्रमुख स्कूलों में पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, ग्रिजली विद्यालय, सेक्रेड हार्ट स्कूल, सीडी गर्ल्स स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, जीएस पब्लिक स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मेरिडियन अकादमी, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, कैलाश राय सरस्वती विद्यालय और चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 64 प्रतिभागियों को दो वर्गों में विभाजित किया गया। जूनियर ग्रुप में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों ने आधुनिक समाज में गौशाला का महत्व विषय पर चित्र बनाकर गौशालाओं की उपयोगिता को रेखांकित किया। वहीं सीनियर ग्रुप में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने पशु अधिकार और कल्याण की रक्षा विषय पर चित्र बनाकर पशु संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। बच्चों ने अपने चित्रों में गौशालाओं की महत्ता, गौ माता के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण में गौवंश की भूमिका और पशुओं के अधिकारों को खूबसूरती से दर्शाया। वहीं परियोजना निदेशक सारिका लाड्ढा और नेहा बजाज थीं, जबकि निर्णायक मंडल में आशीष ठाकुर, तनीषा पांड्या, और चंदन कुमार शामिल थे। वहीं गौशाला समिति के कोषायक्ष अविनाश सेठ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन में गौ सेवा और पशु कल्याण के संस्कार पैदा करना है, जो आज की युवा पीढ़ी में कम होते जा रहे हैं। मौके पर संजय अग्रवाल, ओमप्रकाश निरंजन, रितेश लोहानी, अरुण कुमार दास, सुधांशु कुमार, शिक्षक एवं कई विद्यालयों के बच्चे मौजूद थे।

## केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने लाइव कार्यक्रम का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** बाल विवाह रोकथाम और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डोमचांच ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लाइव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दिल्ली से लाइव प्रसारण के दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं डीएसडब्लूओ नीतीश कुमार निशांत ने स्थानीय पहल और योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जो बाल विवाह को खत्म करने में सहायक हो सकती हैं। साथ ही बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने और समुदाय स्तर पर समर्थन जुटाने के उपायों पर चर्चा की गई। पूरे जिले के स्कूलों, कार्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाइव प्रसारण देखा गया और बाल विवाह को मिटाने के लिए शपथ लिया गया। मौके पर दिनेश कुमार पाल, दीपू कुमार, महिला परवेक्षिका, विभिन्न एनजीओ (वनवासी विकास आश्रम) और क्षेत्र की आंगनवाड़ी सेविकाएं मौजूद थीं।

# आपसी रंजिश में मारा गया कुख्यात माओवादी छोटू खरवार

- जीतेजी पुलिस नहीं कर सकी छोटू खरवार को गिरफ्तार
- पुलिस को वर्षों से थी खूंखार नक्सली छोटू की तलाश, अंततः मिली तो बस उसकी लाश
- छोटू पर हत्या, आगजनी गोलीबारी, विस्फोट सहित 100 से अधिक मामले हैं दर्ज
- झारखंड पुलिस और एनआईए के लिए सिरदर्द बन गया था छोटू खरवार
- एनआईए के मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था इसका नाम


जंगल में पड़ा छोटू खरवार का शव।


मौके पर मौजूद पुलिस व सुरक्षा बल के जवान।


मृतक माओवादी छोटू खरवार।

**राजेश प्रसाद/दीपक राज**

**लातेहार/बरवाडीह।** वर्चस्व की लड़ाई में हुए आपसी रंजिश में झारखण्ड के कुख्यात व खूंखार माओवादी छोटू खरवार उर्फ सुजीत की हत्या मंगलवार की रात कर दी गई। छोटू खरवार भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी का सदस्य था। वर्ष 2013 में आईईडी ब्लास्ट कर 14 जांबाज जवानों को मौत के घाट उतारने में छोटू खरवार भी शामिल था। इसके ऊपर 15 लाख का इनाम घोषित है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादियों के बीच किसी मामले को लेकर पिछले कुछ समय से आपसी रंजिश चल रही थी। मंगलवार की रात इसी रंजिश को सुलझाने के लिए बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत के भीमपांव नामक जंगल में माओवादी एकत्रित हुए थे। जहां विवाद सुलझने की बजाय और बढ़ता ही चला गया। इसी क्रम में माओवादी साथी ने ही छोटू खरवार पर गोली चला दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## शरीर में बम प्लांट होने की आशंका, पुलिस ने शव से बनाई दूरी

जीतेजी झारखंड पुलिस और एनआईए के लिए सिरदर्द बना छोटू खरवार का शव मौत के बाद भी पुलिस के कब्जे से अब तक दूर है। खबर लिखे जाने तक उसका शव जंगल के रास्ते में ही पड़ा हुआ है। बॉडी में बम प्लांट होने के संदेह पर सुरक्षाबलों ने शव को नहीं उठाया है। मेटल डिटेक्टर से जांचोपरांत बॉडी में बम प्लांट किए जाने की आशंका जताई जा रही है। जिसके बाद पुलिस ने बॉडी से दूरी बना ली है। बताया यह भी जा रहा है कि जिस जंगल के रास्ते से छोटू की बॉडी मिली है, दरअसल उसकी हत्या उक्त स्थल से कुछ दूरी पर की गई है। जिसके बाद नक्सलियों ने छोटू की बॉडी को यहां लाकर छोड़ दिया है। इसकी जानकारी तब हुई जब शव उठाने गए पुलिस कर्मियों ने उसके शरीर से कपड़े को हटाया तो शरीर पर एक चिरा का निशान मिला। जिसकी सिलाई कर काला पेंट कर दिया गया था। इसके पूर्व 2013 में नक्सलियों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने एक जवान के पेट में बम प्लांट कर दिया था। पुलिस के अनुसार छोटू खरवार के शरीर पर तीन जगह गोलियों के निशान मिले है और एक पैर टूटा हुआ है।

## एनआईए ने छोटू और उसकी पत्नी के खिलाफ दर्ज कराई थी एफआईआर

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल छोटू खरवार और उसकी पत्नी का नाम टेरर फंडिग के मामले में भी आ चुका है। झारखंड पुलिस ने उस पर जहां 15 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। एनआईए ने भी तीन लाख के इनाम की घोषणा की थी। वर्ष 2018 में एनआईए ने छोटू खरवार और उसकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर 2016 को लातेहार के बालूमाथ थाने की पुलिस ने सहारा इंडिया के मैनेजर चंदन कुमार को तीन लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया था कि ये रकम छोटू खरवार की थी। इसके बाद पुलिस को छोटू खरवार के 26 लाख रुपए के निवेश की डिपोजिट स्लिप भी मिली थी। जिसमें 12 लाख रुपए उसकी पत्नी ललिता देवी के नाम पर थे। नक्सलियों का पैसा निवेश कराने के मामले में 2019 में ललिता देवी को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने गिरफ्तार किया था, जो अभी तक होटवार जेल में बंद है।

# कटिया कांड को दोहराने की फिराक में नक्सली
# नक्सली छोटू खरवार के शव में बम प्लांट की आशंका


शव की जांच करते बम निरोधक दस्ता।


बम स्कॉड डॉग से जांच करती पुलिस।

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** आपसी लड़ाई में 15 लाख का इनामी माओवादी छोटू खरवार मारा गया है। यह घटना लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के नवाडीह में मंगलवार की देर रात हुई है। नक्सली कमांडर छोटू खरवार 100 से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त है। लातेहार जिले के अलावा अन्य जिलों के थानों में भी इसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उसका नाम एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

## गुमला, लोहरदगा और लातेहार इलाके में थे सक्रिय

माओवादी कमांडर छोटू खरवार लातेहार के छिपादोहर के इलाके का रहने वाला है। बूढ़ापहाड़ पर अभियान ऑक्टोपस के बाद माओवादी संगठन की कमान छोटू खरवार ने संभाली थी। छोटू खरवार के नेतृत्व में माओवादी गुमला, लोहरदगा और लातेहार के इलाके में सक्रिय थे। छोटू खरवार माओवादियों का कोयल और शंख जोन का इंचार्ज था। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के द्वारा लातेहार जिले में एक बार फिर से दस्तक देते हुए वर्ष 2013 में हुए कटिया कांड को दोहराने की कोशिश की गई। बुधवार की सुबह छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरू पंचायत के छापर गांव के मार्ग में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। इसके बाद पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी गई। दोपहर के लगभग बारह बजे थाना प्रभारी धीरज कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा मृतक की पहचान माओवादी के रीजनल कमांडर छोटू खरवार के रूप में की गई। थाना प्रभारी के द्वारा पूरे मामले की जानकारी जिले के पुलिस कप्तान को देने के बाद शव की जांच को लेकर डॉग स्क्वायड और सीआरपीएफ की बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। सीआरपीएफ के द्वारा शव की जांच किए जाने के क्रम में सर और बाएं पांव में गोली के निशान मिले। वहीं बम निरोधक दस्ता को मृतक के पेट वाले हिस्से में शंका होने पर कपड़ा उठाकर देखा गया तो जहां पेट के ऊपरी हिस्से को सिलकर काला पेंट किया गया था। इसके बाद सीआरपीएफ 172 वीं बटालियन के कंपनी कमांडर डीडी चौबे के द्वारा कटिया की घटना दोहराए जाने की आशंका के बाद जांच को रोकते हुए पुलिस कप्तान और वरीय अधिकारी को सूचना देकर विशेष बम निरोधक दल को बुलाने की मांग की गई।

# जिला प्रशासन व वेदिक सोसाइटी ने संयुक्त रूप से निकाला जागरूकता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने लातेहार में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन वेदिक सोसाइटी के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।


शपथ लेते लोग।

वेदिक सोसाइटी बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है।

## बाल विवाह मुक्त जिला बनाना हैः शिवम चौरसिया

इस मौके पर लातेहार में हुए समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने स्कूली बच्चों महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और कहा कि लातेहार जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है, हम सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनिता कुमारी, आगनबाड़ी महिला प्रवेक्षिका पूणिर्मा कुमारी, वेदिक सोसाइटी के जिला समन्वयक प्रेम प्रकाश, बचपन बचाओ आनदोलन जिला समन्वयक रवि शंकर, चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक जयमंगल पासवान, काउंसलर अमित कुमार, बाल सरक्षण ईकाई से सामजिक कार्यकर्ता राम कुमार, अधिक सख्या में आंगनवाड़ी कार्यकताओं और अन्य लोग शामिल हुए।

## महुआडांड़ : नदी बालू घाट से बालू का उठाव हुआ प्रारंभ

**महुआडांड़।** प्रखंड के चटकपुर पंचायत स्थित लोध नदी बालू घाट एवं चैनपुर पंचायत स्थित बोहटा नदी बालू घाट से बुधवार से बालू का उठाव शुरू हो गया है। चटकपुर पंचायत की मुखिया रेखा नगेसिया एवं चैनपुर पंचायत के उप मुखिया राजेश टोप्पो ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के कार्यालय में पैसा जमा कर चालान ले लिया गया और बालू का उठाव शुरू कर दिया गया है। वहीं अक्सी पंचायत की मुखिया रोजलिया ने बताया कि अक्सी बालू घाट से भी एक दो दिनों में बालू का उठाव शुरू हो जाएगा। इससे पहले अखबार ने एनजीटी के रोक हटने के बाद भी बालू का उठाव नहीं, विकास कार्य प्रभावित शीर्षक के साथ खबर छापी थी। इसके बाद, प्रखंड के सभी बालू घाट से संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा सभी बालू घाट संचालक समिति को जल्द से जल्द पैसा जमा करते हुए डीएमओ कार्यालय से चलन लेते हुए बालू उठाव शुरू कराने को निर्देशित किया गया था। बालू उठाव शुरू होने से प्रखंड में लंबित विकास में तेजी आने की संभावना है। गरीब तबके के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि अब उन्हें अबुआ आवास और पीएम आवास के लिए उचित मूल्य पर बालू मिलने की उम्मीद है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

**शुद्धि पत्र**

भवन प्रमंडल सिमडेगा के अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–33/2024-25 के PR 337744 (Simdega)24-25D में प्रकाशित निविदा में निविदा खोलने की तिथि एवं समय में संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत् है :–

| निविदा खोलने की तिथि एवं समय पूर्व में | निविदा खोलने की तिथि एवं समय वर्तमान में |
|---|---|
| 16-10-2024 के अप0 3:00 बजे से। | 30-11-2024 के अप0 3:00 बजे से। |

शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.340514 Simdega(24-25):D


## सर्पदंश से महिला अचेत, रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में बुधवार को सांप के काटने से एक महिला अचेत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुनिया देवी 35 वर्ष पति माधव सिंह ग्राम बालू थाना बालूमाथ निवासी खेत में धान कट रही थी। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर रवि रंजन द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# कार्यकर्ताओं के साथ जमकर थिरके विधायक प्रकाश राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम विजय होने के बाद बुधवार को बालूमाथ में एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें भाजपा कार्यकताओं के साथ विधायक प्रकाश राम भी जमकर थिरके। उन्होंने जमकर डांस किया। विजय जुलूस ब्लॉक कार्यालय के सामने से आरंभ होकर होटल देव इन मुरपा मोड, थाना चौक, न्यू बस स्टैंड, दुर्गा मंडप, छठ तलाब होते हुए टमटमटोला, पांकी मोड़ पहुंची। जुलूस में शामिल सभी भाजपा कार्यकर्ता बैंड बाजा के धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए बम पटाखे फोड़ा। वहीं जुलूस में शामिल भाजपा कार्यकताओं ने रंग गुलाल लगाकर एवं लड्डू बाटकर एक दूसरे को जीत की बधाइयां दी। विजय जुलूस के दौरान भाजपा विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह जीत यहां की जनता की जीत है। भले ही राज्य में हमारी सरकार नहीं बनी है। फिर भी संघर्ष करना हमारी पहचान रही है। लातेहार विधानसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीरें खींचना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रवि सिंह, उपेंद्र रंगीला, अर्जुन कुमार, गंगेश्वर यादव, त्रिवेणी साहू, जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बरियातू जिप सदस्य रमेश राम, तपेश्वर साहू, सुनील पांडे, मोहम्मद जुनेद, राजेश उरांव, सोहराई उराँव, सुरेश उरांव, शैलेश सिंह कृष्ण यादव, संजीत साव, दयाल यादव, संजय यादव, हीरामन साहू, केदार यादव, बहादुर साव, नरेंद्र रजक, कमरुल, विनोद बिहारी गुप्ता, सुरेंद्र साहू, रामदेव साहू, ज्ञानी पांडे, बीजू यादव, आनंद सिंह अखिलेश भोक्ता, लालदेव गंझु समेत कई लोग शामिल थे।


थिरकते विधायक प्रकाश राम।

## विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में जगह देने का किया मांग


विश्वनाथ पासवान।

**मनिका।** मनिका प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रामचंद्र सिंह को हेमंत सोरेन सरकार में मंत्रिमंडल में जगह देने का मांग किया है। वहीं श्री पासवान ने कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल में रामचंद्र सिंह इकलौते एसटी विधायक हैं और पूर्व में भी ये दो बार विधायक रह चुके हैं साथ ही वर्तमान में कांग्रेस पार्टी से दोबारा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी जीत दर्ज किया है और चौथी बार मनिका विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने हैं। उन्होंने कहा कि विधायक श्री सिंह को मंत्रिमंडल में जगह देने से पलामू प्रमंडल के साथ-साथ लातेहार जिला में भी विकास की गति तेजी से दौड़ेगी। विधायक श्री सिंह झारखंड के उत्कृष्ट विधायक भी रह चुके हैं इसलिए उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग है और सभी को पूर्ण रूप से विश्वास है कि आलाकमान विधायक श्री सिंह को मंत्रिमंडल में जरूर जगह देंगे।


कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–निविदा
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या – 03/2024–25 दिनांक 26.11.2024

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पेशरार | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, उपर तुरियाडीह में चाहरदिवारी निर्माण | 5003000.00 | 10000.00 | 100000.00 | 03(तीन) माह |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–29.11.2024
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–05.12.2024 / 04:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि व समय :–06.12.2024 / 04:00 बजे अपराह्न
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR.NO.340478 Lohardaga(24-25):D


# कुजरी आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**चंदवा।** कामता पंचायत के कुजरी आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के बीच पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, सेविका सुषमा वैध ने संयुक्त रूप से स्वेटर का वितरण बुधवार को किया। बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा सेविका को स्वेटर उपलब्ध कराया गया था। शीतलहरी और कड़ाके की ठंड में बच्चे केंद्र में ठिठुरने को मजबूर थे, स्वेटर का वितरण होने से बच्चों को ठंड से काफी राहत मिलेगी। मौके पर सहायिका मनीषा देवी, सुनीता देवी, जिरवा देवी, फरजाना बीवी, हमीमा बीवी, रुबी देवी, लक्ष्मी देवी, राजो देवी, ललीता देवी, प्रिया गुप्ता, पिंकी देवी, अजमेरुन बीवी, बसंती देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, हलीमा बीवी, साजीद खान, राजू भुइंया, दिलदार खान, राजू भुइंया समेत कई लोग उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 38/2024-25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 05-12-2024 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 06-12-2024 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 06-12-2024 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, रॉंची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 1 No Additional Class Room in R.C Primary School Semarkudar at T.Tangar Block, Simdega. | 12,65,400.00 | 25,500.00 | 2,500.00 | 02 (Two) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 340519 Simdega(24-25)#D



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# पलामू प्रमंडल के विकास के लिए रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में किया जाए शामिल: प्रिंस गुप्ता

**खबर मन्त्र संवददाता**


विधायक रामचंद्र सिंह के साथ प्रिंस गुप्ता।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रामचंद्र सिंह को झारखंड सरकार के नए मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने कहा कि रामचंद्र सिंह 2019 और 2024 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर मनिका विधानसभा क्षेत्र से प्रचंड वोट से चुनाव जीते है। वह एक अनुभवी विधायक के साथ-साथ एक कुशल नेता भी हैं। इनके साथ हर वर्ग का व्यक्ति जुड़ा हुआ है। इन्हें मंत्री बनाए जाने से पुरे पलामू प्रमंडल में कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी। विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाए जाने से पूरे झारखंड में कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन को लाभ होगा। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को पत्र के माध्यम से बताया है कि रामचंद्र सिंह एसटी कोटा से एक मात्र विधायक हैं, जो चार बार मनिका विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जा चुके हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मनिका विधानसभा के सभी क्षेत्रों में विकास के अविश्वनीय कार्य कराएं है। उसी का परिणाम है कि रामचंद्र सिंह को सभी वर्गों का पूरा समर्थन मिला है। इनके कार्यों की सराहना आज हर क्षेत्र में होती है। वरिष्ठ नेता रंजित कुमार राजू ने कहा कि रामचंद्र सिंह जो मंत्री बनाए जाने के बाद पूरे झारखंड वासियों को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। इसलिए कांग्रेस के आला कमान इस पर गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श करें और कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करें। मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग करने वालों में कांग्रेस प्रखण्ड उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, महासचिव आलोक कुमार सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव, युवा सचिव सह सोशल मीडिया प्रभारी संतोष सिंह चेरो, एससी मोर्चा जिला सचिव पंकज पासवान, युवा सचिव दिनेश सिंह चेरो, अमित सिंह चेरो, शैलेन्द्र सिंह चेरो, चंदन सिंह चेरो, विक्की सिंह चेरो, अजित सिंह चेरो, राजन सिंह चेरो, शशि सिंह चेरो, शशि पासवान, गुफरान, प्रेम सिंह चेरो, विजय सिंह चेरो, विकास सिंह, आलोक राम, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह चेरो, बिरेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, सोनु गुप्ता, सुजीत गुप्ता, उतम गुप्ता, सचिन यादव और युवराज सिंह समेत सैकड़ो कार्यकताओं का नाम शामिल है।


**Jharkhand Education Project Council**
J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3,Dhurwa, Ranchi - 834004
Phone - 0651-2444502 Fax: 0651-2444506
E-mail: jepcranchi1@gmail.com

E-Tender for Printing and Supply of notebooks (copy) for Class I to XII under School Kit Scheme for 2025-26 to 2027-28

BID No. MRE/33/260/2024-25/4411

Jharkhand Education Project Council invites online bids through e-tender from prospective Bidders for manufacturing, printing and supply of notebooks under school kit scheme for class I to XII students studying in Government schools for 2025-26 to 2027-28.

The notebooks have to be supplied to the destination points viz. concerned Blocks/BRCs of the district in the State. The complete tender documents can be seen on and downloaded from the websites **http://jharkhandtenders.gov.in**.The cost of tender documents is Rs. 11,800.00 (Eleven thousand eight hundred only). The lists of dates with regard to this invitation for bids are given below:

| Sl. | Details | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online publication of bid document | 27.11.2024 | 10.00 am | 19.12.2024 | 03.00 pm |
| 2 | Document Download | 27.11.2024 | 10.00 am | 19.12.2024 | 03.00 pm |
| 3 | Pre-Bid Meeting | 06.12.2024 | 04.00 pm | - | - |
| 4 | **Bid Submission** | 27.11.2024 | 10.00 am | 19.12.2024 | 03.00 pm |
| 5 | Submission of paper samples | 20.12.2024 | 10.00 am | 20.12.2024 | 01.00 pm |
| 6 | Opening of Technical Bid | 20.12.2024 | 03.00 pm | - | - |

Sd/-
(Shashi Ranjan, I.A.S)
State Project Director

PR 340392 Jharkhand Education Project Council(24-25).D

स्पीड न्यूज

## विधायक बनने के बाद मंगल कालिंदी ने निकाली आभार यात्रा



**पटमदा/जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को बोड़ाम में आभार यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने बोड़ाम बाजार, बंगोई एवं भुला मोड़ में लोगों के साथ मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें करीब 43 हजार वोटों के अंतर के साथ दूसरी बार विधायक बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बोड़ाम बाजार में पदयात्रा करते हुए अपने हाथों से लड्डू का वितरण किया। साथ ही बोड़ाम बाजार में वीर शहीद निर्मल महतो, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं चुहाड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ सिंह भूमिज की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जनता का अपार समर्थन , विश्वास और आशीर्वाद की बदौलत दूसरी बार विधायक बने हैं। मौके पर उनके साथ झामुमो नेता माणिक महतो, छुटुलाल हांसदा, दीपंकर महतो, काजल सिंह, परेश दत्त, अंगद सिंह, विनय मंडल, सुकुमार बेसरा, किशनलाल महतो, रूप नारायण मोदक, मनबोध महतो, चंद्रकेतु समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## जोस्ट इंडिया के चेयरमैन ने किया सेमिनार हॉल के नवीकरण का उद्घाटन



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित जोस्ट इंडिया ऑटो कॉम्पोनेंट प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष (एशिया कांटिनेंट) वाल्टर्ड मासनबर्जर द्वारा गम्हरिया स्थित राजकीय महिला पॉलीटेक्निक द्वारा सेमिनार हॉल के नवीकरण का उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व उनके आगमन पर संस्थान के फेकेल्टी, कर्मचारियों एवं छात्राओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ जोस्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक सह मैनेजिंग सीईओ जीएस प्रदीप भी मौजूद थे। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर संजय भगत, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिव सागर प्रसाद समेत कई फेकेल्टी मेम्बर व काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## कान्वाई चालक संघ ने टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष को दी बधाई

**जमशेदपुर।** बुधवार कानवाई चालक संघ के महामंत्री बिनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक बैठक हुई जिसमें टाटा मोटर्स वर्क्स युनियन चुनाव में अध्यक्ष एवं महामंत्री को बधाई देते हुए कहा कि आल इंडिया कानवाई वर्कर्स यूनियन का गठन एवं चुनाव को लेकर आन्दोलन चलाया जाएगा। जल्द ही यूनियन अध्यक्ष एवं महामंत्री से मुलाकात कर उन्हें चुनाव कराने में मदद करने हेतु मांग किया जायेगा।

## लड्डुओं से तौले गये सरयू राय, कहा: अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण करेंगे



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय का बुधवार को मानगो में अभिनंदन किया गया। श्री राय को उनके समर्थकों ने लड्डुओं से भी तौला। उन्हें लड्डुओं से तौलने का यह उपक्रम त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर (बड़ा हनुमान मंदिर) मानगो के सम्मुख हुआ। इसके पूर्व श्री राय ने त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर श्री राय ने कहा कि वह पश्चिम की जनता के शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने उन्हें चुनाव में विजयी बना कर सेवा का मौका दिया।

# मेरे विकास कार्यों पर सरयू राय का धार्मिक दुष्प्रचार पड़ा भारी : बन्ना गुप्ता

### ...और क्या बोले बन्ना

- जमशेदपुर पूर्व में सूर्यमंदिर की परिक्रमा में पांच वर्ष गुजार दिए,अब पश्चिम में मेरे घर की परिक्रमा में पांच वर्ष गुजार देंगे
- एडिटेड वीडियो वायरल कर मेरी छवि बिगाड़ी और जीते सरयू राय
- जनसेवा जारी रहेगी, अपने क्षमता के अनुसार जनसमस्यायों का समाधान करता रहूंगा

**विशेष संवाददाता/खबर मन्त्र**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता ने चुनाव परिणाम आने के बाद अपनी हार विधिवत स्वीकार ली है। अपने कदमा केडी फ्लैट स्थित आवास पर संवाददाता सम्मेलन में बन्ना गुप्ता ने हार के कारणों पर खुले दिल से बात की। कहा कि चुनावों के परिणाम के बाद मैं लगातार अपने कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और पत्रकारों से मिल रहा हूं। सभी अपने दृष्टिकोण से हार के कारण बता रहे हैं और सभी बातें आंशिक रूप से सही है। कोई कह रहा कि आपने विकास का काम तो काफी किया किंतु अपने कार्यों को ठीक ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा पाये। कोई कह रहा कि आपका सोशल मीडिया कमजोर रहा, जबकि विपक्षियों का काफी सक्रिय था। विशेष कर इनलोगों ने मुझे एक वीडियो की ओर इंगित किया, जिसमें मैं हिंदू-मुस्लिम पर भाषण देता दिख रहा हूं। मेरे विरोधियों ने लगभग 9 नवंबर को मेरे एक भाषण का कुछ अंश काट छांट कर चलाना शुरू किया। इससे मेरी छवि को खासा नुकसान हुआ। खुद विजयी प्रत्याशी सरयू राय ने स्वीकार किया कि वायरल विडियो का उनकी जीत में 40 प्रतिशत योगदान है।

### अपने भाषण में क्या कहा था बन्ना ने अक्षरशः पढ़ें

बन्ना गुप्ता ने बताया, मैंने अपने भाषण में कहा था कि अपने देश में हर दस कोस पर भाषा, बोली, खानपान और पहनावा बदल जाता है। उसके बावजूद अनेकता में एकता वाले भारत में हम सभी धर्म जात पात के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। यदि किसी हिंदू भाई के घर में कोई समस्या आती है तो मुस्लिम भाई मदद के लिए आगे आ जाता है। वहीं किसी मुस्लिम भाई के घर कोई दिक्कत आती है तो सहयोग के लिए हिंदू भाई खड़ा मिलता है। मैंने कहा था कि यदि कोई मुस्लिम कट्टरवादी किसी हिंदू भाई पर हमला करते हैं तो उसके विरोध में मुस्लिम भाईयों को खड़ा होना चाहिए, वहीं यदि कोई हिंदू कट्टरवादी किसी मुस्लिम के यहां हमला करते हैं, तो उसका विरोध हिंदू भाईयों को करना चाहिए। क्योंकि अपना देश उदारवाद का देश है, कट्टरवाद का देश नहीं है। यही तो मां भारती है, यही तो मादरे वतन है यही तो अपने देश का सौंदर्य है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते जमशेदपुर पश्चिम से पराजित कांग्रेस सह इंडिया प्रत्याशी बन्ना गुप्ता। साथ में आनंद बिहारी दूबे और बबन राय।

**40,000 महिलाओं के लिए वृद्धा पेंशन की व्यवस्था करायी :** बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब झारखंड सरकार ने 50 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना लागू की। तब मैंने व्यक्तिगत दिलचस्पी लेकर लगभग 40000 महिलाओं का आवेदन भरवाया और कैंप लगाकर स्वयं उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया। जब मईया योजना आई, तो मैंने यथासंभव फार्म भरवाए।

**चुनाव जीतने के लिए सरयू राय को बधाई, पर मेरी विकास योजनाओं को न रोकें**

मैं सरयू राय जी को विधायक चुने जाने पर बधाई देता हूँ. किंतु उनको यह भी स्मरण कराना चाहता हूँ कि आपकी लड़ाई मुझसे हो सकती है। जमशेदपुर पश्चिमी की जनता ने आपका कुछ नहीं बिगाड़ा है। मैंने अपने अथक प्रयासों से लगभग 1500 करोड़ की विकास परियोजनाओं को जमशेदपुर लाने का काम किया है। यह चुनाव अंतिम चुनाव नहीं है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि आते जाते रहते हैं। इसलिए जो जनता के लिए जो विकास कार्य मेरे द्वारा आरंभ किए गए हैं, उनमें अड़चन ना लगायें।

### मैंने एडिटेड विडियों को हल्के में लिया, मेरी गलती थी

बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के बीच भाषण का केवल एक अंश चलाया गया, और उसे भरपूर प्रसारित किया गया। मैंने भी वह वीडियो देखा, तो मैंने यही सोचा था कि चुनाव में ऐसे नकारात्मक प्रचार या यूँ कहूं कि दुष्प्रचार होते रहते हैं। जनता अब जागरूक हो चुकी है। जमशेदपुर की पढ़ी- लिखी समझदार जनता इन हल्की बातों अथवा हिंदू मुस्लिम के दुष्प्रचार में नहीं पड़ने वाली। किंतु मुझे यह आभास नहीं हुआ कि वे लोग एक साजिश के तहत नेरेटिव सेट करने में कामयाब हो चुके हैं। मैने एडिटेड विडियो को हल्के में लिया यह मेरी गलती थी।

### बिना भेदभाव किये विकास कार्य किये, फिर हिन्दू विरोधी कैसे?

बन्ना गुप्ता ने कहा कि चुनाव की घोषणा के पश्चात वे अपने पांच साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को लेकर चुनावी मैदान में जनता में बीच थे। इसी बीच विपक्षी दल के नेता केवल धार्मिक उन्माद फैलाने का काम कर रहे थे। वो लोग मेरे विरुद्ध हिंदू मुस्लिम का एक नेरेटिव तय कर रहे थे जिसमें वे लोग सफल भी हो गए. पिछले पांच साल के दौरान जो भी लोग अपने निजी या सामाजिक काम के लिए मेरे पास आए होंगे, वे जानते होंगे कि मैं किसी का भी काम करते समय ना उसकी जात पात पूछता था, ना विधानसभा क्षेत्र या पार्टी लाइन देखता था। मुझे यही लगता था कि यह व्यक्ति उम्मीद लेकर मेरे पास आया है, मुझे यथाशक्ति इनका काम करना है।

### हिन्दू समुदाय के लिए दोमुहानी धाम से लेकर कई मंदिरों का विकास कराया

बन्ना गुप्ता ने कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार हमलोग नदी, पर्वत, पेड़, पौधों, पुस्तक को पूजने वाले लोग हैं। मैंने सोनारी दोमुहानी संगम की साफ -सफाई करवाई। नदी में जा रहे नालों के गंदे पानी को रोकने के लिए कई प्राकृतिक फिल्टर बनवाये। गंगा आरती की तर्ज पर स्वर्णरेखा नदी की आरती की। आपलोगों ने देखा होगा कि इसी नदी में गर्मी के मौसम में जलकुम्भी जमा हो जाया करती थी, किंतु इस वर्ष ऐसा कुछ नहीं हुआ। जबकि विपक्षी नेता केवल बोतलों में पानी भरकर ले जाया करते थे और जांच करवाते थे, किंतु मैंने नदी का तट और जल स्वच्छ करने तथा पूजन करने का काम किया। नदी के संगम पर विशाल और भव्य द्वार, सीढ़ियों का निर्माण करवाया।

# कदमा के बंद सड़क से जनता को दिक्कत न हो, वैकल्पिक रास्ता खुलवायेंगे: सरयू राय

- लोगों की शिकायत पर कदमा पहुंचे, टाटा स्टील द्वारा बंद करायी गयी सड़क को देखा
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस की बड़ी प्रतिमा होगी आमबागान में
- कदमा के कन्वेंशन सेंटर की टूटी फालसिलिंग की करायेंगे मरम्मत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कदमा में लोगों की शिकायत पर बंद रास्ता देखने पहुंचे विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय बुधवार को जनता की शिकायत पर कदमा पहुंचे। जनता ने उनसे शिकायत की थी कि टाटा स्टील ने कुछ सड़कों को बंद कर दिया है, जिससे उन्हें आने-जाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस शिकायत को समझने और दूर करने के उद्देश्य से वह कदमा पहुंचे थे।

यहां जारी एक बयान में श्री राय ने बताया कि काफी बड़ी संख्या में लोग कदमा में इकट्ठा हो गये थे। लोगों को बंद सड़क के कारण परेशानी हो रही थी। उन्होंने इस संबंध में टाटा स्टील के लोगों से पहले भी बात की थी। वह नहीं चाहते कि जनता को कोई असुविधा हो। इसके लिए कोई वैकल्पिक सड़क मार्ग निकाला जाये, ये टाटा स्टील के लोगों से वह कह चुके हैं। श्री राय ने बताया कि वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क भी गए। पहले वहां नेताजी की मूर्ति लगी हुई थी। अब वह मूर्ति कहां है, पता नहीं। मैंने लोगों से कहा है कि वह वहां नेताजी की बड़ी प्रतिमा लगाएंगे और यह पार्क अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के नाम से ही जाना जायेगा।

सरयू राय ने बताया कि कदमा में एक कन्वेंशन सेंटर बन कर तैयार है। 5 साल हो गये लेकिन अब तक इसका उद्घाटन नहीं हुआ। उद्घाटन नहीं होने से छत से पानी चू रहा है। भीतर की फालसिलिंग टूट गई है। उसकी मरम्मत का काम जल्दी ही शुरू कराएंगे।

**बन्ना पराजित हो चुके हैं,उन पर अब टिप्पणी नहीं : सरयू**

यह पूछे जाने पर कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आप पर गलत नैरेटिव सेट करने का आरोप लगाया है, श्री राय ने कहा : हम लोगों की संस्कृति है कि पराजित पर प्रहार नहीं कर सकते। बन्ना गुप्ता अपना भड़ास निकाल रहे हैं, निकालें। मैं आलोचनात्मक टिप्पणी अभी नहीं करूंगा।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन में नये सत्र के छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन मे 27 नवंबर 2024 को ओरिएंटेशन डे के द्वारा नव नामांकित छात्रों (बी . एड, डी एल.एड सत्र 2024 2026)का स्वागत किया गया। यह उत्सव छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक अनूठा अवसर है, जिसमें नव नामांकित छात्र अपने महाविद्यालय के संदर्भ में नई नई बातों को जानते है , साथ ही महाविद्यालय के बीएड तथा डी एल. एड के पाठ्यक्रम एवं उसके नीति नियम से परिचित होते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री सुखदेव महतो, श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्या श्रीमती रचना रश्मि सह सभी शिक्षक गण के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना सहित कई रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम मे सुखदेव महतो ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षार्थियो को शिक्षा और अनुशासन का महत्व सीखना चाहिए क्योंकि आपके समग्र विकास में शिक्षा और अनुशासन की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।

## आईपीटीएसई परीक्षा 2024 में काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल को मिला पहला स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अवार्ड लेते विद्यालय प्रबंधन के अधिकारी।

**जमशेदपुर।** काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल, जमशेदपुर ने प्रतिष्ठित इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन (आइपीटीएसई) 2024 में भारत के सभी स्कूलों में पहले स्थान पर आकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया, जिसमें भारतभर के 27,000 से अधिक स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इस शानदार उपलब्धि के साथ, काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा, नवीराह अरशलान ने आइपीटीएसई परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 3 प्राप्त कर स्कूल को गर्वित किया, और इसके साथ ही स्कूल की शैक्षिक उत्कृष्टता को और अधिक पुख्ता किया। इस परीक्षा में स्कूल के कुल 30 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने बौद्धिक संपदा (आइपी) अधिकारों के प्रति अपनी समझ और ज्ञान को प्रदर्शित किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार माननीय न्यायमूर्ति मिनी पुष्करना, दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश, ने 19 नवम्बर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित आइपीटीएसई अवार्ड्स एंड कॉन्क्लेव 2024 में प्रदान किया। इस आयोजन में प्रसिद्ध शिक्षाविदों, उद्योग के नेताओं और विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## हरिद्वार में तीन से पांच दिसंबर तक होगा शिवायन अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** तुलसी भवन, प्रयाग कक्ष में 3 से 5 दिसंबर तक हरिद्वार में होने वाले 'शिवायन महाग्रंथ' अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव को लेकर साहित्योदय जमशेदपुर परिवार की एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्योदय जमशेदपुर से शिवायन महाग्रंथ में 11 साहित्यकार शामिल हैं। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि -डॉ प्रसेनजीत तिवारी तुलसी भवन के मानद सचिव, विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश ओझा, डॉ आशा गुप्ता की उपस्थिति रही।

अध्यक्षता प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम' ने, संचालन डॉ रजनी रंजन ने,गणेश वंदना आरती श्रीवास्तव 'विपुला ', सरस्वती वंदना रीना सिन्हा, स्वागत भाषण पद्मा प्रसाद विन्देश्वरी, धन्यवाद ज्ञापन वीणा 'नंदिनी' के द्वारा सम्पन्न हुआ।

## पटमदा पंप नहर योजना में देरी का मामला सांसद ने संसद में उठाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर सांसद विद्युतबरण महतो।

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज लोकसभा में नियम 377 के अधीन पटमदा क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वे इस सदन में पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, बोड़ाम और काटिन प्रखंड के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। 2021 में झारखंड राज्य के जल संसाधन विभाग ने इन क्षेत्रों के किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए पटमदा पम्प नहर योजना को मंजूरी दी थी। इसके बावजूद अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस योजना के लिए कंसल्टेंट द्वारा पिछले एक वर्ष में सर्वेक्षण रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जा चुकी है, लेकिन जल संसाधन विभाग ने अब तक इसे स्वीकृति नहीं दी है। इस विलंब के कारण लगभग 12,500 हेक्टेयर भूमि में किसानों को सिंचाई सुविधा से वंचित रहना पड़ा है।

## पूर्वी विधानसभा : बारीडीह-सीतारामडेरा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा ने निकाली आभार यात्रा

- विधायक पूर्णिमा साहू ने घूम-घूम कर जनता का जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर पूर्वी की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू को महिलाओं ने राजस्थानी पगड़ी पहना कर किया अभिनंदन।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के शानदार जीत पर जनता के समर्थन और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से भाजपा की आभार यात्रा ने बुधवार को बारीडीह एवं सीतारामडेरा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। आभार यात्रा में नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू मुख्यरूप से शामिल हुई और जनता के अपार समर्थन और आशीर्वाद हेतु उनका हाथ जोड़कर धन्यवाद और कृतज्ञता व्यक्त किया। आभार यात्रा की शुरूआत एग्रिको चौक स्थित ट्रैफिक सिग्नल से प्रारंभ हुई। इसके बाद यात्रा बारीडीह मंडल के सिदगोड़ा बाजार, विद्यापति नगर, फौजा बागान, कालू बागान, विजया गार्डन, मोहरदा बस्ती, बारीडीह बस्ती, नागाडूंगरी, बागुनहातु, बागुननगर समेत सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत ब्राह्मण टोला, नंदनगर, भुइयांडीह पार्क, कान्हू भट्टा, निर्मल नगर, बाराद्वारी, कुम्हारपाड़ा, कालिंदी बस्ती, भालूबासा चौक, हरिजन बस्ती, शीतला मंदिर होकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जनता का आभार व्यक्त किया।

**आभार यात्रा में महापुरुषों को किया नमन :** आभार यात्रा के दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने कार्यकताओं के संग धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस, हुल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू एवं ओत गुरु लाको बोदरा, कार्तिक उराँव जैसे महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

**आज बिरसानगर,टेल्को और साकची में निकालेंगी आभार यात्रा :** गुरुवार को इन क्षेत्रों में निकलेगी आभार यात्राः गुरुवार को टेल्को मंडल, बिरसानगर एवं साकची पूर्वी के विभिन्न इलाकों में आभार यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा की शुरूआत सुबह 10 बजे तार कंपनी क्षेत्र के सामने से प्रारंभ होगी।

**आभार यात्रा में विधायक के साथ ये थे शामिल :** आभार यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, राजन सिंह, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन लाल, पवन अग्रवाल, सुशांत पांडा, अमित अग्रवाल, पोरेश मुखी, अभिमन्यु सिंह, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, शैलेश गुप्ता, काजू शांडिल, बिकेश सिंह, अरुण तिवारी, राकेश सिंह, कंचन दत्ता, उमेश साव, रूपा देवी, संजना साहू, तृप्ति दास, रमेश नाग, अजीत कालिंदी, शुभाष मुखी, मृत्यंजय यादव, मिथिलेश साव, अरुण मिश्रा, दिलीप पासवान, जय साहू, सजल भट्टाचार्य सहित कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।

## एक नजर में

### अग्रवाल सम्मेलन की साधारण सभा आठ को




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन की साधारण सभा दिनांक 8 दिसंबर, 2024, रविवार को प्रातः 10 बजे चैंबर भवन, बिस्टुपुर, जमशेदपुर में आयोजित की गई है। महासचिव अभिषेक अग्रवाल 'गोल्डी' ने बैठक में कार्यसूची जारी करते हुए कहा कि दीप प्रज्जवलन कर साधारण सभा का उद्घाटन होगा। उसके बाद अध्यक्ष संदीप मुरारका द्वारा सभा आरंभ की घोषणा एवं उदबोधन होगा। महासचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। वहीं कोषाध्यक्ष पीयूष गोयल द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2024 के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जायेगा। उसके बाद अध्यक्ष की अनुमति से आम सदस्यों के लिए अन्यान्य विषय रखा जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन के बाद चुनाव पदाधिकारियों राजीव अग्रवाल, अधिवक्ता, अंशुल रिंगसिया, अधिवक्ता और मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल द्वारा अगले सत्र 2024-26 के लिए जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न की जायेगी। महासचिव अभिषेक अग्रवाल ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### एमजीएम अस्पताल में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया भोजन का वितरण




**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के तरफ से एमजीएम अस्पताल में रह रहे जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी मासूम खान ने अपने हाथों से केला, फ्रूट केक,ब्रेड, पाव का वितरण वहां रह रहे गरीब अभिभावक, मरीज के अटेंडेंट एवं जरूरतमंदों में अपने हाथों से किया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित मासूम खान एवं उनके भाई मास्टर एहसान मोहम्मद जीशान इरफा खान और अतीफ खान जी ने इस समारोह का पात्र बन खुद को बहुत गर्वमणित महसूस किया। आज इन लोगों ने इस तरह के सामाजिक कार्यों की काफी सराहना की। आज के इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफर ट्रस्ट के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद शेरू मौजूद थे।

### यूपीएससी क्रैक करने वाले आतिफ वकार ने की कैरियर काउंसेलिंग



**जमशेदपुर।** मानगो स्थित कबीर मेमोरियल उर्दू उच्च विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच करीर काउन्सेलिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 2023 को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफल आतिफ वकार एकराम मुख्य अतीथि के तौर पर उपस्थित थे। श्री वकार ने अपने अनुभव और अपने कैरियर के प्रति समर्पित रहकर सफलता प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की उन्होने यह भी बताया कि कठिन परिस्थितियों में रहकर अपने लक्षय को कैसे भेदा जा सकता है। छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने भी मुख्य अतिथि से संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा से संबंधित कई प्रश्न किए। निम्न छात्र फुरकान अंसारी, एम.डी फैजान, सना फिरदौस और सानिया परवीन ने मुख्य अतिथि से प्रश्न किये। मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव मतिनूल हक अंसारी अध्यक्ष अब्दुल अलीम शैक्षणिक सलाहकार रिजवान अहमद एवं प्रधानाध्यापक गुलरेज अयुब भी थे।

### कुम्हार समाज ने विधायक सरयू राय से की भेंट



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कुम्हार समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने जमशेदपुर पश्चिम के नव निर्वाचित विधायक सरयू राय से मुलाकात की और उन्हें अनुकूल ठाकुर की किताब भेंट की। इस मुलाकात के दौरान, प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से कुम्हार समाज के लोगों के लिए सकारात्मक कार्य करने का आग्रह किया। विधायक सरयू राय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे कुम्हार समाज के लोगों की समस्याओं और मुद्दों को हल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वे कुम्हार समाज के विकास और उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मुलाकात के दौरान, प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को कुम्हार समाज की समस्याओं और मुद्दों से अवगत कराया और उनका समर्थन मांगा। विधायक ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि वे कुम्हार समाज के लोगों की समस्याओं और मुद्दों को हल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मौके पर हीरालाल प्रजापति, शिवरात प्रजापति, ललन प्रसाद, मिथिलेश कुमार, प्यारेलाल, सोनू यादव उपस्थित थे।

### महिला इंटक ने महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया




**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस इस बार अपना 25 वर्ष पूरा कर रहा है। मौके पर महिला इंटक झारखंड की ओर से महिलाओं को जागरूक किया गया। महिला इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह के आदेशनुसार शशि आचार्य की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित था। इसके तहत लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिनों की सक्रियता का तीसरा दिन जिसमें महिलाओं को उनपर हो रही हिंसा जैसे छेड़खानी, घरेलू हिंसा, अंतरंग साथी हिंसा, मारपीट, दुर्व्यवहार, जबरन यौन कृत, बलात्कार, हत्या, बाल यौन शोषण, जबरन विवाह, सड़क पर पीछा करना छेड़छाड़ करना शामिल थे।

# भानु ने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति किया आभार व्यक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने जिले के धुरकी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। धुरकी में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया। समारोह में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक का अभिनंदन किया। महिलाओं ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।


संबोधित करते पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही।

मौके पर पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर के मतदाताओं ने मुझे सवा लाख मत दिए हैं, जो झारखंड में चुनाव हारे हुए किसी भी उम्मीदवार को इतना मत प्राप्त नहीं। सबसे अधिक वोट मुझे मिला है। मैं इसे दिल से स्वीकार करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने यहां कैंप लगाकर प्रचार किया, लेकिन जनता ने मुझे सशक्त समर्थन दिया है। मैं सदैव जनता के साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि धुरकी प्रखण्ड वासियों के साथ मैं खड़े होकर उनका काम करूंगा और आप सबों के मान सम्मान का रक्षा करूंगा। साथ ही उन्होंने भवनाथपुर के नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव को जीत का बधाई और शुभकामनाएं दी।

# बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र में सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजनाओं में विकास की गति बढ़ाने को लेकर बीडीओ श्रीमती कनक एवं अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी प्रखंड कर्मियों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ श्रीमती कनक ने अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, 15वें वित्त योजना एवं मनरेगा योजनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सभी विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उसके पश्चात उन्होंने बैठक में उपस्थित तमाम पंचायत सचिव, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी, एई एवं जेई को प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य एवं लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि इस बैठक में प्रखंड एवं पंचायत के कई कर्मी मौजूद नहीं थे।


बैठक करते बीडीओ।

बैठक में जन सेवक परमानंद प्रसाद, प्रशांत कुमार मिश्रा, मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार सहित जेई, ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

**रंका।** प्रखंड के बान्दु तीखे मोड़ के पास कार पलटने से एक की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक कार चालक दुद्धी निवासी 30 वर्षीय अजय कुमार है। घायलों में रवि कुमार, शिव सोनी का नाम शामिल है। ग्रामीणों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। घटना के संबंध में बान्दु चुतरू निवासी समाजसेवी मेराज अहमद ने बताया कि कार में सवार लोग रात्रि में शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान तीखे मोड़ के समीप कार पलट गई।

### कचरे के ढ़ेर में विस्फोट होने से दो भाई घायल

**गया।** बिहार में गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कचरे के ढ़ेर में हुए विस्फोट से दो बच्चे घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तेल बिगहा डाक स्थान के समीप बादल कुमार और लक्ष्मण कुमार कचरा बीनने के दौरान थैली उठाकर पटक रहे थे। इस दौरान अचानक एक थैली फट गई, जिससे तेज धमाका हुआ। इस घटना में दोनो बच्चे घायल हो गये। दोनों घायल लड़के स्वर्गीय रंजन कुमार के पुत्र हैं।

### युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, चार गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के मनुआपुल थाना क्षेत्र में एक युवती के सामूहिक दुष्कर्म किये जाने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार ने बुधवार को यहां बताया कि मंगलवार की शाम वैष्णवी कॉलोनी में सुनसान जगह पर एक लड़की और लड़का साथ बैठे थे। इस दौरान मौके पर पहुंचे चार व्यक्तियों ने लड़के के साथ मारपीट की और लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही मनुआपुल के थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़िता को इलाज के लिये जीएमसीएच बेतिया भेजा।

### बालू माफिया को संरक्षण देने वाले दो खनन पदाधिकारी निलंबित

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दो खनन पदाधिकारी को बालू माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि 24 नवम्बर को खान एवं भूतत्व विभाग और सारण जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बालू माफिया के विरुद्ध छापामारी की गई थी। इस अभियान में लाल बिहारी प्रसाद और अंजनी कुमार खनन पदाधिकारी के रूप में सारण जिले में कार्यरत रहते हुए अवैध रूप से बालू माफिया को संरक्षण दे रहे थे।

# चुनाव हार गए हैं, हिम्मत नहीं : भानु

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही चुनाव हारने के बाद बुधवार को लवाही शिव स्थान के पास एक सभा कर डंडई प्रखंड की जनता को जो उन्हें इस चुनाव में स्नेह और समर्थन दिया है, उसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भले ही इस बार चुनाव हार गए हैं, लेकिन हम हिम्मत नहीं हारे हैं। जिस हिम्मत के साथ डंडई प्रखंड की जनता ने उनका विषम परिस्थिति में भी साथ दिया उसके लिए सभी को चरण छूकर प्रणाम करते हुए और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारे जनता और कार्यकर्ता बिल्कुल उदास ना हो मैं पहले भी उन लोग के साथ था और चुनाव हारने के बाद भी सभी के साथ रहूंगा। किसी भी विषम परिस्थिति में मैं उनके पीठ पर खड़ा हूं। हमारे कोई भी लोग अपने आप को कमजोर ना समझे और ना ही उदास हो। शाही ने कहा कि वे सेवा भाव से ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र के विकास के लिए अपने कार्यकाल में अनवरत कार्य किया है और जब तक शरीर में खून है तब तक करते रहेंगे।


संबोधित करते पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही।

उन्होंने कहा कि इस बार के विस चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया है। वहीं क्षेत्र की जनता ने भी भरपूर समर्थन दिया है। चुनाव में तो हार जीत तो लगी रहती है। उन्होंने कहा वे चुनाव हारे हैं हौसला नहीं। उन्होंने चुनाव में जीते हुए प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को बधाई दी है और कहा कि जो उन्होंने बेरोजगारों को रोजगार भवनाथपुर में प्लांट खुलवा कर देने का वादा किया है वह उसे पूरा करें और हमारे मजदूर भाई को पलायन करने से रोके। अब अगर हमारे क्षेत्र में किसी भी एक मजदूर भाई की बाहर से लाष आती है तो इसका जिम्मेदार अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी होंगे। इसीलिए उन्होंने जो झूठा वादा कर जनता को ठगने का काम किया है उसे पूरा करके दिखाये। जाते-जाते उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी कार्यकर्ता आंख से आंसू ना निकाले क्योंकि आंसू तो उनका गिरेगा लेकिन वह आंसू नहीं मेरा एक-एक खून का कतरा बह रहा होगा।

मौके पर मंडल अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी, प्रभारी पंकज विश्वकर्मा, दिनेश राम, अलख निरंजन प्रसाद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**डंडई।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ देवलाल करमाली ने स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि सभी विद्यार्थियों को साइकिल मिले और उसकी पढ़ाई जारी रहे। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी, बच्चे मन लगाकर पढ़ें यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।


साइकिल का वितरण करते बीडीओ।

### कटिहार में रेलवे ब्रिज पर हाइवा की टक्कर से हाइट गेज गिरा, कई लोग बचे

**कटिहार।** बुधवार को कटिहार-कुमेदपुर रेलखंड अंतगर्त दिल्ली दीवानगंज हॉल्ट के समीप रेलवे ब्रिज पर एक हाइवा के द्वारा टक्कर लगने पर रेलवे का हाइट गेज गिर गया। इस घटना में संयोगवश कई लोग बच गए। घटना के कारण सड़क पर चल रहे बड़ी और छोटी वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर आरपीएफ बारसोई द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर हाइवा को जब्त करते हुए आरपीएफ पोस्ट बारसोई में मामला दर्ज किया गया है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से ही रेलवे प्रशासन ने घटनास्थल पर राहत कार्य शुरू कर दिया है और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इस घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और वे घटना की निंदा कर रहे हैं। उन्होंने घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# 350 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को कांडी प्रखंड में विभिन्न विद्यालयों में कक्षा आठवीं में अध्ययरत लगभग 350 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कांडी प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष पिंकू पांडेय, कांडी बीडीओ राकेश सहाय व प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने बुधवार को प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत 110, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के 132, मध्य विद्यालय राणाडीह के 38, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहगाड़ा के 53 व मध्य विद्यालय बतो के चार दर्जन छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण कियझं मौके पर मध्य विद्यालय राणाडीह के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार पंडित, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के सहायक अध्यापक संतोष ठाकुर, अध्यक्ष करमू साह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।


साइकिल के साथ बच्चे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फरवरी से बंद है डिजिटल एक्स-रे सुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गत 10 फरवरी 2024 से डिजिटल एक्स-रे सुविधा बंद होने के कारण मरीज बाहर में पैसा देकर एक्स-रे कराने को विवश हैं। बताते चलें कि 2023 में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपये के डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाया गया था। 2 नवंबर 2023 को विधायक भानु प्रताप शाही ने इसका उद्घाटन किया था। जिससे अस्पताल में इलाज कराने वाले गरीब असहाय लोगो को सस्ते में एक्स-रे की व्यवस्था हो जाती थी, लेकिन संबंधित मशीन सप्लायर के द्वारा 10 फरवरी 2024 को लॉक कर दिए जाने के कारण एक्स-रे मशीन बंद है। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार ने मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के पश्चात अविलंब चालू कराने की बात कही थी। इस संबंध में अनुबंध ऑपरेटर दिलीप कुमार ने बताया कि मशीन को ऊपर से ही लॉक कर दिया गया है इसलिए एक्स-रे मशीन बंद है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीएस डॉ अशोक सिंह ने कहा कि टेक्निकल फॉल्ट हुआ है। दिसंबर में चालू कराया दिया जाएगा।


बंद पड़ा डिजिटल एक्स-रे मशीन।

### नीतीश जी ने बिहार को विकास के रास्ते पर लाने का काम किया है : मनीष वर्मा

**पटना।** बिहार के कैमूर में आज जदयू द्वारा आयोजित कार्यकर्ता समागम का आयोजन किया गया। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 के पहले के बिहार को याद करिए, यहां बाहुबलियों का शासन था, पूरा गुंडाराज फैला हुआ था, बच्चों और महिलाओं की हत्यायें सामान्य बात थी। नीतीश जी ने बिहार बिहार को गुंडा और माफिया राज से निकाल कर विकास के रास्ते पर लाने का काम किया है। मनीष वर्मा ने कहा कि प्रदेश में कब किसकी जान चली जाए, यह कल्पना नहीं की जा सकती थी। बिहार में किस प्रकार का जंगलराज था, यह किसी से छिपा नही है। बहन-बेटियां कितनी असुरक्षित थी, कोई अपने बच्चों को शाम को घर से बाहर नहीं छोड़ना चाहता था। ऐसी प्रतिकूल परिस्थिति से बिहार को निकालने के लिए समता पार्टी के गठन की आवश्यकता पड़ी और जब 2005 में नीतीश कुमार बिहार की गद्दी संभाले, तभी से बिहार का कायाकल्प प्रारंभ हुआ। आज वही बिहार है जहां हमारी बहन-बेटियां रात के 12 बजे भी निश्चिंत होकर बाहर घूम रहीं हैं, बिहार इतना सुरक्षित हुआ है। मनीष वर्मा ने कहा कि उस विषम परिस्थिति में कार्यकर्ताओं ने संघर्ष करके समता पार्टी को स्थापित किया। उस कठिन परिस्थिति से बिहार को निकाल कर विकासशील बिहार बनाने का काम जदयू के कार्यकर्ताओं के दम पर नीतीश कुमार ने किया है। कार्यकताओं के त्याग और बलिदान से ही आज बिहार का कायाकल्प हुआ है। कार्यकर्ता हमारा समाजसेवी है और समाजसेवी होना आसान काम नहीं है। उन्होंने कहा कि लगातार 19 सालों से नीतीश कुमार हमारा नेतृत्व कर रहे हैं और सरकार में रहकर बिहार के लिए लगातार विकास का काम कर रहे हैं, उनसे ही पूरे बिहार को उम्मीद है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव, 2025 के लिए अभी से कमर कस लीजिए, हर चौक, चौराहे पर नेता नीतीश कुमार के काम की चर्चा करिए। बूथ मैनेजमेंट कमेटी का गठन करिए, जिला, विधानसभा, प्रखंड व बूथ प्रत्येक इकाई की बैठक को नियमित करिए। ऐसा प्रचार करिए कि पूरा बिहार नीतीशमय हो जाए।



# मैथिली भाषियों के लिए हो अलग मिथिला राज्यः राबड़ी

एजेंसी

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता विरोधी दल राबड़ी देवी ने शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को मैथिलि भाषियों के लिए अलग मिथिला राज्य बनाने की वकालत की।

भाजपा विधानपरिषद सदस्य हरी सहनी ने सदन में मिथिला क्षेत्र को केंद्र की मोदी सरकार से बड़ी सौगात मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे तब मैथिलि भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। यह मिथिला और मैथिलि भाषियों को बहुत बड़ा सम्मान था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथिला को बड़ी सौगात दी है। मैथिलि में संविधान आया है। साथ ही इसके लोगों में मछली को जगह दी गई है। यह मिथिला का बड़ा सम्मान है। हरी सहनी ने इसे लेकर पीएम मोदी के प्रति धन्यवाद देने की बात कही।



इसी बीच नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने अचानक से कहा कि अभी केंद्र और राज्य दोनों जगह आपकी सरकार है। मैथिली भाषियों को चाहिए कि वे अपने लिए अलग राज्य की मांग स्वीकृत करा लें। उन्होंने तंज भरे अंदाज में यह टिप्पणी की। हालांकि, सदन से बाहर निकलने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए एक बार फिर से राबड़ी देवी ने इन्हीं बातों को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने कहा ही है कि मिलजुल कर मिथिला राज्य बना लेना चाहिए। राबड़ी ने अपनी बातों को दोहराते हुए केंद्र की मोदी, बिहार की नीतीश और भाजपा पर तंज कसा।

उल्लेखनीय है कि बिहार के दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, सीतामढ़ी में बहुत बड़ी संख्या में मैथिलि भाषी लोग रहते हैं। उनकी कई वर्षों से अलग मिथिला राज्य बनाने की मांग की जाती रही है। इस बीच अब राबड़ी देवी के बयान से इनको बल मिलने की उम्मीद है।

# एमजीसीयू का द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) का द्वितीय दीक्षांत समारोह अगामी 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उपस्थित होंगे।



कार्यक्रम का आयोजन मोतिहारी के राजा बाजार स्थित गांधी प्रेक्षागृह मे होगा। इसकी जानकारी देते एमजीसीयू जनसंपर्क अधिकारी शेफालिका मिश्ना ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ महेश शर्मा, कुलपति संजय श्रीवास्तव सहित शैक्षणिक तथा सार्वजनिक जीवन की कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहेंगे।

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक सफलता का उत्सव नहीं है, बल्कि यह वह क्षण है, जब हमारे छात्र दीक्षांत के बाद एक वैश्विक नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का एहसास करते हैं। एमजीसीयू में हम महात्मा गाँधी के सिद्धांत सत्य, सेवा और समर्पण से प्रेरित होकर कार्य कर रहे है।

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की मौजूदगी हमारे छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है, कि उक्त समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट पीएचडी कार्यक्रमों के छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। प्रत्येक विभाग के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार विस में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष का हंगामा

## विधानसभा अध्यक्ष ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर चर्चा से इंकार किया

- महागठबंधन ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया
- वक्फ की संपत्ति केंद्र सरकार हड़पना चाहती है

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद प्रश्न उत्तर काल कार्य स्थगन प्रस्ताव में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर चर्चा की मांग की गई लेकिन विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस विषय पर चर्चा से इंकार कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह मामला भारत सरकार से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसपर चर्चा से कोई मतलब यहां नहीं रह जाता। इसके बाद विपक्ष के विधायक सदन के अंदर हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार को तानाशाही सरकार बताया।

सदन की कार्यवाही से पहले आज विधानसभा परिसर में बैनर-पोस्टर लेकर महागठबंधन के विधायकों ने वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। राजद विधायक व मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम साहिन ने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार वापस ले। नीतीश कुमार इस पर चुप्पी तोड़ें। विधानसभा से खिलाफ में प्रस्ताव पारित करें। वक्फ की संपत्ति केंद्र सरकार हड़पना चाहती है। इसके बाद सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गई।




भोजनावकाश के बाद सदन में घोसी के माले विधायक राम बली सिंह यादव ने विधानसभा में सरकार से सवाल पूछा के खेतों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का वादा सरकार कबतक पूरा करेगी? राम बली सिंह यादव ने माधवपुर में खेतों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा सदन में उठाया। सरकार की तरफ से जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि पानी अभी भी जा रहा है। अस्थाई ह्यूम पाइप आउटलेट बनाया गया है, जिससे पानी पहुंचाया जा रहा है। सरकार इसको लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है कि जो नहरें हैं उसमें लाइनिंग का काम करा दिया जाए। नहरों को पक्का करा दिया जाए लेकिन उसमें अवरोध हो रहा है। उन्होंने माले विधायक से कहा कि वह आपका इलाका है, वहां सहयोग करिए कि खेतों के अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंचाया जा सके। मंत्री के जवाब देने के बाद माले विदायक ने कहा कि मंत्री को जिन अधिकारियों ने सूचना दी है कि पानी पहुंच रहा है, यह पूरी तरह से गलत है। वहां पानी जाने की शुरूआत ही नहीं हो सकी है, मंत्री इसकी जांच कराएंगे? तब मंत्री ने जबाव देते हुए कहा कि जब से विधायक काम शुरू करा देंगे और जहां तक जांच की बात है तो सरकार इसकी जांच कराएगी और जांच कमेटी में माले विधायक भी रहेंगे।

### बाल-विवाह मुक्त भारत के लिए लोगों ने शपथ ली

**दरभंगा।** बाल विवाह मुक्त देश बनाने के लिए बुधवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दरभंगा जिले के समाहरणालय परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजीव रौशन ने इस मौके पर कहा कि देश में बाल विवाह अभी भी एक बड़ी समस्या है। देश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आज से एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की जा रही है कबाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत देश को बाल विवाह से मुक्त कराने के लिए शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता को बालिकाओं के बीच बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा। बालिकाओं को सशक्त बनाकर ही विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### बिहार में शराबबंदी को सख्ती से लागू कराना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री

**भभुआ/पटना।** बिहार के मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने शराबबंदी कानून लागू कराने को सरकार की प्राथमिकता बताया और कहा कि राज्य में लागू शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करवाया जा रहा है। श्री सदा ने बुधवार को नशा मुक्ति दिवस के अवसर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शराबबंदी कानून को लागू करवाना सरकार की प्राथमिकता वाले कार्य की सूची में शामिल है। शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के लिए विभिन्न तरह के आधुनिक संसाधन विभाग को मुहैया कराए गए हैं।

# लेबनान में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच युद्ध विराम शुरू

**एजेंसी**

**बेरूत।** लंबी जद्दोजहद के बाद इजराइल और आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के युद्ध विराम पर सहमत होते ही लेबनान में लड़ाई थम गई। युद्ध विराम आधिकारिक तौर पर बुधवार तड़के चार बजे से प्रभावी हो गया। इस बीच भारत ने इजराइल और लेबनान के बीच में संघर्ष विराम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम हमेशा से तनातनी खत्म करने, संयम बरतने और बातचीत तथा राजनयिक कूटनीति अपनाने पर बल देते रहे हैं। हमें लगता है कि इस घटनाक्रम से क्षेत्र में शांति और स्थिरता आएगी। इसी के साथ लड़ाई के दौरान लेबनान से विस्थापित हजारों लोग स्वदेश लौटने के लिए तैयार हो गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस के संयुक्त बयान में युद्ध विराम लागू होने की पुष्टि की गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल और

## हजारों विस्थापित लौटने लगे स्वदेश



**»युद्धविराम का भारत ने किया स्वागत, कहा-क्षेत्र में आयेगी शांति व स्थिरता**

लेबनान के आतंकी समूह हिजबुल्लाह के बीच दशकों के इतिहास में अब तक के सबसे घातक युद्ध को समाप्त करने के लिए किया गया संघर्ष विराम आधिकारिक तौर पर बुधवार तड़के चार बजे प्रभावी हो गया। इसकी घोषणा होते ही दक्षिणी बेरुत के दहिया में पुनर्निर्माण का काम शुरू हो गया। हिजबुल्लाह का मुख्यालय दहिया में ही है। कभी घनी आबादी वाले दहिया में इस समय इक्का-दुक्का लोग ही रह रहे हैं। यहां से अक्टूबर में 52 वर्षीय मोहम्मद अवादा अपने दो बच्चों के साथ उत्तरी लेबनान के शहर त्रिपोली भाग गए थे। हमले में उनका अपार्टमेंट नष्ट हो गया था। युद्ध विराम की भनक मिलते ही उन्होंने कहा कि वह दहिया लौटेंगे और वहां नए सिरे जीवन शुरू करेंगे। इस बीच लेबनान की सेना ने विस्थापित नागरिकों से दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों में लौटने से पहले इजराइली सैनिकों के हटने का इंतजार करने का आह्वान किया है। साथ ही गैर-विस्फोटित आयुध के खतरों के बारे में भी चेताया है। लेबनान के अधिकारियों ने कहा कि संघर्ष विराम लागू होने के कुछ घंटों बाद विस्थापित परिवार दक्षिणी और पूर्वी लेबनान लौटने लगे। लेबनान में इस समय संयुक्त राष्ट्र अंतरिम शांति सेना के 10 हजार जवान मौजूद हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता अविचाई अड्राई ने कहा कि संघर्ष विराम की शर्तों के अनुसार देश के सैनिक दक्षिणी लेबनान मौजूद हैं। एड्राई ने लेबनान के विस्थापितों को चेतावनी दी कि वे तुरंत वापस नहीं जाएं। सुरक्षित आवाजाही के संकेत मिलते ही सूचित किया जाएगा। लेबनान के समाचार पत्र द नेशनल के अनुसार, इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच सालभर से अधिक समय तक चली लड़ाई के बाद लेबनान में युद्ध विराम लागू हो गया है। युद्ध विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाशिंगटन में की। अमेरिका और फ्रांस ने युद्ध विराम की शर्तों और अपेक्षाओं को रेखांकित किया है।

### लेबनान में नहीं बजा हमले का सायरन

इस युद्ध विराम से इजराइल में स्थिति अपेक्षाकृत शांत दिखाई दी। आधीरात के बाद से लेबनान में कोई नया हवाई हमले का सायरन नहीं बजा है।

ताजा युद्ध विराम का उद्देश्य इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच एक साल से अधिक समय से चल रही लड़ाई को समाप्त करना है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइली सेना की बमबारी और जमीनी कार्रवाई में लगभग 3,800 लोग मारे गए हैं। दस लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

# आरक्षण के लिए धर्म परिवर्तन करना संविधान के साथ धोखा

## ईसाई धर्म अपनाया, अब नौकरी के लिए हिंदू होने का दावा सही नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण का लाभ पाने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति आर. महादेवन ने सी. सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर को यह फैसला सुनाया तथा मद्रास हाई कोर्ट के 24 जनवरी के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था। न्यायमूर्ति महादेवन ने पीठ के लिए 21 पृष्ठ का फैसला लिखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को

**महिला को अनुसूचित जाति का दर्जा देना आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा : शीर्ष अदालत**



तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों, धर्म और आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। उन्होंने कहा कि अगर धर्म परिवर्तन का मुख्य मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने के बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत मंशा रखने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक लोकाचार को ही क्षति पहुंचेगी। पीठ के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य से स्पष्टतया पता चलता है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती थी तथा नियमित रूप से गिरजाघर में जाकर सक्रिय रूप से इस धर्म का पालन करती थी। पीठ ने कहा कि इसके बावजूद वह हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति समुदाय का प्रमाण-पत्र मांगती है। पीठ ने कहा कि इस तरह का दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान बनाए नहीं रख सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि महिला ईसाई धर्म में आस्था रखती है और महज नौकरी में आरक्षण का लाभ उठाने के उद्देश्य से वह हिंदुत्व का अब तक पालन करने का दावा करती है। ऐसे में महिला को अनुसूचित जाति का दर्जा प्रदान करना आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा और संविधान के साथ धोखाधड़ी होगी। शीर्ष अदालत ने रेखांकित किया कि केवल आरक्षण का लाभ पाने के लिए अपनाए गए धर्म में वास्तविक आस्था के बिना धर्म परिवर्तन करना आरक्षण नीति के मौलिक सामाजिक उद्देश्यों को कमजोर करता है और महिला का कार्य हाशिये पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से आरक्षण नीतियों की भावना के विपरीत है। हिंदू पिता और ईसाई माता की संतान सेल्वरानी को जन्म के कुछ समय बाद ही ईसाई धर्म की दीक्षा दी गई थी, लेकिन बाद में उन्होंने हिंदू होने का दावा किया और 2015 में पुडुचेरी में उच्च श्रेणी लिपिक के पद पर आवेदन करने के लिए अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र मांगा। सेल्वरानी के पिता वल्लुवन जाति से थे, जो अनुसूचित जाति में शामिल है और उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था, जिसकी पुष्टि दस्तावेजी साक्ष्यों से हो चुकी है।

# अन्नपूर्णा देवी ने की बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत

**महिला एवं बाल विकास मंत्री ने हर बेटी को सशक्त बनाने का किया आह्वान**



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की। बाल विवाह के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत ऑनलाइन पोर्टल का लोकार्पण किया। विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा और इस सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने में अपना योगदान देना होगा। देश की हर बेटी को सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत के प्रति अपने योगदान की प्रतिज्ञा ली।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज देश के लिंगानुपात दर में सुधार आया है। साल 2014-15 में देश में प्रति एक हजार पुरुष के मुकाबले महिलाओं का लिंगानुपात 918 था जो 2023-24 में बढ़कर 930 हो गया है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के विवाह पर सख्त प्रतिबंध है। इसका उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछले साल एक लाख से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। बाल विवाह दरों में वैश्विक कमी में भारत के योगदान को संयुक्त राष्ट्र ने मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हमारी बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। लैंगिक समानता को प्राथमिकता देने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हमारी सरकार लड़कियों की शिक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण का समर्थन देने की योजना को जारी रखे हुए है। अभियान का शुभारंभ केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह बाल विवाह को मिटाने और हमारे देश की हर बेटी को सशक्त बनाने का एक मिशन है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर लड़की शिक्षित, सुरक्षित और अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र हो।



लोकसभा के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर को श्रद्धांजलि देते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी व अन्य।

# वृहद और भव्य होगा महाकुंभ : योगी

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाकुंभ की तैयारियों को गति देते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता मित्रों व गंगा सेवादूतों के लिए 237.38 करोड़ के उपकरण व विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। सीएम योगी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज के दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ हम सबको जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वेणीमाधव भगवान व मां गंगा ने हम सबको ये अवसर दिया है कि हम सभी मिलकर इस भव्य और दिव्य आयोजन में सहभागी बनकर देश और दुनिया से आने वाले

**दुनिया के मंचों पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप छोड़ेगा महाकुंभ : सीएम**

करोड़ों श्रद्धालुओं को प्रयागराज की महत्ता के बारे में बताएं। इस पौराणिक और दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम के माध्यम से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश और भारत की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की छाप दुनिया के मंचों पर देगा। इस आयोजन से जुड़ने का सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है तो यह जरूर पूर्वजन्मों के पुण्यों का ही प्रताप है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक इस आयोजन के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद आप सभी का अभिनंदन करने फिर यहां आएंगे। 2019 में स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का



प्रतिबिम्ब बना था कुम्भ योगी ने कहा कि दिव्य, भव्य और डिजिटल कुम्भ की परिकल्पना साकार करने के लिए प्रयागराज महाकुम्भ आयोजन की नींव स्वच्छताकर्मी, सफाईकर्मी, नाविक और इस पूरे अभियान से जुड़े जितने भी कार्मिक हैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। प्रयागराज का कुंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मार्गदर्शन में पूरे देश और दुनिया में प्रयागराज को एक वैश्विक छवि के रूप में स्थापित करने में सफल रहा है।

### संभल हिंसा में शामिल पत्थरबाजों के चौराहों पर लगेंगे पोस्टर

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा के बाद कड़ा रुख अपनाया है। सरकार ने ऐलान किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पत्थरबाजों और हिंसा में शामिल आरोपियों के पोस्टर लगाए जाएंगे ताकि उनकी पहचान जनता के बीच उजागर हो और उन्हें पकड़ने में मदद मिले। संभल में 24 नवंबर को मस्जिद का सर्वे करने गई टीम पर एक समुदाय विशेष से जुड़े उपद्रवियों की भीड़ एकत्र हो गयी थी। सर्वे करने वाली टीम, अधिवक्ता और पुलिस बल पर पत्थरबाजी शुरू कर दी थी।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 230 अंक उछला

## निवेशकों की संपत्ति पौने पांच लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**एजेंसी**

**मुंबई।** अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के अडानी समूह के निदेशकों गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और वरिष्ठ अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के कोई रिश्वतखोरी का आरोप नहीं होने के स्पष्टीकरण के बाद यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज, इंडस्ट्रियल्स और दूरसंचार समेत अठारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार में तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 230.02 अंक उछलकर 80,234.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 80.40 अंक चढ़कर 24,274.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत मजबूत होकर 45,957.59 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रशित की छलांग लगाकर 54,560.93 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई तेजी

**अडानी की कंपनियों के शेयर करीब 20 प्रतिशत तक चढ़ा**

के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.57 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 439.75 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.82 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4040 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2593 में लिवाली जबकि 1338 में बिकवाली हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों में तेजी



जबकि 25 अन्य कंपनियों में गिरावट रही। एजीईएल ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि अडानी समूह के निदेशक गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और वरिष्ठ अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी डीओजे द्वारा कोई रिश्वतखोरी का आरोप नहीं है। इसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयर करीब 20 प्रतिशत तक चढ़ गए। इससे बाजार को बल मिला और बीएसई के 18 समूहों में तेजी आ गई। इस दौरान यूटिलिटीज 3.11, पावर 2.74, कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.50, इंडस्ट्रियल्स 1.35, दूरसंचार 1.17, ऑटो 0.43, कैपिटल गुड्स 1.13, तेल एवं गैस 0.86 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.17, हांगकांग का हैंगसेंग 2.32 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.53 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.52 और जापान के निक्केई में 0.80 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 117 अंक की तेजी के साथ 80,121.03 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,844.49 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 80,511.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,004.06 अंक के मुकाबले 0.29 प्रतिशत चढ़कर 80,234.08 अंक हो गया।

### 10 वें दौर में नौ कोयला खदानों की हुई नीलामी

**नयी दिल्ली।** वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 10वें दौर में नौ खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी हुई है। इनमें तीन पूरी तरह से खोजी गई कोयला खदानें हैं, जबकि छह आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानें हैं। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि 21 जून, 2024 को वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला खदानों की नीलामी का 10वां दौर शुरू किया गया। नौ कोयला खदानों की नीलामी की गई है, जिनमें तीन पूरी तरह से खोजी गई खदानें और छह आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानें हैं। इन नौ खदानों में करीब 3,998.73 मिलियन टन का संयुक्त भूगर्भीय भंडार है।


10वें दौर में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें 17.44 फीसदी का औसत राजस्व हिस्सा हासिल हुआ। मंत्रालय के मुताबिक आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों को छोड़कर इन कोयला खदानों की संचयी अधिकतम निर्धारित क्षमता (पीआरसी) 14.10 एमटीपीए है।

## स्पीड न्यूज

### उप्र : सड़क हादसे में तीन डॉक्टरों समेत पांच लोगों की मौत

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह करीब 3.45 बजे हुए सड़क हादसे में तीन डॉक्टरों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। सभी पांचों लोग सैफई मेडिकल कॉलेज में पदस्थ थे। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसे सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मृतकों की पहचान आगरा निवासी डॉ. अनिरुद्ध वर्मा (29), कन्नौज निवासी डॉ. अरुण कुमार, डॉ. नरेंद्र देव, लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार और स्टोरकीपर राकेश कुमार के रूप में हुई है।

### अदिति हैदरी और सिद्धार्थ ने की दूसरी बार शादी



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी और साउथ एक्टर सिद्धार्थ ने सितंबर में कुछ लोगों की मौजूदगी में तेलंगाना के श्रीरंगनायकस्वामी मंदिर में शादी की थी। अदिति और सिद्धार्थ ने फिर शादी की है। दोनों ने राजस्थान में दूसरी शादी की है। हैदरी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी दूसरी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अदिति लाल लहंगा पहने नजर आ रही हैं। इसके ऊपर उन्होंने ज्वैलरी पहनी हुई है। इस लुक में अदिति बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं सिद्धार्थ ने पर्ल कलर की शेरवानी पहनी हुई है। इसके ऊपर मोतियों का हार पहना हुआ है।

### प्रियंका गांधी आज लेंगी संसद की शपथ

**नयी दिल्ली।** केरल की वायनाड संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगी। श्रीमती वाड्रा के साथ ही महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले रवींद्र चौहान भी लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे।

### जालंधर में बिश्नोई गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में कमिश्नर पुलिस ने गोलीबारी के बाद कुख्यात बिश्नोई गैंग के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने संदिग्धों से तीन हथियार और कई कारतूस बरामद किए।

### सीआइएसएफ ने लांच किया ई-सर्विस बुक पोर्टल

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार की राष्ट्रीय डिजिटल इंडिया पहल के हिस्से के रूप में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने बुधवार को अपनी ई-सर्विस बुक पोर्टल लांच किया। इस नई पहल को अपने सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए पेंशन प्रक्रिया प्रणाली को सुव्यवस्थित और तीव्र करने के लिए बनाया गया है। इसका सीधा लाभ प्रतिवर्ष सेवानिवृत्त होने वाले लगभग 2400 कर्मियों को मिलेगा।

### भ्रष्टाचार मामले में खालिदा जिया बरी

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार को देश के उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया को चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया, जिसमें उन्हें 29 अक्टूबर, 2018 को निचली अदालत ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने बुधवार को निचली अदालत के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें श्रीमती जिया और दो अन्य को मामले में सजा सुनाई गई थी।

